www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

मंगलवार
23 जुलाई 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 175, 18 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.25 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण



कमला हैरिस बोलीं, वह राष्ट्रपति प्रत्याशी के लिए नाम प्रस्तावित करने से अभिभूत हैं P-15




**सुप्रीम फैसला: कांवड़ मार्गों की दुकानों पर नाम लिखने के मामले में कोर्ट ने जवाब मांगा**

# नेम प्लेट के आदेश पर रोक

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कांवड़ मार्ग पर खानपान और फलों की दुकानों पर मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के लिए जारी निर्देशों पर फिलहाल रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि भोजनालय यह बता सकते हैं कि वे किस प्रकार का भोजन (शाकाहारी या मांसाहारी) परोस रहे हैं।

**मजबूर नहीं किया जा सकता:** न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और एसवीएन भट्टी की पीठ ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मध्य प्रदेश सरकार को इसलिए नोटिस जारी किया गया क्योंकि उज्जैन नगर निगम ने भी ऐसा निर्देश जारी किया है। पीठ ने कहा कि कहा कि वह उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के निर्देशों पर रोक लगाने के लिए अंतरिम आदेश पारित करना उचित समझती है। जस्टिस रॉय ने कहा कि खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को नाम या पहचान प्रदर्शित करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

**धार्मिक विभाजन बढ़ेगा :** पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में याचिकाकर्ता महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि क्या इस मामले में कोई औपचारिक आदेश पारित किया गया है। इस पर सिंघवी ने कहा कि इस संबंध में 'परोक्ष' आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि पुलिस अधिकारियों ने धार्मिक विभाजन पैदा करने का बीड़ा उठा लिया है।




सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद सोमवार को सहारनपुर में ढाबे से बोर्ड हटाता कर्मचारी। • हिन्दुस्तान

**03** याचिकाएं दायर कर नेम प्लेट के आदेश को चुनौती दी थी

**05** हजार रुपये तक जुर्माना लगाने की बात कोर्ट को बताई

### अदालत ने क्या कहा

1. भोजनालयों के लिए यह प्रदर्शित करना आवश्यक किया जा सकता है कि वे शाकाहारी भोजन परोस रहे हैं या मांसाहारी।
2. खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को नाम या पहचान प्रदर्शित करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

### आदेश के विरुद्ध याचिकाएं

शीर्ष अदालत में एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, प्रसिद्ध राजनीतिक टिप्पणीकार अपूर्वानंद झा, स्तंभकार आकार पटेल व अन्य ने तीन याचिकाएं दायर कर नाम प्रदर्शित करने के निर्देशों को चुनौती दी गई है।

**एकाधिकार के प्रभाव होने की संभावना :** सिंघवी ने कहा कि इस तरह के निर्देशों से मालिकों की पहचान हो जाएगी और उनका आर्थिक बहिष्कार हो जाएगा। इससे एकाधिकार का प्रभाव होने की प्रबल संभावना है।

**ऐसा पहले नहीं हुआ :** सिंघवी ने कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं किया गया। कानून पुलिस को ऐसा करने का अधिकार नहीं देता।

**पहले से सख्त कानून :** याचिकाकर्ता की ओर से पीठ को बताया गया कि कांवड़ियों को मांसाहारी भोजन परोसने से रोकने के लिए पहले से सख्त कानून का प्रावधान मौजूद हैं।

**कई अल्पसंख्यकों की नौकरी चली गई :** सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि इस निर्देश के चलते अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों की नौकरियां चली गई हैं, जो कि संविधान के अनुच्छेद 19(1)(जी) का उल्लंघन है।

**पुलिस ने औपचारिक आदेश जारी किया :** वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने बताया कि इन निर्देशों को औपचारिक आदेश माना जा सकता है क्योंकि इन्हें मुजफ्फरनगर पुलिस की मुहर के तहत सार्वजनिक नोटिस के रूप में जारी किया गया है।

शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।

**जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया :** वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने खबरों का हवाला देते हुए कहा कि नाम लिखने के निर्देश का पालन नहीं करने पर 2000 से 5000 रुपये तक जुर्माना का प्रावधान किया गया है। पीठ को बताया गया कि अलीगढ़ नगर निगम और अन्य जिलों द्वारा भी इसी तरह के निर्देश जारी किए गए हैं।

› हटने लगे नाम P14

# नीट के एक सवाल पर विवाद, कोर्ट ने आईआईटी से राय मांगी

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। शीर्ष अदालत ने नीट में पूछे गए एक सवाल का सही जवाब तलाशने के लिए सोमवार को आईआईटी दिल्ली के निदेशक को तीन विशेषज्ञों की समिति गठित करने को कहा है। अदालत ने समिति को मंगलवार दोपहर 12 बजे तक सही जवाब के बारे में रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। मंगलवार को भी मामले की सुनवाई जारी रहेगी।

नीट-यूजी में अनियमितता के आरोपों से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 720 में से 711 अंक पाने वाली छात्रा की ओर से पेश दलीलों पर संज्ञान लेते हुए आईआईटी को आदेश दिया। पीठ को बताया गया कि परीक्षा में 'परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे और परीक्षार्थियों के एक समूह, जिन्होंने दो सही उत्तरों में से एक विशेष उत्तर दिया था, उन्हें चार अंक दिए गए।

याचिकाकर्ता वंशिका यादव की ओर से पीठ को बताया गया कि एनटीए द्वारा जारी मानकों के हिसाब से सही उत्तर चुनने पर सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेधा सूची पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। इसके बाद पीठ ने आईआईटी दिल्ली के निदेशक को समिति बनाने और मंगलवार दोपहर 12 बजे तक सही जवाब की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष पेश करने को कहा है।

› एक दिन पहले पेपर लीक P14

## धर्मेंद्र प्रधान की राहुल और अखिलेश से नोकझोंक



बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को नीट पर लोकसभा में बोलते केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव। • एजेंसी

- राहुल ने भारतीय परीक्षा प्रणाली को फ्रॉड बताया
- प्रधान बोले, इस प्रणाली को बकवास कहना दुर्भाग्यपूर्ण
- अखिलेश बोले, शिक्षा मंत्री के रहते न्याय नहीं मिलेगा

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा में नीट मुद्दे पर जोरदार हंगामा हुआ। लोकसभा में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच नीट मुद्दे पर तीखी नोकझोंक हुई।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय परीक्षा प्रणाली फ्रॉड है। उन्होंने नीट में कथित अनियमितता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि करोड़ों छात्र बेहद चिंतित हैं। छात्रों को इस बात का यकीन हो गया है कि जिसके पास पैसा है, वह पूरी प्रणाली को खरीद सकता है। यही भावना विपक्ष की है। अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षा मंत्री के रहते छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का परीक्षा प्रणाली को बकवास कहना दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्ष ने सात साल में 70 पेपर लीक का आरोप लगाया। इसपर सरकार ने कहा कि सात वर्षों में पेपर लीक का कोई सबूत नहीं है। विपक्ष के इस्तीफे की मांग को खारिज करते हुए प्रधान ने कहा कि उन्हें किसी से प्रमाणपत्र नहीं चाहिए। › खामी पर तकरार P06

# बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा

**जवाब**

- केंद्र ने पुरानी रिपोर्ट का हवाला देकर इनकार किया
- लोकसभा और राज्यसभा में उठाई गई थी मांग

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। मानसून सत्र के पहले दिन ही संसद में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा एवं विशेष पैकेज देने की मांग उठी। लोकसभा में जहां एक प्रश्न के जरिए यह मुद्दा उठाया गया, वहीं राज्यसभा में राजद के मनोज झा ने इसकी मांग की। हालांकि, सरकार ने एक पुरानी रिपोर्ट का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई मामला नहीं बनता है।

लोकसभा में जद(यू) के सदस्य रामप्रीत मंडल ने प्रश्न किया कि क्या सरकार का आर्थिक विकास और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए बिहार राज्य और अन्य अत्यधिक पिछड़े राज्यों को विशेष दर्जा प्रदान करने का विचार है। इसके लिखित उत्तर में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि पूर्व में विशेष श्रेणी के दर्जे के बिहार के अनुरोध पर एक अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) द्वारा विचार किया गया था। आईएमजी ने यह निष्कर्ष निकाला था कि राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) के मौजूदा मानदंडों के आधार पर बिहार के लिए विशेष श्रेणी के दर्जे का मामला नहीं बनता है। तब केंद्र में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार थी।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि अतीत में एनडीसी ने कुछ राज्यों को विशेष श्रेणी का दर्जा दिया है। इन राज्यों में कुछ ऐसी विशेषताएं थीं जिन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत थी।

रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में भी भाजपा की सहयोगी पार्टियों सहित बिहार के कुछ दलों ने राज्य को विशेष दर्जा दिए जाने की मांग उठाई थी।

› जदयू को घेरा P14

## सैन्य चौकी पर हमले की कोशिश नाकाम

राजौरी/जम्मू, एजेंसी। सेना ने सोमवार सुबह राजौरी जिले में एक सुरक्षा चौकी और एक ग्राम रक्षा गार्ड के घर पर हुए आतंकी हमले को नाकाम कर दिया। इस दौरान एक नागरिक और सैनिक घायल हो गए। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया। सेना के अनुसार, आतंकियों ने राजौरी में तड़के 3.10 बजे ग्राम रक्षा गार्ड के घर पर हमला किया। इसके बाद सेना ने एक सैन्य चौकी पर हमला को नाकाम कर दिया।

## पूर्व मंत्री टेनी के बेटे आशीष को जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने खीरी हिंसा मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी के बेटे आशीष मिश्रा को सोमवार को जमानत दे दी। अदालत ने पिछले साल 25 जनवरी आशीष को अंतरिम जमानत दी थी। इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गई थी। अदालत ने चार आरोपी किसानों को भी जमानत दे दी। पीठ ने कहा कि 117 गवाहों में से अब तक सिर्फ सात से पूछताछ की गई है।

# दुर्घटना: युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग लगी, एक नाविक लापता

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी। मुंबई डॉकयार्ड में नौसेना के युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग लगने के बाद से एक नाविक लापता है। मरम्मत के लिए डॉकयार्ड लाए गए युद्धपोत में रविवार की शाम को आग लग गई थी।

अधिकारियों ने बताया, सोमवार सुबह तक आग पर काबू पा लिया गया था। उन्होंने कहा, घटना में अन्य कर्मी बचा लिए गए पर एक नाविक का कुछ पता नहीं चल सका है। नौसेना ने दुर्घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

नौसेना ने बताया कि आग की घटना के बाद जहाज एक तरफ झुकने लगा। तमाम कोशिशों के बावजूद जहाज को सीधा नहीं किया जा सका। जहाज फिलहाल एक तरफ टिका हुआ है। आईएनएस ब्रह्मपुत्र एक मल्टी-रोल फ्रिगेट है, जो आधुनिक हथियारों से लैस है।



आग लगने के बाद एक ओर झुका नौसेना का युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र। • एजेंसी

**नौसेना प्रमुख ने राजनाथ को जानकारी दी :** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में लगी आग की जानकारी दी। राजनाथ सिंह के कार्यालय ने एक्स पर कहा, एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने राजनाथ सिंह को आईएनएस ब्रह्मपुत्र पर आग लगने और घटना से हुए नुकसान से अवगत कराया है। इसमें कहा गया कि रक्षा मंत्री ने लापता नाविक की सुरक्षा के लिए प्रार्थना की।

## प्रमुख पांच

### बीएसएफ ने वापसी के लिए खोली सहायता डेस्क

**1** बीएसएफ ने हिंसाग्रस्त बांग्लादेश से छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए भारत-बांग्लादेश सीमा पर विशेष सहायता डेस्क स्थापित किए हैं। छात्रों की सुरक्षित निकासी के लिए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के संपर्क में है। P15

### गाजा के एक हिस्से को खाली करने का आदेश

**2** इजरायली सेना ने सोमवार को गाजा पट्टी में उस हिस्से को खाली करने का आदेश दिया जिसे उसने मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। P15

### डीटीसी बस मेट्रो पिलर से भिड़ी, महिला की मौत

**3** पंजाबीबाग में डीटीसी इलेक्ट्रिक बस मेट्रो के पिलर से टकरा गई। दुर्घटना में 24 यात्री घायल हो गए, जबकि एक महिला की मौत हो गई। P04

### दस उपद्रवियों के घरों पर चला बुलडोजर

**4** बरेली के गौसगंज गांव में बवाल के मास्टरमाइंड समेत दस आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया। वहीं बड़ी तादाद में फोर्स तैनात की गई है। P08

### लोकसेवा आयोग पर बना रहे विश्वास

**5** संघ लोक सेवा आयोग व प्रदेश आयोगों ने दशकों तक बेहतरीन काम किया, पर बीते कुछ वर्षों में जो आरोप लगे, उनसे आम जन का विश्वास डगमगा गया है।

विभूति नारायण राय P10

**अंदर**



दिल्ली में सोमवार को हुई बारिश ने एक ओर उमस से राहत दी तो वहीं जाम और जलभराव के कारण परेशानी का सामना करना....P03



गंगोत्री और नीलकंठ मार्ग बंद होने से कांवड़िए घंटों फंसे रहे। मलबा से बंद ऋषिकेश-नीलकंठ मंदिर मार्ग पर लंबा जाम लग गया......P14



संसद सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विपक्ष ने हंगामा कर मेरी आवाज दबाने का प्रयास किया ......P06

**आर्थिक सर्वे | चालू वित्त वर्ष के लिए भी जीडीपी के सात फीसदी रहने का अनुमान, वित्तमंत्री सीतारमण बोलीं- चुनौतियों के बावजूद देश ने आर्थिक मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन किया**

# बेरोजगारी दर में गिरावट, विकास दर में तेजी आई

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। तमाम वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश ने आर्थिक मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन किया है। वहीं बेराजगारी दर में गिरावट आई है। कोरोना महामारी के बाद से जीडीपी 20 प्रतिशत अधिक हो गई है। लगातार तीसरे साल आर्थिक वृद्धि की रफ्तार सात फीसदी के पार रही। चालू वित्त वर्ष में जीडीपी दर 6.5 से 7 फीसदी तक रहने का अनुमान लगाया गया है।

बजट पेश करने से पहले सोमवार को संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट 2023-24 में यह देश की यह तस्वीर पेश की गई है।

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बीच बेहतर प्रदर्शन कर रही है। पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी। मौजूदा वित्त वर्ष में सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल की जा सकती है लेकिन यह इस बात पर निर्भर है कि मानसूनी बारिश कैसी होती है। इस वर्ष के लिए अनुमान जताते समय सतर्कता बरती गई है और वृद्धि दर बाजार की अपेक्षाओं से कम है। इस सतर्क रुख का कारण निजी क्षेत्र के निवेश की गति धीमी होना और असामान्य मौसम है।

› नए रोजगार जरूरी P13



**2020** के मुकाबले जीडीपी 20% से अधिक हुई

**8.2** फीसदी रही थी पिछले वित्तीय वर्ष में विकास दर

### इसलिए बढ़ीं उम्मीदें

1. अर्थव्यवस्था में गतिविधियां तेज, निजी पूंजीगत व्यय में तेजी आई
2. भारत में विदेशों से लिया गया कर्ज अनुपात काफी कम है।
3. महंगाई नियंत्रण में हैं और यह चार प्रतिशत के नीचे
4. माल तथा सेवा निर्यात में भी आगे वृद्धि होने की संभावना
5. मुक्त व्यापार समझौतों से देश का व्यापार घाटा कम होने की उम्मीद

### इन मोर्चों पर सफलता

1. युवा बेराजगारी दर पांच वर्ष में 17.8% से घटकर 10% पर आई।
2. घरेलू शेयर बाजारों में तेजी से भी निवेशक आकर्षित हुआ
3. पूंजी बाजार से बीते वर्ष 10.9 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए
4. सेवा क्षेत्र का निर्यात 4.9 प्रतिशत बढ़कर 341.1 अरब डॉलर हुआ
5. व्यापार घाटा 265 अरब डॉलर से घटकर 240 अरब डॉलर हुआ

### निर्यात और मांग में सुधार संभव

आर्थिक समीक्षा में मजबूत अर्थव्यवस्था वाले देशों में विकास के दम पर भारत से निर्यात बढ़ने की उम्मीद है। साथ ही सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी देखने को मिल सकती है।

### बेरोजगारी दर 3.2% पर आई

2022-23 में बेरोजगारी दर घटकर 3.2% रह गई। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार, (15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग में) युवा बेराजगारी दर 2017-18 के 17.8 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 10 प्रतिशत पर आ गई।

### तीन चुनौतियां भी

**1** भू-राजनीतिक संकट के चलते निर्यात के मोर्चे पर बढ़ सकती है चुनौती

**2** असामान्य मानसूनी बारिश से कृषि पर पड़ सकता है असर

**3** जंक फूड से लोगों के स्वास्थ्य पर असर, देश की आर्थिक क्षमता हो सकती है प्रभावित

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज बजट पेश करेंगी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को बजट पेश करेंगी। बजट पर सदन में चर्चा के लिए कुल 20 घंटे का समय आवंटित किया गया है। लोकसभा की कार्यमंत्रणा समिति ने सत्र के एजेंडा पर फैसला किया और कुछ सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की मांग की।

# किसान 15 अगस्त को ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे

- किसानों से खनौरी, शंभू प्वाइंट पहुंचने की अपील
- एमएसपी की कानूनी गारंटी मांग रहे किसान

नई दिल्ली, एजेंसी। फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर किसान 15 अगस्त को देशभर में ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे। इससे पहले एक अगस्त को देशभर के जिला मुख्यालयों पर मार्च भी करेंगे और भाजपा के पुतले जलाएंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने सोमवार को यह घोषणा की। राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन में किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च 31 अगस्त को 200 दिन पूरा कर लेगा। उन्होंने लोगों से पंजाब और हरियाणा सीमा पर स्थित क्रमशः खनौरी और शंभू प्वाइंट पर पहुंचने की अपील की। इन दोनों संगठनों के नेतृत्व में पंजाब के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर 13 फरवरी को 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू किया, लेकिन हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद किसान शंभू और खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं। किसान नेता अभिमन्यु कोहर ने कहा कि जब भी सीमाएं खुलेंगी, हम दिल्ली की ओर बढ़ेंगे। सीमाएं सील करने का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है।

# दिल्लीवालों को तेज रफ्तार से विकास की आस

मोदी सरकार-3.0 के पहले आम बजट पर दिल्लीवालों की नजर टिकी हुई है। उन्हें आस है कि इस बार राजधानी के विकास की रफ्तार और तेज हो सकती है। उम्मीद जताई कि सार्वजनिक परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि क्षेत्रों में भी पिछले वर्षों की अपेक्षा इस बार ज्यादा बजट का आवंटन किया जाएगा...



सराय काले खां और मयूर विहार के बीच निर्माणाधीन बारापुला फ्लाईओवर। इसके बनने से यमुना पार से दक्षिणी दिल्ली का सफर आसान होने की उम्मीद है। • सलमान अली

2023-24 के बजट में दिल्ली के लिए ये घोषणाएं हुईं




## कई बड़े अस्पतालों को बूस्टर डोज का इंतजार

**स्वास्थ्य**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दिल्ली के कई अस्पतालों को बूस्टर डोज का इंतजार है। एम्स समेत दिल्ली के अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए फंड दिए जाने की उम्मीद की जा रही है।

बीते साल एम्स के बजट में कटौती की गई थी, लेकिन सफदरजंग और राममनोहर लोहिया अस्पताल समेत कई अन्य अस्पतालों के बजट में अच्छी बढ़ोतरी हुई थी। दरअसल, दिल्ली-एनसीआर में आबादी बढ़ने के साथ-साथ दिल्ली के एम्स, राम मनोहर लोहिया, सुचेता कृपलानी अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की तादाद भी बढ़ रही है। लोगों को मुफ्त और बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के संकल्प को पूरा करने के लिए इन अस्पतालों में अब संसाधनों को बढ़ाए जाने का दबाव बनने लगा है।

ऐसे में केंद्र सरकार से इन अस्पतालों को बड़ा बजट मिलने की उम्मीद है। बीते साल केंद्र सरकार ने बजट में एम्स के लिए आवंटित किए गए फंड में 55.33 करोड़ की कटौती कर दी थी। वर्ष 2022 में एम्स को 4,190 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, वहीं 2023 में इसे घटाकर 4134.67 करोड़ रुपये कर दिया गया था। सफदरजंग, राममनोहर लोहिया और सुचेता कृपलानी अस्पताल में संसाधन बढ़ाने के लिए इनके बजट में 58 से 150 करोड़ से ज्यादा की बढ़ोतरी की गई थी।

## मेट्रो के बाद नमो भारत के संचालन पर टिकी नजर

**यातायात**

**नई दिल्ली।** बजट में सार्वजनिक परिवहन, अस्पताल, रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं के विस्तार की दिशा में घोषणाएं हो सकती हैं। दिल्ली से मेरठ के बीच नमो भारत ट्रेन अगले साल तक संचालित हो जाएगी।

बजट में इसके लिए बीते वर्षों में लगातार प्रावधान किया गया है। दिल्ली से गुरुग्राम-धारुहेड़ा तक अगले चरण में नमो भारत चलनी है। इस बार बजट में इस ट्रैक के लिए धनराशि आवंटित किए जाने की उम्मीद है। नमो भारत के दो नए ट्रैक पर काम शुरू होना है। इनमे एक दिल्ली-धारुहेड़ा और दूसरा दिल्ली-पानीपत है। दोनों ट्रैक हरियाणा के लिए महत्वपूर्ण हैं। हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के शहरी विकास मंत्री बनने के बाद इन प्रोजेक्ट में तेजी आने की उम्मीद है। केंद्र सरकार मेट्रो फेज चार के लिए भी बजट में धनराशि का आवंटन कर सकती है।

## मूलभूत सुविधाओं के लिए निगम ने दस हजार करोड़ रुपये मांगे

**नगर निगम**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दिल्ली नगर निगम में विभिन्न समितियों के गठन नहीं होने से विकास कार्य में बाधा आ रही है।

इसके कारण अब विभागों को नए प्रोजेक्ट की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को तैयार करने में भी समस्याएं खड़ी हो रही हैं। इन सब परेशानियों के बीच निगम को आम बजट से काफी उम्मीदें हैं। इस वर्ष निगम ने केंद्र सरकार से 10 हजार करोड़ रुपये जारी करने की मांग की है। महापौर ने इस संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र भी लिखा है।

**अधिक फंड से नए परियोजना के कार्यों में आएगी तेजी :** निगम के निर्माण समिति के पूर्व अध्यक्ष जगदीश ममगई ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान एक योजना के तहत निगम को लगभग एक हजार करोड़ रुपये आवंटित हुए थे। केंद्र सरकार ने निगम को अपने अंतर्गत ले लिया है।

## व्यापारी बोले- आर्थिक स्थिति बेहतर हो

**कारोबार**

> व्यापारियों को इस बजट से बहुत उम्मीदें हैं। खासतौर से जीएसटी सरलीकरण और टैक्स की दरों में कमी की उम्मीद की जा रही है, ताकि वस्तुओं की कीमतें कम हो और महंगाई से भी लोगों को राहत मिल सके। इसके साथ ही बाजारों के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए विशेष बजट की घोषणा की जानी चाहिए।
>
> – **नितिन गुप्ता**, अध्यक्ष, कमला नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** आम बजट से व्यापारियों को कई उम्मीदें हैं। व्यापारियों का कहना है कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों और व्यापारिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए सरकार इस बार जीएसटी में भी राहत दे सकती है। इसके अलावा व्यापारियों ने स्मार्ट सिटी बनाए जाने की तर्ज पर बाजारों के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

व्यापारियों का कहना है कि दिल्ली के बाजारों का इंफ्रास्ट्रक्चर पुराना हो गया है। कई बाजार ऐसे हैं जहां आजादी से पहले की इमारतें और अन्य संसाधन हैं। उनका कहना है कि जिस तरह से देश में स्मार्ट सिटी बनाने के लिए अतिरिक्त फंड आवंटित किया गया, उसी तरह इन पुराने बाजारों को सुंदर और बेहतर सुविधा देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए अतिरिक्त फंड दिया जाना चाहिए। व्यापारियों ने मांग की है कि महंगाई को कम करने और व्यापारियों और उपभोक्ताओं के हित के लिए कपड़ों, विभिन्न खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी दरों को कम किया जाना चाहिए। इससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक भार कम होगा और व्यापार में बढ़ोतरी होगी। छोटे और मझोले व्यापारियों को राहत देने के लिए जीएसटी का सरलीकरण किया जाना चाहिए।

## यातायात प्रबंधन सबसे बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी में दिल्ली पुलिस के तकनीकी विकास और ट्रैफिक सिस्टम को विकसित करने में बजट रफ्तार दे सकता है। दरअसल, दिल्ली पुलिस के कुल बजट में तकनीक के इस्तेमाल के लिए भी रकम आवंटित किए जाते हैं। दिल्ली पुलिस के लिए यातायात प्रबंधन बड़ी चुनौती है।

इस दिशा में पुलिस लगातार काम भी कर रही है। इस बार के बजट से ट्रैफिक नेटवर्क विकसित करने, मॉडल ट्रैफिक सिस्टम बनाने, कम्युनिकेशन नेटवर्क सिस्टम को बेहतर करने सहित ट्रैफिक से जुड़े अन्य सुधारात्मक कदम को बल मिल सकता है।

## छात्रों ने कहा- छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी हो तो राहत मिले

**शिक्षा**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी के शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षकों, छात्रों और शोधार्थियों को केंद्रीय आम बजट से काफी उम्मीदें हैं। विश्वविद्यालयों के छात्रों का कहना है कि हमें उम्मीद है कि सरकार छात्रवृत्तियों में वृद्धि करेगी। साथ ही इसकी संख्या में भी बढोतरी हो सकती है।

जवाहर लाल नेहरू छात्र संघ के अध्यक्ष धनंजय ने बताया कि हम सरकार से विश्वविद्यालय की मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोतरी की लगातार मांग करते आ रहे हैं। हमें उम्मीद है कि सरकार उन मांगों पर ध्यान देगी। विश्वविद्यालय हॉस्टल, लाइब्रेरी और शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है। हजारों की संख्या में छात्र राजधानी के विश्वविद्यालयों में दाखिला लेते हैं, लेकिन उनके लिए आवास नहीं है। शिक्षा महंगी हो गई है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के एक अधिकारी का कहना है कि सरकार ने मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए विगत वर्ष 105 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की थी।

## 'रेल यात्रा के लिए कंफर्म टिकट चाहिए'

**नई दिल्ली।** देश के बजट से रेल यात्रियों को उम्मीद है कि उन्हें सफर के लिए कन्फर्म टिकट मिलेगी।

इसके अलावा लोकल गाड़ियों को समय से चलाया जाए, ताकि एक आम यात्री का सफर भी समय से पूरा हो सके। दैनिक यात्री संघ पालम के महासचिव बालकृष्ण अमरसरिया ने बताया कि लोकल ट्रेनें बहुत देरी से चलती हैं। इन्हें किसी भी जगह रोककर अन्य गाड़ियों को निकाला जाता है। इसकी वजह से उन्हें अपने कार्यस्थल पहुंचने में देरी होती है।

## दिल्ली सरकार ने कोई भी गारंटी पूरी नहीं की : भाजपा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** भाजपा नेताओं ने सोमवार को कहा कि दिल्ली में विकास कार्य ठप्प हैं और आप सरकार के मंत्री बेवजह आरोप लगाने में लगे हैं। आम आदमी पार्टी अपनी कोई गारंटी पूरी नहीं कर सकी है।

भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रेस कांफ्रेंसों से चलने वाली सरकार है। आप के शासन में राजधानी में केवल भ्रष्टाचार का विकास हुआ है। लोगों की परेशानी दिन ब दिन बढ़ रही है। इस ओर सरकार का कोई ध्यान नहीं है।

**बढ़ रहा बजट : आप**

भाजपा द्वारा लगाए गये आरोपों पर आप पार्टी की तरफ से पलटवार किया गया है। पार्टी ने बयान जारी कर कहा है कि जनता जानती है कि सीएम अरविंद केजरीवाल कट्टर ईमानदार नेता हैं, जिन्होंने पारदर्शिता के साथ सरकार चलाई है। दिल्ली सरकार द्वारा जनता को मुफ्त बिजली, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा सहित अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके बावजूद दिल्ली का बजट लगातार बढ़ रहा है।

## एसआईटी की मांग पर फैसला आज

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली उच्च न्यायालय एक व्यक्ति की मौत की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच की मांग करने वाली याचिका पर मंगलवार को अपना फैसला सुनाएगा। इस मामले में आरोप है कि व्यक्ति को वर्ष 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली हिंसा के दौरान कथित तौर पर राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर किया गया था।

मृतक फैजान की मां द्वारा दायर याचिका पर न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी की पीठ द्वारा फैसला सुनाया जाना है। इस मामले में पुलिसकर्मियों पर कई और आरोप लगाए गए हैं।

## गांवों की प्रगति पर ₹900 करोड़ खर्च होंगे: गोपाल राय

**नई दिल्ली प्रमुख संवाददाता।** महरौली विधानसभा के गांवों के विकास पर केजरीवाल सरकार दस करोड़ रुपये खर्च कर रही है। सोमवार दिन में यहां आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान यह बात पर्यावरण और विकास मंत्री गोपाल राय ने कही।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के गांवों से विकास से संबंधित कार्यों के लिए सरकार ने 900 करोड़ रुपये का बजट रखा है।

उन्होंने विकास-वहां हरियाली की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को निशुल्क पौधा वितरण भी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गांवों में विकास कार्यों को गति देने के लिए विकास सभा का आयोजन किया जा रहा है।

दिल्ली सरकार शहरों की तरह गांवों में भी सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने इस साल सात लाख 74 हजार पौधे निशुल्क वितरित करने का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम में विधायक नरेश यादव भी मौजूद थे।

## एम्स में गार्डों ने डॉक्टरों से अभद्रता की

**हंगामा**

- एंटी रिट्रोवायरल थेरेपी क्लीनिक को खाली करने का मामला

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** एम्स में एआरटी (एंटी रिट्रोवायरल थेरेपी) क्लीनिक को खाली कराने के लिए सोमवार को जबरदस्त हंगामा हुआ। इसे खाली कराने पहुंचे सुरक्षाकर्मियों पर आरोप है कि उन्होंने वहां तैनात डॉक्टर और स्टाफ के साथ अभद्रता की।

विरोध करने पर उन्होंने क्लीनिक में रखे मरीजों के कागजात और अन्य सामान को उठाकर फेंक दिया। लाठी-डंडे लेकर वहां कार्यरत स्टाफ और डॉक्टर को धमकाया। इस प्रकरण पर एम्स प्रशासन ने चुप्पी साध ली है।

दरअसल, एम्स के पुराने पीडियाट्रिक्स ओपीडी एरिया में एचआईवी मरीजों के लिए एंटी रिट्रोवायरल थेरेपी क्लीनिक चलाया जाता है। यहां हर साल औसतन छह हजार मरीजों का इलाज होता है। वहां तैनात स्टाफ और डॉक्टर के मुताबिक इन मरीजों की प्राइवेसी जरूरी होती है। उन्हें भीड़भाड़ से अलग रखना होता है। इसकी वजह से क्लीनिक के लिए यह जगह आवंटित की गई है। स्टाफ का कहना है कि एम्स की स्पेस कमेटी ने इस जगह को अब किसी और विभाग को आवंटित कर दिया है। मेडिसिन विभाग के अंदर चलाए जाने वाले इस क्लीनिक को खाली न कराए जाने के लिए विभाग के कुछ डॉक्टरों ने एम्स के डायरेक्टर के समक्ष भी अपनी बात रख चुके हैं।

आरोप है कि अंतिम निर्णय हुए बिना ही सोमवार को सुरक्षाकर्मी जगह खाली कराने पहुंच गए। हाथ में लाठी-डंडे लेकर पहुंचे सुरक्षाकर्मियों ने जाते ही बदसुलूकी करनी शुरू कर दी थी

## दिल्ली वक्फ बोर्ड को बड़ी राहत मिली

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने बोर्ड से कहा कि जब भी केंद्र सरकार सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के संबंध में उसकी संपत्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करती है तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है।

न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि परियोजना को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मिल गई है और बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ वकील ने कहा कि वक्फ बोर्ड केवल यह आश्वासन मांग रहा है कि उसे उसकी संपत्तियों से बेदखल नहीं किया जाएगा।

## भोले बाबा के जयकारों से गूंज उठे शिवालय

**आस्था**

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** सावन के पहले सोमवार पर शिवालय बम बोले के जयकारों से गूंज उठे। जलाभिषेक के लिए मंदिरों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिली। भोर में ही श्रद्धालुओं के लिए कपाट खोल दिए गए थे। इस दौरान शिवभक्तों ने सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

चांदनी चौक स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर में जलाभिषेक के लिए बड़ी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे। भीड़ ज्यादा होने के कारण भक्तों को एक-एक घंटे तक कतार में खड़ा रहना पड़ा। मंदिर प्रशासन की ओर से जलाभिषेक करने के लिए दो मशीन लगाई गई हैं।



सावन के पहले सोमवार को कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। • हिन्दुस्तान

## राजधानी में शिवभक्तों का भव्य स्वागत करेंगे: मंत्री

- 185 स्थानों पर कांवड़ शिविर लगाए जाएंगे

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** सावन की शुरुआत के साथ ही दिल्ली सरकार की ओर से राजधानी में कांवड़ शिविर लगाने का काम शुरू हो गया है। राजस्व मंत्री आतिशी ने बताया कि इस बार 185 जगहों पर कांवड़ शिविर लगाए जा रहे हैं। शिवभक्तों के भव्य स्वागत में दिल्ली सरकार कोई कमी नहीं छोड़ेगी। कांवड़ शिविरों में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।

आतिशी ने बताया कि कांवड़ियों के लिए वाटर प्रूफ पंडाल, मेडिकल सुविधा, स्वच्छ पानी, शौचालय, फर्नीचर आदि की सुविधा का बंदोबस्त किया जा रहा है। दिल्ली में कांवड़ियों का आगमन मुख्य रूप से 25 जुलाई के बाद होगा। इसे ध्यान में रखते हुए शिविर तैयार किए जा रहे हैं। अगले एक से दो दिन में यह शिविर पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे। दिल्ली सरकार के अधिकारियों की ओर से इसका निरीक्षण भी किया जा रहा है।

राजस्व मंत्री ने बताया कि पूर्वी, उत्तरी पूर्वी और शहादरा जिले से कांवड़िये दिल्ली में प्रवेश या प्रस्थान करते हैं।

## प्रेमबाड़ी पुल तक सौंदर्यीकरण होगा

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** पीडब्ल्यूडी द्वारा रिंग रोड पर पंजाबी बाग गोल चक्कर से लेकर प्रेमबाड़ी पुल तक सड़क को सुंदर एवं सुरक्षित बनाया जाएगा। इस परियोजना को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया है कि कार्य करते समय गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

सड़कों को यात्रियों के लिए सुंदर और सुरक्षित बनाना केजरीवाल सरकार की प्राथमिकता है। इसे सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) तेजी से काम भी कर रहा है। दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर खराब हो रही सड़कों की सुरक्षित एवं सुंदर बनाने का काम किया जा रहा है।

## पीरागढ़ी कॉलोनी में नल से निकल रहा नीला पानी

**समस्या**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** पीरागढ़ी और मियांवाली कॉलोनी निवासी सीवर जाम और घरों के आगे गंदे पानी से पहले ही परेशान थे, अब नलों से भी नीला पानी निकलना शुरू हो गया है। इससे गुस्साए स्थानीय लोगों ने सोमवार को दिल्ली जल बोर्ड और जलमंत्री के खिलाफ आक्रोश जताया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब तीन महीने से यहां सीवर लाइन क्षतिग्रस्त है। इसकी वजह से सीवर ओवरफ्लार होकर सड़कों पर बह रहा है। घरों के सामने गंदा पानी जमा हो जाने से दुर्गंध पैदा हो रही है। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या दूर नहीं होने पर बीते सप्ताह स्थानीय निवासियों ने सड़क जाम कर धरना दिया था। इसके बावजूद भी कोई समाधान नहीं हुआ। कॉलोनी निवासी पुरुषोत्तम कालरा ने बताया कि सीवर और पानी की लाइनें एक साथ जुड़ जाने से अब पानी भी बेहद गंदा आ रहा है। सोमवार को सप्लाई हुए पानी का रंग तो बिल्कुल नीला था। पीना तो दूर इसमें नहाना या बर्तन-कपड़े धोना भी संभव नहीं है। उनका कहना है कि स्थानीय विधायक, मंत्री जानबूझकर इस क्षेत्र के लोगों को परेशान कर रहे हैं।

## करोलबाग में अनधिकृत पार्किंग पर कार्रवाई होगी

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने सोमवार को करोल बाग जोन के ईस्ट पटेल नगर वार्ड का निरीक्षण किया। साथ ही वेस्ट पटेल नगर क्षेत्र में भी उन्होंने नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की।

इस दौरान लोगों ने अनधिकृत पार्किंग, सड़कों पर पड़े कूड़े, मलबे के ढेर, अतिक्रमण जैसी समस्याओं से महापौर को अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को करोल बाग के टैंक रोड पर अनधिकृत पार्किंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनधिकृत पार्किंग की वजह लोग परेशान हैं।

**अदालत से** | दिल्ली उच्च न्यायालय ने आरोपी कार चालक मुआवजा देने के निर्देश दिए, अचानक कार का दरवाजा खोलने से टकरा गई थी बाइक

## हादसे में दिव्यांग के परिजनों को एक करोड़ रुपये मिलेंगे

■ हेमलता कौशिक

**नई दिल्ली।** सड़क पर वाहन चलाते समय ही नहीं बल्कि अपने खड़े वाहन को लेकर भी प्रत्येक चालक को सावधानी बरतनी चाहिए। अगर वाहन चालक इसमें लापरवाही बरतता है तो उसे इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सड़क दुर्घटना के एक ऐसे ही मामले में प्रयुक्त वाहन चालक को निर्देश दिया है कि वह हादसे के शिकार व्यक्ति को मय ब्याज एक करोड़ आठ लाख रुपये का मुआवजा दें।

न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि यह एक ऐसा मामला सामने आया है, जहां एक वाहन चालक की छोटी सी गलती की वजह से दूसरे वाहन चालक की पूरी जिंदगी बर्बाद हो गई। पीठ ने कहा कि अधिवक्ता उपेन्द्र सिंह की ओर से पेश चिकित्सा दस्तावेज के हिसाब से पीड़ित इस गलती की वजह से पिछले नौ साल से अचेत अवस्था में बिस्तर पर पड़ा है, इसलिए इस गफ्लत या लापरवाही को मामूली मानना कानूनी की नजर में उचित नहीं है। ना ही इसे सिर्फ लापरवाही माना जा सकता है। यातायात नियम का उल्लंघन किस तरह किसी दूसरे व्यक्ति व उसके परिवार को बर्बाद कर सकता है यह मामला उसका सटीक उदाहरण है। पीठ ने यह भी कहा कि यह घटना दूसरे वाहन चालकों के लिए सबक होनी चाहिए।

**नौ साल पहले हुआ था सड़क हादसा**

यह घटना 30 मार्च 2015 को पश्चिम विहार में घटित हुई थी। एक कार चालक सड़क पर खड़ा था। वहीं, एक बाइक सवार जब इस कार के पास से गुजर रहा था, उसी समय अचानक कार चालक ने दरवाजा खोल दिया। बाइक तेजी से दरवाजे पर जाकर लगी। इस हादसे में 58 वर्षीय पीड़ित सौ फीसदी दिव्यांग हो गया। इस घटना के बाद से वह अचेत अवस्था में बिस्तर पर है। उनकी देखभाल के लिए तीन चिकित्सा सहायक 24 घंटे ड्यूटी पर रहते हैं। इस घटना से परिजन बेहद परेशान हो गए हैं।

**अदालत ने एसआईटी से जांच कराई**

निचली अदालत ने पीड़ित को महज 46 लाख रुपये का मुआवजा और इस पर नौ फीसदी का ब्याज देने का निर्णय सुनाया था। इसके बाद उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा, रोहिणी को विशेष जांच दल गठित कर तफ्तीश को कहा। तफ्तीश रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि दुर्घटना को संबंधित वाहन ने ही अंजाम दिया है। उच्च न्यायालय ने तमाम तथ्यों पर ध्यान देते हुए दुर्घटना में शामिल कार का बीमा करने वाली कंपनी को कहा कि पीड़ित को पूर्व में दिया गया मुआवजा रकम कम है।

**ये गलतियां ना करें**

- सड़क पर वाहन खड़ा न करें
- बगैर देखे वाहन का दरवाजा नहीं खोलना चाहिए
- खराब गाड़ी भी सड़क पर खड़ी नहीं की जा सकती। गाड़ी को किनारे लगाना जरूरी है
- गाड़ी खराब होने पर लाल सिग्नल आगे-पीछे लगाना जरूरी है

## काम की खबरें

**1**
### सैन्य विद्यालय में दाखिले को लेकर सूचना जारी
शिक्षा निदेशालय ने देहरादून स्थित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य विद्यालय के जुलाई 2025 के सत्र में दाखिले को लेकर प्रवेश सूचना जारी की है। एक दिसंबर 2024 को दिल्ली में स्थित केंद्र पर परीक्षा आयोजित होगी।

**2**
### डेंगू और मलेरिया की समस्या पर सूचना दें
दिल्ली नगर निगम ने मच्छर जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की समस्या से अवगत करने के लिए लोगों से अपील की है। इससे जुड़े मामलों के लिए हेल्पलाइन नंबर 155305 पर कॉल कर सकते हैं। साथ ही, 311 ऐप पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

**3**
### आईपीयू में बायोटेक की काउंसलिंग 30 जुलाई को
आईपीयू में बीटेक (बायोटेक) प्रोग्राम की स्पेशल स्पॉट काउंसलिंग द्वारका कैम्पस में 30 जुलाई को ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। उसी दिन दस्तावेज सत्यापन के उपरांत सीटों का आवंटन भी कर दिया जाएगा। बीटेक (बायोटेक) में 60 सीटें उपलब्ध हैं।

**4**
### हरिद्वार के लिए विशेष रेलगाड़ी चलेगी
दिल्ली से हरिद्वार के बीच विशेष रेलगाड़ी का परिचालन 22 जुलाई से दो अगस्त तक किया जाएगा। गाड़ी संख्या 04324 हरिद्वार से दोपहर 3 .45 बजे चलकर रात 8 .50 बजे दिल्ली पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04323 दिल्ली से रात 10 बजे चलकर सुबह 4 .25 बजे हरिद्वार पहुंचेगी।

**5**
### निदेशालय ने पुरस्कार के लिए नामांकन मांगे
शिक्षा निदेशालय ने वर्ष 2024 के लिए राज्य खेल शिक्षक पुरस्कार को नामांकन मांगे हैं। इस संबंध में निदेशालय ने शिक्षा अधिकारियों से लेकर स्कूल प्रमुखों को पत्र लिखा है। कोच, पीईटी शिक्षक, योग शिक्षक सात अगस्त शाम पांच बजे तक ऑनलाइन प्रपत्र भेज सकेंगे।

## आज का मौसम
35.0° अधिकतम | 27.0° न्यूनतम

सूर्योदय : 05:37। सूर्यास्त : 19:18

**अनुमान**
राजधानी में बादल छाए रहेंगे। हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार।




अमेरिकी राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति चुनाव से अपना पद छोड़ दिया !

### राजधानी में अगले दो दिन भी हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना
# बारिश ने दिलाई उमस से राहत, जाम और जलभराव आफत बना

**मौसम का मिजाज**

**नई दिल्ली, प्र. सं.।** राजधानी में सोमवार को कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई। इसके चलते लोगों को एक ओर जहां उमस से राहत मिली तो वहीं, जाम और जलभराव के कारण परेशानी का सामना भी करना पड़ा। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों के बीच भी हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सोमवार सुबह भी तेज सूरज निकला, लेकिन बारह बजे के बाद से ही घने बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। कुछ ही देर में आसमान में काले बादल छा गए और बारिश शुरू हो गई। मानक वेधशाला सफदरजंग में सबसे ज्यादा 31.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम पारा 29.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है।

**रफ्तार थमी :** जलभराव के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति बनी। ट्रैफिक पुलिस को नजफगढ़ के फिरनी रोड, रिंग रोड, न्यू रोहतक रोड, आजादपुर से मुकरबा चौक के पास, धौला कुआं, मुकरबा चौक, स्वरूप नगर से लेकर शालीमार बाग, मोती नगर से पंजाबी बाग, ग्रेटर कैलाश से लेकर चिराग दिल्ली तक, बीआरटी रोड, कीर्ति नगर, ब्रिटानिया चौक, प्रेम बाड़ी पुल आदि जगहों से जाम की शिकायत मिली। आधा दर्जन जगहों पर डीटीसी एवं क्लस्टर बसों की खराबी के चलते भी जाम लगा।



नई दिल्ली में सोमवार को बारिश के दौरान साउथ एक्स में हुए जलभराव के बीच गुजरते वाहन। • सलमान अली



दिल्ली के कर्तव्यपथ पर सोमवार को बारिश का आनंद लेतीं युवतियां। • हिन्दुस्तान

### जगह-जगह पानी भरने पर विपक्ष ने आप को घेरा
दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि सोमवार को एक घंटे की बारिश में छतरपुर, नरेला और बदरपुर की कॉलोनियों में जलभराव हो गया। किशनगंज सहित कई अंडरपास थोड़ी सी बारिश में डूब गए। वहीं, दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि बारिश के बाद एक बार फिर दिल्ली सरकार के दावे विफल साबित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नालों की सफाई के नाम पर कागजों पर खर्च दिखाकर हजारों करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार कर रही है।

### नगर निगम को पेड़ गिरने समेत अन्य शिकायतें मिलीं
निगम के नियंत्रण कक्ष में लोगों ने जलभराव, पेड़ गिरने समेत अन्य समस्याओं को लेकर शिकायतें दर्ज कीं। रिपोर्ट के अनुसार, शाहदरा दक्षिण जोन-पश्चिम जोन, केशवपुरम जोन और करोल बाग जोन में जलभराव हुआ। इसे अलावा करोल बाग जोन के नारायणा में पेड़ गिरा। साथ ही दक्षिण जोन में महरौली और केशवपुरम जोन के त्रिनगर में भी पेड़ गिरे। इसके अतिरिक्त दक्षिणी दिल्ली के गदेयपुर गांव की अंदरूनी सड़क पर भी पानी भर गया। इसके अलावा साउथ एक्स से आश्रम की तरफ जाने वाले फ्लाईओवर से पहले भी सड़क मार्ग पर जलभराव हो गया।

# कविता पर जांच आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त सबूत: कोर्ट

**आबकारी नीति**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद बीआरएस नेता के कविता के खिलाफ दायर पूरक आरोपपत्र पर अदालत ने संज्ञान लिया है। राउज एवेन्यू स्थित सीबीआई मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत ने आरोपपत्र पर गौर करते हुए कहा कि मामले में उनके खिलाफ आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त सबूत हैं।

न्यायाधीश ने सीबीआई को पूरक आरोपपत्र की प्रतियां के कविता को देने का भी निर्देश दिया। कविता को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया था। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता पर साउथ ग्रुप के सदस्यों एवं आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के साथ साजिश रचने का आरोप है। आरोप है कि शराब लाइसेंस के बदले दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी को 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी गई। इसका एक बड़ा हिस्सा कथित तौर पर आप द्वारा गोवा विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए खर्च किया गया था। कविता पर 292 करोड़ रुपये से अधिक की आपराधिक आय अर्जित करने एवं उसका उपयोग करने का भी आरोप है।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 तक बढ़ाई
कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत अदालत ने 26 जुलाई तक बढ़ा दी है। सिसोदिया को पूर्व में दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर सोमवार को राउज एवेन्यू अदालत में पेश किया गया था, उस दौरान ही विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत ने यह आदेश पारित किया।

## शहर 30s

### खालिद मामले से जज अलग हुए
**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा मामले में आरोपी उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। जेएनयू के पूर्व छात्र उमर पर यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले को न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह एवं न्यायमूर्ति अमित शर्मा की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था।

### राशनकार्ड की अनिवार्यता पर केंद्र को नोटिस
**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी एक फरवरी, 2019 के कार्यालय ज्ञापन को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। इसमें कहा गया है कि योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए राशन कार्ड रखना अनिवार्य है। इस मामले को 25 नवंबर को विस्तृत सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

### जांच अधिकारी को कोर्ट में पेश होने के निर्देश
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिसकर्मियों के खिलाफ दाखिल एक शिकायतपत्र पर सुनवाई में बार-बार पेश होने से बच रहे जांच अधिकारी को लेकर अदालत ने सख्ती दिखाई है। अदालत ने संबंधित थानाध्यक्ष को निर्देश दिया है कि पिछली दो तारीखों से जांच अधिकारी पेश होने से बचने के लिए बहाने बना रहा है। अगली तारीख पर जांच अधिकारी की पेशी थानाध्यक्ष सुनिश्चित करें।

# हवाई अड्डों की इमारतों का ऑडिट कराने के निर्देश

**सतर्कता**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सभी हवाई अड्डा संचालकों को हवाई अड्डे की इमारतों और संबंधित बुनियादी ढांचों की मजबूती का तीसरे पक्ष से ऑडिट कराने का निर्देश दिया।

सरकार ने यह भी कहा कि हर साल मानसून की शुरुआत से पहले इमारतों के सभी सिविल, इलेक्ट्रिकल और तकनीकी पहलुओं का गहन मूल्यांकन किया जाएगा। ये निर्देश पिछले महीने तीन हवाई अड्डों पर छत गिरने की घटनाओं के मद्देनजर आए हैं। भारी बारिश के बीच 28 जून को दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल 1-डी पर छत ढह गई थी। इसके अलावा, 27 और 29 जून को जबलपुर और राजकोट हवाई अड्डों पर भी क्षत गिरी थी।

- एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर छत गिरने का मामला, समिति गठित

वहीं, आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर छत गिरने के मामले में उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। यह बात केंद्र सरकार की ओर से हाईकोर्ट में कही गई। मामले में केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने कहा कि एविएशन मंत्रालय ने टर्मिनल-1 पर हुई घटना का आकलन करने और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए आईआईटी दिल्ली के संरचनात्मक इंजीनियरों से मिलकर एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है।




# मेट्रो में एयरटेल पेमेंट कार्ड की सुविधा

**अच्छी खबर**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों के लिये डीएमआरसी की ओर से डिजिटल पेमेंट के अधिक से अधिक विकल्प दिए जा रहे हैं। इस कड़ी में डीएमआरसी ने एयरटेल पेमेंट्स बैंक के साथ साझेदारी की है। इसके तहत अब मेट्रो यात्री एयरटेल के नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) से मेट्रो की सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे।

सोमवार को डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार और एयरटेल पेमेंट्स बैंक के एमडी अनुब्रत बिस्वास ने कार्ड लॉन्च किया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के मुख्य प्रवक्ता अनुज दयाल ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न बैंक के नेशनल कॉमन मोबिलीटी कार्ड को वह स्वीकर कर रहे हैं। इस कड़ी में एयरटेल डिजिटल पेमेंट के साथ यह समझौता किया गया है।

डीएमआरसी ने एयरटेल पेमेंट्स बैंक को एनसीएमसी द्वारा डिजीटल पेमेंट के अधिकार दिए हैं। अब एयरटेल बैंक का नेशनल कॉमन मोबिलीटी कार्ड रखने वाले मेट्रो में इसकी मदद से सफर कर सकेंगे और पार्किंग शुल्क भी चुका सकेंगे। बैंक ये एनसीएमसी से लैस कार्ड मेट्रो स्टेशनों पर जारी करेगा। एनसीएमसी पेमेंट सुविधा के अलावा इस कार्ड का उपयोग मेट्रो, बस, रेलवे, और पार्किंग के लिए भी किया जा सकेगा।



- यात्रियों के लिए डीएमआरसी की ओर से डिजिटल पेमेंट के अधिक विकल्प दिए जा रहे

# निगम ने 1432 अवैध डेयरियों को नोटिस भेजे

**फॉलोअप**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दिल्ली में अवैध डेयरियों के खिलाफ नगर निगम प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके अतिरिक्त इस वर्ष 3248 आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में पहुंचाया गया है।

निगम के पशु चिकित्सा विभाग ने अप्रैल से जून माह के दौरान 1432 अवैध डेयरियों के खिलाफ नोटिस जारी किए हैं। इस दौरान 340 अवैध डेयरियों के खिलाफ चालान काटे गए हैं। 20 को सील भी किया है। बीते वर्ष में 23 डेयरियों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए थे। हालांकि, इस वर्ष अभी तक किसी भी डेयरी के लाइसेंस रद्द नहीं किए गए हैं। इसके अलावा निगम ने दिल्ली में कॉलोनियों, ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाली अधिकृत डेयरियों में इस वर्ष में अप्रैल से जून के दौरान कुल 3573 डेयरियों को लाइसेंस जारी किए हैं। दिल्ली में सभी डेयरी कॉलोनियों और ग्रामीण इलाकों में कर्मचारी निरीक्षण कर रहे हैं।

# सुरक्षाकर्मी मुहैया कराने वाली कंपनी पर धोखाधड़ी का केस

**कलंक के खिलाफ**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दिल्ली सरकार के अस्पतालों में सुरक्षा मुहैया करवाने वाली कंपनी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने एफआईआर दर्ज की है। कंपनी पर दिल्ली सरकार के अधिकारियों के साथ मिलकर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा है। एफआईआर में आरोप है कि निजी सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षाकर्मियों के नाम पर फर्जी बिल लगाकर सरकारी खजाने को लूटा है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा ने बताया कि सिक्योरिटी कंपनी के जरिए जीटीबी, राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी, एसडीएन, डॉक्टर भीम राव, हिन्दू राव अस्पताल सहित कई अन्य सरकारी अस्पतालों में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती होती है। इनका भुगतान कंपनी को दिल्ली सरकार की तरफ से किया जाता है। इसके लिए टेंडर जारी होते हैं। टेंडर जारी करने में भी अनियमितताओं का आरोप लगा है। एसीबी के अधिकारी ने बताया कि इसी कंपनी में काम करने वाले दो सुरक्षाकर्मी ने एसीबी में शिकायत की कि सिक्योरिटी एजेंसी दिल्ली सरकार के अधिकारियों के साथ इस घोटाले में शामिल है।

### गंभीर आरोप लगाए गए
आरोप है कि एक ही सुरक्षाकर्मी को दिल्ली के अलग-अलग सरकारी अस्पतालों में तैनात दिखाकर सरकार से रकम वसूली जा रही थी। कई अस्पतालों में सुरक्षाकर्मियों की गिनती ज्यादा बताकर फर्जी बिलों के जरिए भुगतान किए गए। कंपनी ने न केवल अयोग्य उम्मीदवारों की भर्ती की बल्कि ईएसआई और भविष्य निधि के भी फर्जी दावे किए गए।

### नौकरी के लिए भी रिश्वत ली
नौकरी के नाम पर रिश्वत लेने का भी आरोप है। शिकायतकर्ता ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों को नए टेंडर के बाद नौकरी पर रखने के लिए पैसे लिए जाते हैं। पैसे नहीं देने वाले शख्स को नौकरी पर बहाल नहीं किया जाता और पुराना टेंडर खत्म होने की बात कहकर उन्हें हटा दिया जाता है।






## पंजाबी बाग में हुई दुर्घटना, पीछे से टकराए ऑटो चालक की हालत गंभीर

# डीटीसी बस मेट्रो पिलर से भिड़ी, महिला की मौत, 24 यात्री घायल

**हादसा**

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। पंजाबी बाग इलाके में सोमवार सुबह 7:42 बजे एक तेज रफ्तार डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस मेट्रो के पिलर संख्या 146 से टकरा गई। इस दौरान पीछे आ रहा एक ऑटो बस से टकरा गया, जिससे ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में बस चालक, कंडक्टर समेत 24 यात्री घायल हो गए, जबकि एक महिला यात्री की मौत हो गई।

सूचना के बाद पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। 19 लोगों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है, जबकि तीन लोगों का उपचार किया जा रहा है। ऑटो चालक आईसीयू में भर्ती है। पुलिस ने संबंधित धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि मृतक 45 वर्षीय सरिता अपने परिवार के साथ सुल्तानपुरी इलाके में रहती थी। वह दिल्ली नगर निगम में नौकरी करती थी। गंभीर रूप से घायल ऑटो चालक शरीफ परिवार के साथ निहाल विहार इलाके में रहता है। हादसे के समय वह सवारी छोड़ कर वापस लौट रहा था।

पुलिस उपायुक्त ने बताया पुलिस और अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंचकर 10 यात्रियों को आचार्य भिक्षु अस्पताल और 14 को महाराजा अग्रसेन अस्पताल में भर्ती कराया। महाराजा अग्रसेन अस्पताल में भर्ती सरिता ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी, जिसके चलते ज्यादा खून बह जाने से उसकी मौत हो गई।


पंजाबी बाग इलाके में सोमवार को मेट्रो पिलर से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त बस।

### बाइक सामने आने से चालक ने नियंत्रण खोया

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आनन्द विहार की ओर जा रही डीटीसी बस के सामने अचानक बाइक चालक आ गया। उसे बचाने के चक्कर में बस से चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस मेट्रो के पिलर से टकरा गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के लिए क्राइम टीम बुलाया गया। रिपोर्ट आने की इंतजार किया जा रहा है। हादसे का कारण जानने के लिए बस का यांत्रिक निरीक्षण भी कराया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग को सूचना दे दी गई है।

**पीड़ित बोले...**

### 'रिश्तेदार ने फोन करके हादसे की जानकारी दी'

मृतक सरिता के दामाद अरुण ने बताया कि एक रिश्तेदार ने फोन पर हादसे की सूचना दी थी। जब वह अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने सास को मृत घोषित कर दिया। उनके सिर पर चोट के निशान थे। सरिता एमसीडी में स्वीपर की नौकरी करतीं थीं। उनकी ड्यूटी नारायणा इलाके में थी।

### बेटी से मिलने के बाद दिल्ली जा रहा था दंपती

लक्ष्मी और उनके पति नन्हे ने बताया कि वे मंगोलपुरी में रह रही अपनी बेटी से मिलकर घर जा रहे थे। पीरागढ़ी इलाके से बस ली थी। चालक काफी तेज और खतरनाक तरीके से बस को चला रहा था, जिसके बारे में हम एक दूसरे से बातें भी कर रहे थे। इसके कुछ देर बाद एक्सिडेंट हो गया।

# किडनी रैकेट मामले में 11 अस्पताल कमेटी को नोटिस

**कलंक कथा**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़े अंतरराज्जीय किडनी रैकेट से जुड़े आरोपियों की जांच के लिए छह राज्यों के 11 अस्पतालों की स्क्रीनिंग कमेटी को नोटिस भेजा है। नोटिस में जांच से जुड़े कई दस्तावेज और कमेटी की पूरी प्रक्रिया में शामिल लोगों की जानकारी मांगी गई है।

वहीं कमेटी के सामने फर्जी लोगों को परिवार का सदस्य बना पेश करने के लिए ट्रेनिंग देने वाले आरोपी और उसके नेटवर्क से जुड़े लोगों की भी जांच भी शुरू कर दी गई है। ये अस्पताल दिल्ली, यूपी, पंजाब, मध्य प्रदेश, गुजरात और हरियाणा समेत छह राज्यों में हैं, जहां किडनी प्रत्यारोपण किया गया है। पुलिस की जांच के दायरे में इस वक्त स्क्रीनिंग कमेटी की है, क्योंकि दस्तावेज स्तर पर जो भी गड़बड़ी की गई है, वह इस कमेटी के सामने रखे गए थे। ऐसे में पुलिस यह जानना चाहती है कि क्या कमेटी के लोगों ने दस्तावेज की बारीकी से जांच की थी या नहीं।

दरअसल, जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि कई फाइलों में परिजनों के फोटो लगाकर स्क्रीनिंग कमेटी को झांसे में लिया गया है। इसके लिए कमेटी के सामने परिवार के लोगों को पेश करने के लिए बकायदा ट्रेनिंग भी दी गई थी। इसलिए पुलिस कमेटी की भूमिका की जांच में जुटी है। इसके मद्देनजर ही कमेटी को नोटिस भेजकर पूरी जानकारी लेने में जुटी है।

**अंग प्रत्यारोपण कमेटी से दोबारा पूछताछ: नोएडा।** किडनी प्रत्यारोपण रैकेट मामले में दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम शनिवार को सेक्टर-39 स्थित स्वास्थ्य विभाग कार्यालय आई थी। इस दिन अंग प्रत्यारोपण टीम से दोपहर दो बजे से देर रात तक पूछताछ चली।

जानकारी के अनुसार, क्राइम ब्रांच की टीम ने अंग प्रत्यारोपण कमेटी से पहले अलग-अलग और बाद में एक साथ पूछताछ की।

### डोनर को प्रशिक्षण देने वालों की भी जांच शुरू

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 19 जुलाई को अवैध रूप से किडनी प्रत्यारोपण में शामिल एक अंतरराज्जीय गिरोह का पर्दाफाश किया था। पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, इस गिरोह का जाल छह राज्यों के 11 अस्पतालों में फैला था। इनके कब्जे से 34 फर्जी मोहर, 17 फोन, नौ सिम और मर्सिडीज कार बरामद की गई थी। तभी से पुलिस इस पूरे नेटवर्क से जुड़े लोगों और उनकी भूमिका की बारीकी से जांच कर रही है।

**शहर 30s**

### छात्र की आंख पर चोट से रोशनी गई

नई दिल्ली। जामिया नगर स्थित नूर नगर सर्वोदय विद्यालय में 16 जुलाई को आठवीं कक्षा के एक छात्र की आंख में गंभीर चोट लगने का मामला सामने आया है। 13 वर्षीय सूफियान सलमानी स्कूल में पहले पीरियड के बाद पानी पीने निकला था। इस बीच उसकी आंख में अज्ञात वस्तु आकर लगी। छात्र उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। देर रात को आपतकालिन विभाग में छात्र की आंख की सर्जरी हुई। चोट की वजह से उसकी आंख की रोशनी लगभग चली गई है।

### किशोर की चाकू से गला रेतकर हत्या

नई दिल्ली। न्यू उस्मानपुर इलाके में रविवार को कूड़ा बीनने वाले एक नाबालिग की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक की उम्र करीब 14 साल बताई जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की से मृतक और आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि 19 जुलाई सुबह 7:30 बजे दूसरे पुश्ता स्थित गली संख्या दो के पास एक किशोर के पड़े होने की सूचना मिली थी।

### उच्च न्यायालय ने सज्जन कुमार का पक्ष पूछा

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान एक व्यक्ति की हत्या से संबंधित मामले में बरी किए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार का पक्ष जानना चाहा। कुमार वर्तमान में दंगों से संबंधित एक अन्य मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

### वार्ड परिसीमन के मुद्दे पर प्रदर्शन किया

नई दिल्ली। दिल्ली के नरेला विधानसभा क्षेत्र में स्थित वार्ड संख्या तीन होलंबी कलां के लोगों और स्थानीय पार्षद ने सोमवार को निगम के नरेला जोन कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने आरोप लगाया कि होलंबी कलां वार्ड में निगम परिसीमन 2022 में दर्ज नक्शे के साथ जोन स्तर पर पिछले डेढ़ वर्ष से छेड़छाड़ की जा रही है।

### शिक्षिका पर छात्रा को पीटने का आरोप

नई दिल्ली। यमुना विहार स्थित एक स्कूल में सोमवार को कक्षा सातवीं की छात्रा के स्कूल देरी से पहुंचने पर एक शिक्षिका द्वारा कथित तौर पीटने का मामला सामने आया है। छात्रा के पिता ने बताया कि बेटी के चेहरे और कमर पर निशान है। पैर में सूजन है। स्कूल को लेकर बेटी डरी हुई है। शास्त्री पार्क स्थित एक अस्पताल में एमएलसी भी हुई है। बता दें कि शिक्षिका पर ऐसा आरोप है कि स्कूल तीन मिनट की देरी से पहुंचने पर छात्रा को पीटा और उसे सजा दी गई।

# जेल में बंद नेहरा ने कई लोगों से रंगदारी मांगी

नई दिल्ली, प्र.सं.। लारेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े संपत नेहरा ने जेल से कारोबारियों को फोन कर रंगदारी मांगी और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी है।

अशोक विहार फेज वन निवासी 64 वर्षीय स्टील कारोबारी को शुक्रवार को एक नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को लारेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा संपत नेहरा बताया। उसने कहा कि, वह जेल से फोन कर रहा है और उसे दो करोड़ रुपये की जरूरत है।

### बकाया रुपये लेने को साजिश रचने वाले धरे

नई दिल्ली, प्र.सं.। रोहिणी स्पेशल स्टाफ ने खुद को गोल्डी बराड़ बताकर रंगदारी मांगने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मनोज उर्फ बंटी और अनिल सिवाच के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि पीड़ित का दोनों युवकों में रुपये को लेकर विवाद चल रहा था, जिसकी वजह से उन्होंने साजिश रची। आरोपियों ने 18 जुलाई को तेल कारोबारी को धमकी दी थी।

# गेट में करंट उतरने से छात्र की जान गई

नई दिल्ली, प्र.सं.। साउथ पटेल नगर इलाके में सोमवार दोपहर बारिश के दौरान गेट में करंट उतरने से छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान 26 वर्षीय नीलेश राय के तौर पर हुई है।

नीलेश राय साउथ पटेल नगर के एट ब्लाक स्थित फ्लैट में किराए पर रहता था। वह सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि देवरिया जिले का निवासी नीलेश सोमवार को पास की लाइब्रेरी में पढ़ने गया था। इसी दौरान बारिश होने लगी। कालोनी में सुरक्षा के लिए लगे लोहे के गेट को पकड़ कर नीलेश आगे बढ़ने लगा तो करंट की चपेट में आ गया।

# चार मंजिला इमारत में दरार आने से हड़कंप

**सांसत**

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दक्षिणी दिल्ली के गदेयपुर गांव स्थित ग्रीन व्यू अपार्टमेंट की 10 साल पुरानी चार मंजिला इमारत के एक मुख्य पिलर में रविवार रात दरार आ गई। इससे वहां रह रहे 28 परिवारों में हड़कंप मच गया है, क्योंकि नगर निगम ने इमारत खाली करने का नोटिस दिया है।

पीड़ितों का कहना है कि वह सड़क पर आ जाएंगे। पीड़ित परिवारों ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को इमारत खाली करने के लिए कहा। इमारत में कुल 24 फ्लैट हैं, यहां पर कुल 28 परिवार रह रहे हैं।


दिल्ली के ग्रीन व्यू अपार्टमेंट की इमारत के नीचे लगाए गए जैक। • हिन्दुस्तान

### नोटिस जारी किए : निगम

निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गदेयपुर गांव के ग्रीन व्यू अपार्टमेंट की इमारत के एक पिलर में दरार आ गई। लोगों ने पिलर के आसपास कई लोहे के जैक लगा दिए। निगम अधिनियमों के तहत सभी मकान मालिकों को नोटिस जारी किए हैं। दक्षिणी जोन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सोमवार को जाकर इमारत का निरीक्षण कर कई तस्वीरें भी ली हैं।

### 'शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं'

गदेयपुर गांव के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि गांव में कई बिल्डरों ने अवैध रूप से निर्माण कार्य किया है। शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### 'बिल्डर ने मामले से पल्ला झाड़ा'

अपार्टमेंट में रहने वाले आशीष जिंदल ने बताया कि वह 2011 में यहां पर रहने आ गया था। यहां पर 28 परिवार हैं। बिल्डर के बेटे ने भी पल्ला झाड़ लिया है।

# 'सुरक्षित संचालन कर रहे कर्मचारी'

नई दिल्ली, प्र.सं.। बीते दिनों हुए रेल हादसों के बाद कुछ संगठनों की ओर से रेल कर्मचारियों पर की गई टिप्पणी को लेकर इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन (एआईआरएफ) और नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमैन (एनएफआईआर) ने आपत्ति जताई है।

उन्होंने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा है कि सभी रेलवे कर्मचारी रेलगाड़ी के सुरक्षित संचालन के लिए क्षमता अनुसार कड़ी मेहनत कर रहे हैं। दोनों महासंघ की तरफ से कहा गया है कि कुछ संगठनों द्वारा भारतीय रेल को लेकर बयान जारी किया गया है, जिससे रेलवे के बारे में भ्रम और अविश्वास की स्थिति बन गई है।


हिन्दुस्तान भरोसा नए हिन्दुस्तान का

हिन्दुस्तान ने आपके सुझावों को पहुँचाया शिक्षा मंत्रालय तक



हिन्दुस्तान
परीक्षाओं को पारदर्शी बनाएं



'हिन्दुस्तान' ने सौंपी नीट संवाद की रिपोर्ट

मुहिम

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। नीट परीक्षा में सुधार को लेकर दैनिक समाचार पत्र 'हिन्दुस्तान' द्वारा देश के कई हिस्सों में आयोजित नीट संवाद के दौरान मिले सुझाव गुरुवार को एनटीए परीक्षा सुधार के लिए बनी समिति को सौंप दिए गए।

समिति के सदस्य, शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल को सुझाव की कॉपी दी गई। जायसवाल ने कहा कि वे इसे समिति की पूर्ण बैठक में रखेंगे और समिति इन सुझावों पर गौर करेगी। 'हिन्दुस्तान' ने देश के छह राज्यों दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और झारखंड में 146 स्थानों पर आयोजन किए थे। इसमें करीब 20 हजार से अधिक छात्रों, अभिभावकों और विशेषज्ञों ने अपने सुझाव दिए। इन सुझावों को एक जगह संग्रहित करके 'हिन्दुस्तान' ने नीट संवाद पुस्तिका छापी है। नीट में धांधली के मद्देनजर केंद्र ने एनटीए द्वारा कराई जाने वाली परीक्षा में सुधार के मकसद से एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था।

नीट संवाद के दौरान मिले सुझावों की कॉपी गुरुवार को 'हिन्दुस्तान' के राजनीतिक संपादक मदन जैड़ा और सहायक संपादक पंकज कुमार पांडेय ने एनटीए परीक्षा सुधार के लिए बनी समिति के सदस्य, शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल को सौंपी। • हिन्दुस्तान

हिन्दुस्तान ने परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने के लिए शुरू की गई अपनी मुहिम के तहत 3 जुलाई 2024 को दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और झारखंड के 146 जिलों में संवाद का आयोजन किया। संवाद में 20 हजार से अधिक छात्रों, अभिभावकों और विशेषज्ञों ने अपने सुझाव दिए। इन सुझावों को हिन्दुस्तान ने एक पुस्तिका में संकलित कर 18 जुलाई 2024 को शिक्षा मंत्रालय को सौंप दिया।

पढ़ते रहें हिन्दुस्तान







www.LiveHindustan.com | Livehindustannews | Live_hindustan

गंगा स्नान कर दिल्ली लौटते वक्त मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुआ हादसा

# गलत दिशा से आ रही कार ने मां और बेटे की जान ली

**दुखद**

**गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर महरौली गांव के पास रविवार रात गलत दिशा से आ रही कार की टक्कर से दिल्ली निवासी स्कूटी सवार मां-बेटे की मौत हो गई। घटना एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने पेशे से चिकित्सक आरोपी कार चालक को हिरासत में ले लिया।

पुलिस के मुताबिक थाना मधु विहार दिल्ली के डी-495 वेस्ट विनोद नगर निवासी 20 वर्षीय यश गौतम रविवार को 40 वर्षीय मां मंजू के साथ गुरु पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने के लिए स्कूटी से हरिद्वार गया था। शाम करीब आठ बजे लौटते समय दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर महरौली अंडरपास के ऊपर पहुंचा तो सामने से गलत दिशा से आ रही कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में यश और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा का कहना है कि घटना के बाद ही विजयनगर सेक्टर-23 की टीचर कॉलोनी निवासी आरोपी कार चालक देवदत्त को हिरासत में ले लिया गया था। बताया गया कि आरोपी पेशे से चिकित्सक है। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद मां-बेटे के शव परिजनों को सौंप दिए गए।



मेरठ एक्सप्रेसवे पर गलत दिशा में आ रही कार ने स्कूटी में टक्कर मारी। मौके पर क्षतिग्रस्त वाहन। • वीडियो ग्रैब

### मां के बाद थैलेसीमिया पीड़ित बेटे ने भी तोड़ा दम

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर रविवार रात हादसे का शिकार हुए मां-बेटे को अस्पताल एक साथ ले जाया गया, लेकिन मां की हालत लगातार बिगड़ती चली गई। वेंटिलेटर पर इलाज के दौरान मां की मौत के कुछ समय बाद ही बेटे ने भी दम तोड़ दिया। मृतका मंजू की बड़ी बहन आशा रानी ने बताया कि मृतक यश जन्म से ही थैलेसीमिया से पीड़ित था। डॉक्टरों ने 20-21 साल तक ही उसकी उम्र बताई थी। परिजनों ने कहा कि यश 21 वर्ष केवल अपनी मां का साथ देने के लिए ही जिया।

## नया आगरा बसाने की तैयारी में जुटा यीडा

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने आगरा के पास बसाए जाने वाले न्यू आगरा अर्बन सेंटर का खाका तैयार करना शुरू कर दिया है। इसे मास्टर प्लान 2031 में शामिल किया गया है।

न्यू आगरा अर्बन सेंटर की रिपोर्ट तैयार करने के लिए ट्रैक्टेबल इंजीनियरिंग स्काई ग्रुप का चयन हुआ है। कंपनी नौ महीने में मास्टर प्लान का ब्लू प्रिंट तैयार करेगी। शहर 40 हजार करोड़ से 10500 हेक्टेयर में बसेगा। आगरा सांस्कृतिक धरोहर, पर्यटन और उद्योग को लेकर काफी महत्वपूर्ण है।

## 'कोली को नोटिस मिलना तय करें'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गौतमबुद्ध नगर के एसएसपी को निर्देश दिया कि वह यह सुनिश्चित करें कि 2006 के निठारी हत्याकांड मामले में जारी नोटिस सुरेंद्र कोली को सौंप दिया गया है।

कोली को बरी किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया था। अदालत की रजिस्ट्रार सुजाता सिंह ने कहा कि एक पीड़ित के पिता पप्पू लाल की अपील पर न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ की ओर से जारी नोटिस कोली को नहीं दिया गया है, जो डासना जेल में बंद है।




# बृजमंडल यात्रा में लोगों का पुष्प वर्षा से स्वागत

**सौहार्द्र**

**नूंह, संवाददाता।** श्रावण मास के पहले सोमवार को बृजमंडल जलाभिषेक यात्रा कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुई। मुस्लिम समाज के लोगों ने जगह-जगह श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा से स्वागत किया।

नूंह के नलहड़ स्थित नलहड़ेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के बाद एक बजे साधु-संतों ने यात्रा का शुभारंभ किया। वहां से श्रद्धालु झिरकेश्वर मंदिर के लिए रवाना हुए। इसके बाद पुन्हाना के सिंगार स्थित राधा-कृष्ण और श्रृंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और विधिवत यात्रा को संपन्न किया गया। नलहड़ से श्रृंगेश्वर महादेव मंदिर तक की यात्रा करीब 80 किलोमीटर तक की रही। यात्रा को पूरा करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से पांच घंटे का समय निर्धारित किया गया था। बता दें कि पिछले वर्ष इस यात्रा के दौरान दंगा भड़क गया था।

### दो हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहे

बृजमंडल यात्रा के दौरान अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई थी। दो हजार से अधिक पुलिसकर्मी दिनभर यात्रा को सफल बनाने में जुटे रहे। दंगा रोधी दस्ता की दो कंपनी, सीआरपीएफ की करीब दो कंपनी की तैनाती की गई थी। दूसरे जिलों से भी काफी संख्या में पुलिस बुलाई गई थी।






# विपक्ष ने हंगामा कर मेरी आवाज दबाने का प्रयास किया : मोदी

**निशाना**



**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** संसद के बजट सत्र में विपक्ष के संभावित हंगामे और पिछले सत्र के अनुभवों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सत्र शुरू होने के पहले विपक्ष को आड़े हाथ लिया। उन्होंने विपक्ष पर नकारात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि पिछले सत्र में उनके भाषण में विपक्ष के भारी व्यवधान ने ढाई घंटे तक देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का और उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया।

मोदी ने मंगलवार को पेश होने वाले बजट को लेकर कहा कि यह अगले पांच वर्षों में सरकार की यात्रा की दिशा तय करेगा। 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने की नींव रखेगा। संसद सत्र की शुरुआत में औपचारिक मीडिया संबोधन में प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संसद किसी दल के लिए नहीं बल्कि देश के लिए है। उन्होंने संसद के पिछले सत्र में हुए व्यवधान का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौरान 140 करोड़ देशवासियों की आवाज को कुचलने का अलोकतांत्रिक प्रयास हुआ था।

राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा पर लोकसभा में उनके जवाब के दौरान विपक्ष के लगातार हंगामे को लेकर मोदी ने कहा कि कुछ दलों की नकारात्मक राजनीति ने देश की संसद के महत्वपूर्ण समय को एक प्रकार से अपनी राजनीतिक विफलताओं को ढंकने के लिए दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने हमें यहां देश के लिए भेजा है, दल के लिए नहीं भेजा है। ये सदन दल के लिए नहीं, ये सदन देश के लिए है। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि मौजूदा सत्र में सांसद पूरी तैयारी के साथ चर्चा को समृद्ध करेंगे।

मोदी ने कहा कि देश को नकारात्मकता की जरूरत नहीं है। देश को एक विचारधारा, प्रगति की विचारधारा, विकास की विचारधारा, देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली विचारधारा के साथ आगे बढ़ना होगा। देशवासियों की आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए सभी दल सकारात्मक रूप से संसद का उपयोग करेंगे।

**आने वाले पांच वर्ष हमें देश के लिए लड़ना है :** मोदी ने हाल के चुनाव को लेकर कहा कि जनवरी से लेकर हमलोगों के पास जितना सामर्थ्य था, जितनी लड़ाई लड़नी थी, लड़ ली, जनता को जो बात बतानी थी, बता दी। किसी ने राह दिखाने का प्रयास किया, किसी ने गुमराह करने का प्रयास किया। अब वो दौर समाप्त हुआ है, देशवासियों ने अपना निर्णय दे दिया है। अब चुने हुए सभी सांसदों का कर्तव्य है, सभी राजनीतिक दलों की विशेष जिम्मेदारी है कि आने वाले पांच वर्ष के लिए हमें देश के लिए लड़ना है, देश के लिए जूझना है। प्रधानमंत्री ने राजनीतिक दलों से पार्टी लाइन से ऊपर उठने और अगले चार से साढ़े चार वर्षों तक संसद के मंच का उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 2029 चुनाव का वर्ष होगा। तब जाइए मैदान में। वह (आम चुनाव से पहले के) छह महीने, जो खेल खेलने हैं, खेल लीजिए। लेकिन तब तक सिर्फ और सिर्फ देश, देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को सशक्त करने के लिए जनभागीदारी का एक जन आंदोलन खड़ा कर 2047 के सपने को पूरा करने के लिए हम पूरी ताकत लगाएं।

### 'पांच साल के कार्य की दिशा तय करेगा यह बजट'

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर देशवासी के लिए यह बड़े गर्व की बात है कि भारत बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला है। यह बजट सत्र है। वह देशवासियों को जो गारंटी देते रहे हैं, उनको जमीन पर उतारने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ेंगे। यह बजट पांच साल के कार्य की दिशा भी तय करेगा और 2047 में, जब आजादी के 100 साल होंगे, तब विकसित भारत के सपने को पूरा करने की मजबूत नींव वाला बजट भी होगा।

# प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने विपक्ष को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी पर आपत्ति जताई। पार्टी ने प्रधानमंत्री पर पलटवार करते हुए कहा कि संसद के मानसून सत्र की शुरुआत के मौके पर विपक्ष को लेकर उनकी टिप्पणी अशोभनीय है। जबकि, उन्होंने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई जिसकी सजा जनता ने हालिया लोकसभा चुनाव में उन्हें दी।

पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को 'मोदी सरकार' शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए। खेड़ा ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी को स्मरण कराना उचित होगा कि जब वह ये भाषण दे रहे थे, उस वक्त देश के 32 लाख छात्रों की आवाज को दबाने और उनके साथ आपकी सरकार के अन्याय के खिलाफ देश का उच्चतम न्यायालय सुनवाई कर रहा था।

कांग्रेस नेता ने कहा, प्रधानमंत्री ने सही कहा कि संसद देश के लिए है। लिहाजा प्रतिपक्ष देश के युवाओं, किसानों, जवानों, मजदूर, महिलाओं, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और गरीबों की आवाज को संसद में उठाने पर मजबूर है। उन्होंने कहा, हमारा संसदीय दायित्व है कि देश की आवाज उठाने के लिए हम आपको बार-बार टोकें, बार-बार रोकें।

## राहुल गांधी ने कहा-जो चल रहा मंत्री को उसकी जानकारी ही नहीं, प्रधान बोले-वह पीएम के निर्णय से जवाब दे रहे

# परीक्षा प्रणाली में खामी बताने पर तकरार

**लोकसभा**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में सोमवार को कहा कि देश की परीक्षा प्रणाली में बहुत खामियां हैं। शिक्षा मंत्री ने अपने आपको छोड़कर सबको जिम्मेदार ठहराया है। ऐसे में मुझे नहीं लगता कि जो कुछ चल रहा है, उसकी बुनियादी जानकारी भी मंत्री को है।

राहुल गांधी को जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस्तीफे की मांग पर उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र ने प्रधानमंत्री को चुना है। वह पीएम के निर्णय से यहां जवाब दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि एनटीए के गठन के बाद 240 से अधिक परीक्षाओं का आयोजन हो चुका है। इसमें 5 करोड़ से अधिक छात्रों ने आवेदन किया और 4.5 करोड़ से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। एनटीए ने सफल परीक्षाओं का आयोजन किया है। ऐसे में एजेंसी पर सवाल तर्कसंगत नहीं है। वहीं, ओम बिरला ने सभी परीक्षाओं पर सवाल उठाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं है।



लोकसभा में मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को नीट मुद्दे पर अपनी बात रखते नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी। • प्रेट्र

### आखिर क्या मजबूरी थी

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि यूपीए सरकार के वक्त 2010 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री तीन विधेयक लाए थे। एक विधेयक शिक्षा में सुधार से जुड़ा था। कहा कि पर कांग्रेस की क्या मजबूरी थी कि उनके वक्त आया विधेयक वापस लिया गया।

### 'मंत्री के रहते न्याय नहीं'

नीट मुद्दे पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि धर्मेंद्र प्रधान के शिक्षा मंत्री रहते हुए छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा। इसके साथ उन्होंने अन्य पेपर लीक का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह सरकार कोई रिकॉर्ड बनाए या नहीं बनाए, पर पेपर लीक का रिकॉर्ड जरूर बनाएगी।

### अखिलेश पर पलटवार

अखिलेश पर पलटवार करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि वह सदन में उन पेपर लीक के मामलों की पूरी सूची सदन के पटल पर रख सकते हैं, जो अखिलेश यादव के यूपी के मुख्यमंत्री कार्यकाल में हुए। कहा, केरल के विद्यार्थियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, तो क्या हम कहेंगे कि वहां कुछ गड़बड़ी हुई।

### कोर्ट के फैसले का इंतजार

धर्मेंद्र प्रधान ने नीट से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार के पास छुपाने के लिए कुछ नहीं है। मामले से जुड़े सभी तथ्यों को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष रखा है। मामला न्यायालय में है, थोड़ा इंतजार करिए और देखिए अदालत क्या फैसला देती है। सदन हर तरह से चर्चा को तैयार है।

### एक दूसरे को दोषी ठहराने का खेल न हो: ओम बिरला

सदन में हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन में सार्थक चर्चा होनी चाहिए। मामला अदालत में है। एक दूसरे को दोषी ठहराने के खेल से भारतीय शिक्षा प्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### विपक्ष ने किया वॉकआउट

नीट मसले पर बहस के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जब अपना वक्तव्य पूरा किया तो राहुल गांधी ने बोलने की इच्छा जताई लेकिन उन्हें इजाजत नहीं दी गई। इसके बाद राहुल गांधी समेत पूरा विपक्ष जिसमें तृणमूल कांग्रेस और डीएमके सांसद भी थे, सदन से वॉक आउट कर गए।

## सदन में वित्त मंत्री का माइक बंद हुआ

**नई दिल्ली, वि.सं.।** बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा में दिलचस्प वाकया हुआ। प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न का उत्तर देते वक्त वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का माइक बंद हो गया। माइक बंद होते ही उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की तरफ देखते हुए कहा कि सर, मेरा माइफ ऑफ हो गया है।

वित्त मंत्री ने कहा, सिर्फ विपक्ष के ही लोगों का माइक ऑफ नहीं होता है। उनका माइक भी बंद हो जाता है। इसके बाद सीतारमण ने विपक्ष की तरफ इशारा करते हुए कहा कि हो सकता है आपको कुछ संतुष्टि मिली होगी। यह सुनकर सत्ता पक्ष के लोग हंस पड़े।

## बजट पर 20-20 घंटे चर्चा के आसार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा और राज्यसभा में आम बजट पर 20-20 घंटे चर्चा होने की संभावना है।

निचले सदन में रेलवे, शिक्षा, स्वास्थ्य, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालयों पर अलग से बहस होने की उम्मीद है। संसद सत्र के एजेंडे को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को दोनों सदनों की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक हुई।

**संसद 30 S**



संसद सत्र के पहले दिन सोमवार को बारिश के दौरान खुद को बचाने के लिए छाते का इस्तेमाल करतीं डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि। • प्रेट्र

### नीट की जांच के लिए समिति गठित हो

**नई दिल्ली।** नीट पर लोकसभा में हंगामे के बीच एर्नाकुलम से कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले तेजी से बढ़े हैं। इससे शिक्षा और नियुक्ति प्रणाली की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है।

### आंध्र प्रदेश को 63 हजार करोड़ दिए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय योजनाओं के तहत आंध्र प्रदेश को पांच साल में 63 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में जानकारी दी। एक पूरक सवाल में राज्य की पूर्व वाईएसआर सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया। इसपर वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि अगर केंद्र को इस संबंध में शिकायत मिलेगी तो उसे देखा जाएगा।

### शत्रुघ्न सिन्हा ने लोकसभा सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली।** मशहूर अभिनेता और तृणमूल कांग्रेस के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने सोमवार को लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली। मानसून सत्र के पहले दिन की कार्यवाही आरंभ होने के बाद सिन्हा ने शपथ ग्रहण की। वह संसद के पिछले सत्र में शपथ नहीं ले सके थे। सिन्हा पिछले दिनों संपन्न लोकसभा चुनाव में दोबारा पश्चिम बंगाल के आसनसोल संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं।

### एनटीए ने स्थगित कीं 16 परीक्षाएं

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने वर्ष 2018 से लेकर अबतक अलग-अलग कारणों से 16 परीक्षाएं स्थगित की हैं। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सुकांता मजूमदार ने सोमवार को लोकसभा में डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधी के सवाल का जवाब देते हुए बताया कि परीक्षा स्थगित करने का मुख्य कारण कोरोना महामारी, प्रशासनिक, लॉजिस्टिक और तकनीकी समस्या रही।

### कांवड़ मामले पर चर्चा का नोटिस खारिज

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में कांवड़ मार्ग की दुकानों पर नाम लिखने के आदेश को लेकर सोमवार को राज्यसभा में विपक्ष ने चर्चा के लिए नोटिस दिया जिसे राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि नोटिस न तो नियम 267 की आवश्यकताओं के अनुरूप थे और न ही अध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप। इसलिए इन्हें स्वीकार नहीं किया जाता है।

### भाषणों का हिंदी वॉयसओवर बंद करने की मांग

**मुंबई।** लोकसभा सांसद और एनसीपी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले ने सोमवार को मांग की कि केंद्र सरकार को अपने टेलीविजन चैनल पर संसद सदस्यों द्वारा अंग्रेजी या क्षेत्रीय भाषाओं में दिए जाने वाले भाषणों का हिंदी वॉयसओवर बंद कर देना चाहिए। सुले ने 'एक्स' पर कहा कि संसद टीवी ने इस लोकसभा के पहले सत्र में भाषणों का हिंदी रूपांतरण देने का चलन शुरू किया है।

# इस साल नो फ्लाई लिस्ट में 51 विमान यात्री डाले गए

**राज्यसभा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हवाई यात्रियों के खराब व्यवहार के कारण डीजीसीए ने 51 विमान यात्रियों को नो फ्लाई लिस्ट में डाला है। राज्यसभा में नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल ने सोमवार को लिखित जवाब में ये जानकारी दी।

राज्यमंत्री ने बताया कि बीते पांच साल में कुल 300 यात्रियों को नो फ्लाई लिस्ट में डाला गया। इस साल एक जुलाई तक इस सूची में 51 नाम जुड़े हैं। उन्होंने ये भी बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए नियमों को लगातार सख्त किया जा रहा। विमान और संपत्ति की सुरक्षा के साथ यात्रा के दौरान अनुशासन पहली प्राथमिकता है। राज्यमंत्री ने अलग से लिखित जवाब में बताया कि विमानों के संचालन की कीमत अलग-अलग है। इसके कई कारण है। विमान संचालन में 40 फीसदी खर्च एटीएफ पर हो रहा है।

**नो फ्लाई लिस्ट में यात्री**

| वर्ष | यात्री |
|---|---|
| 2023 | 110 |
| 2022 | 63 |
| 2021 | 66 |
| 2020 | 10 |

# सांसदों ने खेल संघों में राजनीति का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** संसद सत्र के पहले दिन लोकसभा में आगामी ओलंपिक में भारत की तैयारी के मुद्दे पर नियम 193 के तहत शुरू हुई चर्चा में सांसदों ने खेल संघों में राजनीति का मुद्दा उठाया। चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इन संघों में चुनाव के माध्यम से अध्यक्ष और सचिव चुने जाते हैं तो राजनीति होनी ही है।

तृणमूल कांग्रेस सांसद कीर्ति आजाद ने सवाल उठाया कि अगर खेल संघों में लड़ाई होगी तो खेल मंत्रालय की क्या जिम्मेदारी है। चर्चा के दौरान जब समाजवादी पार्टी के सदस्य नीरज मौर्य ने खेल संघों में राजनीतिक लोगों के चुने जाने और प्रतिद्वंद्विता सामने आने का जिक्र किया तो संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने कहा कि खेल संघों में चुनाव होते हैं तो राजनीति तो होगी ही।

मौर्य ने पिछले साल जंतर मंतर पर महिला पहलवानों के प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि खेलों से राजनीति दूर हो। अगर ऐसा नहीं हुआ तो जंतर मंतर पर जो हुआ वो ही होता रहेगा। खेल संघों में खेल से जुड़े लोगों को ही मौका मिलना चाहिए। इस पर पूर्व खेल मंत्री रिजीजू ने कहा कि उस राजनीति को यहां नहीं लाएं। ओलंपिक की तैयारी पर बात हो रही है, आप उस पर बात कीजिए। रिजीजू ने चर्चा में भाग लेने वाले कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा समेत अन्य विपक्षी सदस्यों से अनुरोध किया कि चर्चा पर मंत्री का जवाब भी सुनिए। आप आरोप लगाकर सदन से चले जाते हैं और सुनने के लिए नहीं बैठते। मोदी सरकार ने खेलों के लिए जो किया है, किसी सरकार ने नहीं किया।

**खेलो इंडिया के तहत पर्याप्त बजट :** भाजपा के डॉ. संजय जायसवाल ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने खेलो इंडिया के लिए 1045 करोड़ रुपये दिये हैं, जो पिछली सरकार के खेल का संपूर्ण बजट भी नहीं हुआ करता था। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों का नतीजा ही है कि भारतीय खिलाड़ी पहले की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि पहली बार ओलम्पिक में देश 10 से अधिक स्वर्ण पदक का आंकड़ा पार करेगा। केंद्र सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि भारत 2036 के ओलम्पिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा है।

### ओलंपिक के लिए राजगीर और बोधगया का चयन हो

राष्ट्रीय जनता दल के सांसद अभय कुमार सिन्हा ने सरकार से आग्रह किया कि 2036 के ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी के लिए बिहार में राजगीर या बोधगया जैसे शहर का चयन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा होता है तो यह बिहार के विकास के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने यह दावा भी किया कि पेरिस ओलंपिक में बिहार से कोई खिलाड़ी नहीं गया है। इस पर भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने प्रतिवाद किया और कहा कि पेरिस ओलंपिक में भाजपा विधायक तथा निशानेबाज श्रेयसी सिंह ट्रैप शूटिंग में भाग ले रही हैं।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अशोक कुमार, पताः एन–101–बी, मुंशी लाल बिल्डिंग, कनॉट सर्कस, दिल्ली, मोबाइल नं. 9810513258, 9711144145** ने **CC NI ACT/3191/2021, U/S 138 NI Act, पुलिस थाना साकेत, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अशोक कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अशोक कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC NI ACT/3191/2021, U/S 138 NI Act, पुलिस थाना साकेत, नई दिल्ली** के अभियुक्त **अशोक कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.09.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पूजा कुमारी
महानगर दंडाधिकारी (एनआई एक्ट)
दक्षिण, कमरा नं. 25
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/8775/SD/2024

## गुमशुदा की तलाश/अपहृत



विनय कुमार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **विनय कुमार**, पुत्र : **महेन्द्र कुमार**, पताः मकान नं० 24/160 त्रिलोकपुरी, दिल्ली जोकि दिनांक **15.07.2024** से अपने घर से गुमशुदा है। इस सदंर्भ में **DD No. 110-A dated 15.07.2024** रात 11 बजे पुलिस थाना, कल्याणपुरी, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई है:

नामः विनय कुमार, वर्षः 22 कदः 5'10'', रंगः गहरा, पहनावाः सफेद टी–शर्ट, काली पेन्ट।

अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना कल्याणपुरी ईस्ट, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फोनः 8750871830

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, कल्याणपुरी, ईस्ट दिल्ली
फोनः 8750871830

DP/9435/ED/2024

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



साहिब

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा जिसका नाम **साहिब** पुत्र **आशिक अली पताः** मकान नं.– 297, एच–17 ब्लॉक, संगम विहार, दिल्ली, जो अपने घर से दिनांक 29.06. 2024 दोपहर 01:00 बजे से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR/GD No. 344/2024, U/s 363 IPC, दिनांकः 30.06.2024, थानाः संगम विहार, दिल्ली** में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार से है:

**उम्रः** 12 साल, **कदः** 4', **चेहराः** गोल, **शरीरः** पतला, **रंगः** गोरा, **पहनावाः** काले रंग की पैंट और चेक शर्ट, स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता बच्चे के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता बच्चे के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोनः 011-24368638, 24368641
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639

थानाध्यक्ष
थानाः संगम विहार, दिल्ली
फोनः 8010085267, 8750870833

DP/8656/SD/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **अमन पुत्र** सामीर सिंह **उर्फ** समय सिंह **उर्फ** संजय **पताः** डी–1457, सुल्तानपुरी, दिल्ली केस **FIR No. 268/21, U/s 356/379/411 IPC, पुलिस थानाः नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अमन** केस **FIR No. 268/21, U/s 356/379/411 IPC, पुलिस थानाः नांगलोई, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.11.2024** को या उससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री चारू असीवाल
महानगर दण्डाधिकारी–05,
पश्चिमी, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8834/OD/2024
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रितेश भारद्वाज** पुत्र सुरेंद्र भारद्वाज निवासी (1) मकान नंबर 677 गली नंबर 18, महावीर एन्क्लेव पार्ट 2, दिल्ली, (2) स्थायी पता- मकान नंबर 28/39 ओल्ड राजेंद्र नगर, दिल्ली ने **एफ आई आर नंबर 304/19 धारा 354D/506/509 भा.द.स, थाना अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रितेश भारद्वाज** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त **रितेश भारद्वाज** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है उक्त अभियुक्त **रितेश भारद्वाज, एफ आई आर नंबर 304/19 धारा 354D/506/509 भा.द.स, थाना अमन विहार, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 28.08.2024. को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
सुश्री प्रीति राजोरिया
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट
महिला कोर्ट 02
कमरा न. 18, ग्राउंड फ्लोर
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9500/RD/2024

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय कुमार पुत्र श्री चंदर भान, निवासी– RZ– ए–46, निहाल विहार, दिल्ली ने मुकदमा संख्या 21770/21 धारा 379/411 IPC अन्तर्गत थाना पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **मुकदमा संख्या 21770/21 धारा 379/411 IPC अन्तर्गत थाना पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अजय कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.09.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री देवांशु सजलन
महानगर दण्डाधिकारी–07
कमरा नं0 289, द्वितीय तल
तीस हजारी न्यायालय,दिल्ली

DP/9447/OD/2024 (Court Matter)


# नीट, अग्निवीर के मुद्दे पर केंद्र को घेरेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली, (वि.सं.)।** संसद के बजट सत्र में कांग्रेस नीट, पेपर लीक, अग्निवीर, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को घेरेगी। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में सोमवार को संसदीय रणनीतिक समूह की हुई बैठक में बजट सत्र के दौरान पार्टी की रणनीति पर चर्चा हुई।

बैठक के बाद राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस सभी मौजूदा मुद्दों पर सरकार को घेरेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी नीट, पेपर लीक, अग्निवीर, बेरोजगारी, महंगाई और किसानों के मुद्दे पर सरकार को घेरेगी। संसद के बजट सत्र के पहले दिन लोकसभा में नीट के मुद्दे पर प्रश्नकाल के दौरान सरकार से तीखे सवाल कर कांग्रेस अपना रुख साफ कर चुकी है।


ताजा खबरों के लिए देखें:
www.livehindustan.com

**21st Death Anniversary**



**Late Suresh Kumar Changoiwala**
(19.01.1953 - 23.07.2003)
21 years have passed since you left us. We miss you every moment of our lives, your love & sweet memories are enshrined in our heart.
*-:Missed & Remembered by:-*
**Agarwal (Changoiwala) Family**
Lok Vihar, Pitam Pura, Delhi - 110034

## स्मृतिशेष



**2nd Anniversary Remembrance of Smt. Shashi Prabha Sharma**
**14.02.1948 - 23.07.2022**

You are always present in our hearts and will always be missed. **Remembered by B.S.Sharma, Gaurav-Monica, Gagan-Pallavi, Pallav-Nidhi, Family, Friends & Relatives.**



हरियाणा सरकार
म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा
हम हरियाणवी
अब आयुष्मान + चिरायु से
मुफ्त इलाज कराते हैं
सभी को ₹5 लाख तक की मुफ्त इलाज सुविधा
प्रदेश के 1215 अस्पतालों में उपलब्ध
अब तक 15.54 लाख लोगों को मिला ₹2173.30 करोड़ का निःशुल्क इलाज
1.91 करोड़ लोगों को घर बैठे मिले उनके आयुष्मान कार्ड
इलाज की चिंता से निरंतर मुक्ति
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

# उठावनी



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय

## श्रीमती सुशीला देवी अग्रवाल

**धर्मपत्नी श्री मोतीलाल अग्रवाल जी**

**का स्वर्गवास दिनांक 21 जुलाई 2024 को हो गया है।**

**उठावनी वार मंगलवार दिनांक 23 जुलाई 2024 को**
**Panashe, The Nikunj Farm, near Shiv Murti, NH-8, Rajokri, New Delhi**
**पर सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे होगी।**

### — शोकाकुल —

श्री मोतीलाल अग्रवाल (पति)

**मनोज-बबिता (पुत्र-पुत्रवधू), शीला-रवि, अर्चना-राजीव,(बेटी-दामाद)**
**ऋषभ-प्राची (पौत्र-पौत्रवधू),**
**मिष्ठी, श्रुति (पौत्री), यशवि (दोयती), आर्यन, अर्नव (दोयते)**

**चंदकिशोर, श्याम सुंदर, किशन कुमार, चेतन, अशोक, नंदकिशोर, किशन कुमार,**
**बृजमोहन, कैलाशचंद, भागीरथ, जवाहर, राधे मोहन, नवरत्न, रमेश (देवर)**
**मनीष, पंकज, अंकित, देव, यश, कुश, विमल, कमल, गणेश, संजीव, उमेश, राजेश,**
**विजय, संजय, रोहित, अविरल, अतिन, करन, राहुल, अंशुल, शरद, प्रकुल, नमन,**
**रचित, प्रतीक (भतीजे)**
**नमन, आरुष, वीर, दिव्यम (पौत्र)**

**एवं समस्त बीकानेरवाला परिवार**

BIKANERVALA BIKANO ANGAN LALJI

# कांवड़ और न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने पक्ष-विपक्ष में तर्क सुनने के बाद उस विवादास्पद आदेश पर शुक्रवार तक रोक लगा दी है, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों को मालिकों व कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने साफ कर दिया है कि खाद्य विक्रेताओं को मालिक, कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को नोटिस भी दिया है। तय है, याचिकाकर्ता ने अपनी मजबूत दलीलों से सर्वोच्च न्यायालय से अपने अनुकूल अंतरिम आदेश प्राप्त कर लिया है और अब गेंद इन सरकारों के पाले में है, उन्हें अपने आदेश के बचाव में अकाट्य तर्क के साथ पेश होना पड़ेगा। दुकानों-ठेलों पर मालिक को नाम लिखने के लिए बाध्य करने वाला यह आदेश व्यापक है और इससे समाज में एक बड़े बदलाव की शुरुआत हो सकती है। अतः संविधान की रोशनी में आगे बढ़ना चाहिए।

यह अच्छी बात है कि न्यायालय अपने अंतरिम आदेश में भी सतर्क है। न्यायालय की भी यही मर्जी है कि कांवड़ियों (तीर्थयात्रियों) को उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप शाकाहारी भोजन परोसा जाए और स्वच्छता के मानकों को बनाए रखा जाए। न्यायालय को प्रथम दृष्टया भारतीय गणराज्य के धर्मनिरपेक्ष चरित्र की चिंता है और याचिकाकर्ता भी इस मोर्चे पर अपनी आशंकाओं का समाधान चाहते हैं। एक तर्क यह भी है कि केवल नाम या पते के प्रदर्शन से शुचिता या पवित्रता बहाल नहीं होगी और न इच्छित उद्देश्य की प्राप्ति होगी। याचिकाकर्ता के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया है कि आप किसी रेस्तरां में व्यंजन सूची के आधार पर जाते हैं, न कि कौन परोस रहा है। यदि किसी दुकानदार का नाम-मजहब स्पष्ट हो जाएगा, तो पहचान के आधार पर बहिष्कार की आशंका है। याचिकाकर्ता ने यह भी तर्क दिया है कि अनेक शाकाहारी रेस्तरां के मालिक हिंदू हैं, पर वहां मुस्लिम भी काम करते हैं, तो क्या इस आधार पर भी भेदभाव किया जाएगा? इसमें कोई शक नहीं कि इस आदेश के खिलाफ आशंकाओं की एक लंबी फेहरिस्त तैयार हो गई है। एक दिलचस्प विवरण तो न्यायमूर्ति भट्टी ने सुनाया, 'केरल में एक शाकाहारी होटल है, जिसे एक हिंदू चलाता है और एक होटल मुसलमान चलाता है। एक न्यायाधीश के रूप में मैं उस होटल में जाता था, जिसे मुसलमान चलाता था और वह स्वच्छता का अंतरराष्ट्रीय मानक बनाए रखता था।' मतलब, शुचिता और गुणवत्ता का धर्म से कोई लेना-देना नहीं है, खान-पान सेवा में सही मानसिकता होनी चाहिए।

**कांवड़ मार्ग पर लागू किए गए आदेश पर सर्वोच्च न्यायालय ने अंतरिम रोक लगा दी है और वह उचित ही इस आदेश के निहितार्थ में जाना चाहता है।**

बहरहाल, कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है। सावन का पहला सोमवार बीत चुका है और अब दुकानदारों के साथ ही कांवड़ियों पर भी किसी तरह का दबाव नहीं है, पर दुकानदारों के साथ ही कांवड़ियों और अन्य ग्राहकों को भी सावधानी बरतनी चाहिए। गुणवत्ता और स्वच्छता के प्रति सजगता जरूरी है, यह एक ऐसा मसला है, जिसके लिए केवल सरकारों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। अगर लोग यह तय कर लें कि वहीं खाएंगे और वहीं से सामान लेंगे, जहां विश्वस्तरीय मानक बनाए रखा जाता है, तो आधी से ज्यादा समस्या का समाधान यहीं हो जाएगा। यहां ज्यादा जिम्मेदारी खाद्य एवं स्वास्थ्य विभाग की है, पुलिस की नहीं। अंतिम फैसले में न्यायालय को जिम्मेदारी का भी स्पष्ट निर्धारण करना चाहिए, ताकि आशंकाओं की कोई गुंजाइश न बचे।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 23 जुलाई, 1949

## किसानों को राहत

देश की जनता का अधिकतर भाग किसानों और मजदूरों से बना है। उनकी खुशहाली पर ही देश की खुशहाली निर्भर करती है। विदेशी राज में उनकी घोर उपेक्षा की गई। उनका खूब शोषण हुआ। उनको गरीबी, अज्ञान और रोग के गर्त में धकेल दिया गया। कांग्रेस ने, जबकि वह विदेशी राज्य को हटाने के लिए लड़ रही थी, किसानों और मजदूरों को यह आश्वासन दिया था कि स्वराज्य होने पर उनकी दयनीय अवस्था का अन्त कर दिया जायेगा। स्वराज्य में उनका कोई शोषण नहीं करने पायेगा। उन्हें रोग और अज्ञान के पंजे से मुक्त किया जायेगा। कांग्रेस ने कहा था कि वह जिस स्वराज्य की स्थापना के लिए लड़ रही है, वह वास्तव में किसान-मजदूर राज्य होगा। कांग्रेस को अपने उन पुराने आश्वासनों और वादों को पूरा करना है। कांग्रेस ने जब से शासन की बागडोर अपने हाथों में सम्हाली है, तब से वह ऐसे कानून बनाने का प्रयास कर रही है, जिनसे किसानों को शोषण से मुक्ति मिले।

बिहार में जमींदारी प्रथा को खत्म करने के लिए एक कानून बन चुका है और उसे गवर्नर जनरल की स्वीकृति मिल चुकी है। यह कानून एकदम जमींदारी प्रथा को समाप्त नहीं कर देगा। इसमें कुछ समय लग जायेगा। यह इसलिए कि कांग्रेस ने सर्वत्र जमींदारों को मुआवजा देने का सिद्धांत स्वीकार किया है। प्रांतीय सरकारों के पास इतना रुपया नहीं है कि एक ही बार में सब जमींदारों को मुआवजा दिया जा सके। इसलिए बिहार में वार्षिक आमदनी के लिहाज से जमींदारों को अनेक श्रेणियों में विभाजित कर दिया गया है और प्रतिवर्ष अमुक श्रेणी के जमींदारों की जमींदारियां हस्तगत कर ली जायेंगी। इस प्रकार आशा की जा सकती है कि कुछ ही वर्षों में बिहार में जमींदारी प्रथा का अन्त हो जायेगा। किसान और सरकार का सीधा सम्बन्ध कायम हो जायेगा।

बिहार की भांति युक्तप्रांत की सरकार ने भी जमींदारी प्रथा को खत्म करने का फैसला कर लिया है और इस उद्देश्य से उसने एक बिल प्रांतीय असेम्बली के सामने उपस्थित कर दिया है। युक्तप्रांत जमींदारों का गढ़ है और उनकी ओर से इस बिल का काफी विरोध हुआ है। किन्तु प्रांतीय सरकार प्रारंभिक कठिनाइयों को पार कर चुकी है और यह आशा की जा सकती है कि जमींदारी उन्मूलन कानून बिना किसी अधिक विलम्ब के स्वीकृत हो जायेगा।

# लोकसेवा आयोग पर बना रहे विश्वास



राय की राय — यहां स्कैन करें

विभूति नारायण राय | पूर्व आईपीएस अधिकारी

**संघ लोक सेवा आयोग व प्रदेश आयोगों के सदस्यों ने दशकों तक बेहतरीन काम किया, पर बीते कुछ वर्षों में उनके विरुद्ध जो आरोप लगे हैं, उनसे आम जन का विश्वास डगमगा गया है।**

आजादी के फौरन बाद जब बहुत सारे औपनिवेशिक अवशेषों को नष्ट करने की मांग उठ रही थी, एक ब्रिटिश निर्मिति को समाप्त करने से तत्कालीन गृह मंत्री और लौहपुरुष के नाम से विख्यात सरदार पटेल ने यह कहकर इनकार कर दिया था कि देश की एकता के लिए इस स्टील फ्रेम की जरूरत है। यह स्टील फ्रेम आईसीएस (इंडियन सिविल सर्विस) और आईपी (इम्पीरियल पुलिस) नामक दो अखिल भारतीय सेवाओं के रूप में मौजूद था। आजाद भारत में उन्हें नए अवतारों आईएएस (इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस) और आईपीएस (इंडियन पुलिस सर्विस) के रूप में सुरक्षित रखा गया। नई बोतल में पुरानी शराब की तरह इन सेवाओं का अर्हता, परीक्षा, सेवा शर्तों से संबंधित ढांचा कमोबेश बरकरार रहा।

संविधान लागू होने के बाद एक बड़ा फर्क यह जरूर आया कि संघ और प्रांतीय लोक सेवा आयोगों के रूप में ऐसी स्वतंत्र संस्थाएं बन गईं, जो अभ्यर्थियों का एक निश्चित पद्धति से आकलन करती हैं और फिर वांछित संख्या में उपयुक्त अभ्यर्थियों की सिफारिश सरकार को भेजती हैं। यह व्यवस्था बहुत प्रभावशाली तरीके से वर्षों तक काम करती रही, पर किसी भी अन्य संस्था की तरह लोक सेवा आयोगों में भी गिरावट आई और इन दिनों कुख्यात पूजा खेड़कर ने बेदर्दी से इस सड़ांध को इस कदर उजागर कर दिया है कि बदबू के मारे हमारी नाक फटी जा रही है।

प्रादेशिक और संघ लोक सेवा आयोगों के सदस्यों को सांविधानिक हैसियत हासिल होने के कारण इन्होंने दशकों तक बेहतरीन काम किया, पर बीते कुछ वर्षों में उनके विरुद्ध जो आरोप लगे हैं, उनसे आम जन का विश्वास डगमगा गया है। पिछले दिनों कई प्रदेश लोकसेवा आयोगों के अध्यक्ष और सदस्य भ्रष्टाचार के आरोपों में हटाए गए, यहां तक गिरफ्तार भी किए गए हैं। कुछ वर्ष पूर्व पंजाब लोकसेवा आयोग के सदस्यों के पास से करोड़ों रुपये बरामद किए गए थे।




इसी तरह इलाहाबाद लोक सेवा आयोग के एक अध्यक्ष के विरुद्ध इतने गंभीर आरोप लगे कि उसी शहर में स्थित उच्च न्यायालय को संज्ञान लेना पड़ा। ये तो सिर्फ चंद नमूने हैं।

गिरावट की सबसे बड़ी वजह शायद यह है कि इन संस्थाओं के सदस्यों के रूप में हाड़-मांस के पुतलों की नियुक्ति होती है और उनका चयन करने वाले भी उन्हीं की तरह के मनुष्य ही होते हैं। समस्या की शुरुआत होती है, जब सरकारें सदस्यों या अध्यक्ष के पद पर जाति, क्षेत्र या सिफारिश के आधार पर नियुक्तियां करने लगती हैं। इन अयोग्य सदस्यों से योग्य अभ्यर्थियों के चयन की अपेक्षा करना उनके साथ ज्यादती ही होगी। संविधान द्वारा स्वतंत्र इस संस्था की राजनीतिक नियुक्तियां खुद ही अपनी स्वायत्तता समर्पित करने को कितना उत्सुक रहती हैं, इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। मुझे एक लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक रह चुके मित्र अधिकारी ने एक बार बातचीत के दौरान बताया कि उनके अध्यक्ष परीक्षा फल घोषित करने के पहले मुख्यमंत्री कार्यालय से हरी झंडी मांगते थे। वे मुख्यमंत्री से बात कर यह भी बताना नहीं भूलते थे कि उनकी जाति के कितने उम्मीदवार सफल हुए हैं। ये अध्यक्ष महोदय बड़ी लंबी कानूनी जद्दोजहद के बाद ही हटाए जा सके और उनके कार्यकाल की सीबीआई जांच वर्षों से लंबित है।

पूजा खेड़कर के प्रकरण ने तो पूरे तंत्र की विफलता के नए कीर्तिमान कायम कर दिए हैं। पूरी तरह कम्प्यूटरीकृत संघ लोक सेवा आयोग यह नहीं पकड़ पाया कि पूजा अपने निर्धारित अवसरों से काफी अधिक - बारह बार लिखित परीक्षा में बैठी थी। इसके लिए उसे सिर्फ अपने या माता-पिता के नामों की वर्तनी मे छोटे-मोटे हेर-फेर करने पड़े, अपने निवास का पता बदलना पड़ा या अलग-अलग कोणों से खींची गई तस्वीरें फॉर्म पर चिपकानी पड़ीं। यह विश्वास करना मुश्किल होगा कि बिना किसी अंदरूनी मानवीय मदद के संस्था के कंप्यूटरों को धोखा देना इतना आसान रहा होगा। वह एक ऐसी सीट पर चुनी गई थी, जो अन्य पिछड़ा वर्ग के गैर-मलाईदार और शारीरिक अक्षमताओं वाले अभ्यर्थियों के लिए सुरक्षित थी। पूजा का पिता राज्य सरकार का एक रिटायर अधिकारी है। अपनी सेवा के दौरान वह अपनी संपत्ति का वार्षिक ब्योरा जमा करता होगा और निश्चित रूप से यह फर्जी रहा होगा, क्योंकि अवकाश प्राप्ति के बाद जब वह चुनाव लड़ा, तो चुनाव आयोग को दिए विवरणों के अनुसार उसके, उसकी पत्नी और खुद उसकी बेटी पूजा के नाम से करोड़ों रुपयों के मूल्य की चल-अचल संपत्तियां थीं। स्पष्ट है, वह सेवा के दौरान महाराष्ट्र सरकार को दिए गए वार्षिक विवरणों में झूठ लिखता रहा होगा, नहीं तो वहां ही आय से अधिक संपत्ति का प्रकरण बन जाता और वह पकड़ा जाता। संघ लोक सेवा आयोग ने कितनी लापरवाही से पूजा द्वारा दिए गए विवरणों की जांच की, यह तो इसी से स्पष्ट है कि साल-दर-साल वह बिना पकड़े गए फर्जीवाड़ा करती रही।

यह भी कम चिंताजनक नहीं है कि पूजा खेड़कर ने जिन शारीरिक अक्षमताओं का दावा किया था, उनकी पुष्टि कराए बिना उसे नियुक्ति दे दी गई। यहां भी आयोग और नियुक्ति पत्र जारी करने वाले केंद्रीय सरकार के विभाग ने पर्याप्त और जरूरी पड़ताल की परवाह नहीं की। इन विवादों की चर्चा चल ही रही थी कि संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के इस्तीफे की खबरें मीडिया में गश्त करने लगीं। हालांकि, उनसे जुड़े सूत्रों ने समझाने की कोशिश की है कि इस्तीफे और पूजा प्रकरण में कोई संबंध नहीं है, पर क्या ही अच्छा होता, यदि उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए यह कदम उठाया होता।

पाठकों ने हिंदी की कालजयी कहानी *हार की जीत* पढ़ी होगी, जिसमें नायक बाबा भारती को एक ठग द्वारा अपंग बनकर उनका घोड़ा चुराने पर अपनी क्षति से अधिक इस बात की चिंता होती है कि लोग अब किसी असहाय पर विश्वास करना छोड़ देंगे। पूजा खेड़कर का प्रकरण सामने आने के बाद लोगों ने उन तमाम लोगों पर शक करना शुरू कर दिया है, जिन्हें आर्थिक या शारीरिक अक्षमताओं के कारण चयन में मदद मिली है। इनमें से अधिकांश बिना किसी झूठ के अपनी योग्यता के बल पर चुने गए होंगे, लेकिन पूजा ने सबको संदिग्ध बना दिया है। सोशल मीडिया पर चुन-चुनकर उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया गया है। कोई यह नहीं सोच रहा है कि पहले ही प्रकृति की ज्यादतियों के शिकार इन लोगों पर शक कर हम उन्हें अतिरिक्त घाव दे रहे हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# बढ़ते भारत की बेहतर तस्वीर पेश कर रहा आर्थिक सर्वे



यहां स्कैन करें

दलीप कुमार | अर्थशास्त्री

सोमवार को संसद-पटल पर रखा गया साल 2023-24 का आर्थिक सर्वे विकसित होते भारत की तस्वीर दिखा रहा है। इसमें अनुमान लगाया गया है कि 2023-24 में भारत की वास्तविक जीडीपी में 8.2 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि 2022-23 में यह 6.5 प्रतिशत थी। यह स्थिति तब है, जब विश्व की औसत विकास दर 3.2 प्रतिशत ही है। यही नहीं, भारत की जीडीपी की वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 से सात प्रतिशत तक रहने का अनुमान लगाया गया है। अर्थव्यवस्था में यह भरोसा इसलिए बना है, क्योंकि सर्वेक्षण मानता है कि देश का भू-राजनीतिक महत्व, आर्थिक झटकों को झेलने की क्षमता और ठोस व स्थिर घरेलू वृद्धि से भारत आर्थिक रूप से लगातार मजबूत बन रहा है। यही कारण है कि अब विशेष तौर पर शोध व अनुसंधान के क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने की बात आर्थिक सर्वेक्षण में कही गई है।

बहरहाल, सर्वे में सबकी नजर रोजगार के आंकड़ों पर थी। बेरोजगारी बढ़ने को लेकर लगातार सरकार पर हमला बोला जाता रहा है, मगर आर्थिक सर्वे की मानें, तो देश में बेरोजगारी घटी है। 2017-18 में यह दर जहां 17.8 प्रतिशत थी, वहीं साल 2022-23 में यह घटकर 10 प्रतिशत रह गई। अच्छी बात है कि शहरी बेरोजगारी में भी कमी आई है, भले ही यह बेहद मामूली ही क्यों न हो। दरअसल, आम लोगों की नजर में रोजगार का मतलब सरकारी या स्थायी नौकरी होता है, पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, यानी ईपीएफओ के आंकड़ों के आधार पर भी सरकार रोजगार की स्थिति नापती है और यह आंकड़ा बताता है कि 2019 में जहां 61.1 लाख कर्मचारियों के पास ईपीएफओ खाता था, वहीं 2024 में यह बढ़कर 131.5 लाख हो गया। यानी, पांच वर्षों में करीब-करीब दोगुनी संख्या में नए कामगार ईपीएफओ से जुड़े हैं। सुखद है कि श्रमबल में महिलाओं की संख्या भी अच्छी-खासी बढ़ी है और उनमें 2017-18 से लेकर 2022-23 में 16.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**यह आर्थिक सर्वे कृषि विकास दर की बेहतरी का भी संकेत दे रहा है, जिसमें औसतन चार प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है।**

महंगाई को लेकर भी आर्थिक सर्वे में कुछ अलग कहानी दिखती है। मुद्रास्फीति दर, जो 2022-23 में 6.7 प्रतिशत थी, वह 2023-24 में घटकर 5.4 हो गई है। इसमें मूलतः थोक महंगाई दर शामिल है। वैसे, खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई है और यह पिछले साल के 6.6 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष बढ़कर 7.5 प्रतिशत हो गई, जिसकी ठोस वजहें भी हैं। वास्तव में, जलवायु परिवर्तन को खाद्य मुद्रास्फीति दर बढ़ने की एक बड़ी वजह माना जाता है। प्रकृति का अनुकूल न रहना, अतिवृष्टि, अनावृष्टि जैसे कई कारक हैं, जो हमारी खेती को प्रभावित कर रहे हैं। इन सबसे खाद्य मुद्रास्फीति ऊपर-नीचे होती रहती है। वैसे, विशेषकर आलू, प्याज और टमाटर की कीमतें बढ़ी हैं। चावल, दाल आदि खाद्यान्नों में बहुत ज्यादा उछाल नहीं है।

सामाजिक सुरक्षा की बात करें, तो कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर), यानी कॉरपोरेट जगत की सामाजिक जिम्मेदारी बढ़ी है। यह जिम्मेदारी उन कंपनियों पर लागू होती है, जिनकी सालाना कमाई 1,000 करोड़ या सालाना लाभ पांच करोड़ रुपये है। उनको अपने तीन साल के औसत लाभ का कम से कम दो प्रतिशत समाज की बेहतरी के कार्यों पर खर्च करना होता है। आर्थिक सर्वे के मुताबिक, इस राशि में 53 फीसदी की वृद्धि हुई है और यह 2017-18 की 17,096 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर 2021-22 में 26,278 करोड़ हो गई है, जो संकेत है कि उद्योगों के लिए देश में माहौल अनुकूल है। यह भी एक वजह है कि चीनी निवेश की अनुमति दे दी गई है। माना गया है कि द्विपक्षीय रिश्तों में आई खटास के कारण सरकार ने चीनी निवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था, मगर आम जनता के हित में अब ऐसा नहीं किया जा सकता। इसका फायदा यह भी होगा कि टैक्स की चोरी नहीं होगी और सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी।

आर्थिक सर्वे कृषि विकास दर की बेहतरी का संकेत दे रहा है, जिसमें औसतन चार प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है। कुल मिलाकर, यह सर्वे भारत की तरक्की की गाथा है। उसके मुताबिक, कोरोना महामारी से सुस्त पड़ी अर्थव्यवस्था तेजी से उबर रही है। लिहाजा, जीडीपी के हिसाब से विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अब जल्द ही शीर्ष चार में शुमार हो सकती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# सत्य का बोध तभी होगा

हमारा जीवन अधिकांशतः समय में व्यतीत होता है; यहां समय कालक्रम के मिनट, घंटे, दिन अथवा वर्ष के अर्थ में नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक स्मृति के अर्थ में है। हम समय के गणित में जीते हैं, समय के ही परिणाम हैं। हमारा मन अनेक विगत दिवसों का फल है और वर्तमान केवल अतीत से भविष्य की ओर जाने का मार्ग है। हमारा मन, हमारी क्रियाएं, हमारा अस्तित्व समय पर आधारित है। समय के बिना हम विचार नहीं कर सकते, क्योंकि विचार समय का ही परिणाम है; विचार अनेक बीते दिनों का परिणाम है और वह स्मृति के अभाव में संभव नहीं है। स्मृति समय है, क्योंकि समय दो प्रकार का होता है- क्रमिक और मनोवैज्ञानिक।

एक समय बीते हुए कल के रूप में घड़ी के अनुसार होता है और दूसरा, स्मृति के अनुसार। क्रमिक समय से इनकार करना बेतुकी बात होगी, तब तो आपकी गाड़ी ही छूट जाया करेगी। परंतु क्रमिक समय के अतिरिक्त क्या वस्तुतः कोई दूसरा समय होता है?... इसमें कोई शक नहीं कि समय, मनोवैज्ञानिक समय मन की उत्पत्ति है। विचार की बुनियाद के बिना समय का वजूद नहीं होता। वर्तमान के संदर्भ में वह बीते हुए कल की स्मृति मात्र है। तात्पर्य यह कि बीते हुए कल के अनुभव की स्मृति वर्तमान की प्रतिक्रिया के रूप में भविष्य को निर्मित करती है और यह विचार की ही प्रक्रिया है।

विचार प्रक्रिया समय के अंतर्गत मनोवैज्ञानिक प्रगति का आभास देती है, परंतु क्या यह क्रमिक समय की तरह वास्तविक है और क्या हम उस मनोगत काल का उपयोग शाश्वत और कालातीत को समझने के साधन के रूप में कर सकते हैं? जैसा कि मैंने कहा, प्रसन्नता बीते हुए कल की नहीं होती, सदा वर्तमान में होती है। वह एक समयातीत अवस्था होती है। मुझे नहीं मालूम कि आपने इस बात पर ध्यान दिया है या नहीं कि जब आप गहन उल्लास की अवस्था में होते हैं, तो एक सर्जनात्मक आनंद की अवस्था में होते हैं। उस क्षण में काल नहीं होता, वहां केवल प्रत्यक्ष वर्तमान होता है।

वर्तमान के इस अनुभव के बाद मन का प्रवेश होता है। वह स्मरण करता है और आनंद की उस अवस्था को अधिकाधिक संचित करके बनाए रखना चाहता है। इस प्रकार वह काल का सृजन करता है। अतः काल, समय 'और अधिक' द्वारा सर्जित किया जाता है; समय संचय-वृत्ति भी है और निरासक्ति भी और यह निरासक्ति मन की संचय-वृत्ति से अलग नहीं है। इसलिए मन को सिर्फ समय में अनुशासित करना कालातीत को जानने के लिए नाकाफी है।... मन जब निश्छल है, शांत है, कोई समाधान नहीं तलाश रहा; जब वह न तो प्रतिरोध कर रहा और न ही उपेक्षा, तभी वह सत्य का प्रत्यक्ष बोध कर पाता है।

**जब हम गहन उल्लास की अवस्था में होते हैं, तब एक सर्जनात्मक आनंद की स्थिति में होते हैं। उस क्षण में काल नहीं होता, वहां केवल प्रत्यक्ष वर्तमान होता है।**

जे कृष्णमूर्ति




# तकनीक पर इतनी निर्भरता ठीक नहीं

तकनीक पर आज हम कितने निर्भर हो गए हैं, यह तो खूब नजर आता है, लेकिन बीते दिनों माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में खराबी के बाद दुनिया भर की जो हालत हुई, वह अकल्पनीय थी। हर कंपनी, खासकर माइक्रोसॉफ्ट जैसी नामचीन कंपनी अपना एक बैकअप प्लान (बिजनेस कंटिन्यूटी प्लान) हमेशा तैयार रखती है, लेकिन हमने देखा कि संकट के समय इस पर अमल नहीं हो सका। नतीजतन, खराब रिस्पॉन्स टाइम भी हमें देखने को मिला, जिससे कई देशों को खासा नुकसान हुआ। ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, इटली, भारत जैसे देशों में तो हजारों की संख्या में विमानों की आवाजाही थम गई। बैंकों और शेयर बाजारों पर भी इसका काफी खराब असर पड़ा। भले ही, यह एक सेफ्टी पैच के कारण हुआ, लेकिन जो हुआ, वह अकल्पनीय था। इससे न सिर्फ माइक्रोसॉफ्ट, बल्कि अन्य तकनीकी कंपनियों की साख पर भी बट्टा लग गया। इससे विश्व को एक सबक भी मिला कि तकनीक पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता हमें कभी-कभी बहुत बड़ी मुसीबत में डाल देती है, इसलिए इतनी निर्भरता ठीक नहीं है। आशंका यह भी बढ़ गई है कि डार्क जोन के कारण पहले से ही त्रस्त दुनिया की मुसीबत कहीं ऐसी तकनीकी खराबियों से और न बढ़ जाए? साफ है, हम सबको मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनानी होगी कि यदि तकनीक इस कदर विफल हो जाए, तो हमारा बैकअप प्लान तैयार रहे, ताकि उससे प्रभावित हुए बिना हम अपना कामकाज निरंतरता के साथ करते रहें।

मुनीश कुमार, टिप्पणीकार

## विकट स्थिति

माइक्रोसॉफ्ट की तकनीकी गड़बड़ी ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया। सोचिए, जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिये दुनिया पूरी तरह से तकनीक पर निर्भर हो जाएगी, तब क्या होगा? तब तो तकनीकी गड़बड़ी ही नहीं, सेंधमारी का खतरा भी बढ़ जाएगा, क्योंकि हमारा एक नुकसान हैकरों के वारे-न्यारे कर सकता है। कल्पना कीजिए तब क्या होगा, जब हजारों करोड़ रुपये का निवेश करके कोई उपग्रह छोड़ा जा रहा हो, या अस्पताल में मरीजों की जान बचाने के लिए गंभीर ऑपरेशन किए जा रहे हों और अचानक वहां की तकनीक विफल हो जाए! ऐसे में, हमें कितना बड़ा नुकसान होगा? साफ है, किसी तकनीक को पूर्णतः त्रुटिरहित बनाकर ही बाजार में उतारना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी विकट परिस्थिति में लोगों को नुकसान न होने पाए। इसके लिए जरूरी फायरवाल इस्तेमाल करना होगा। तकनीक को एक विज्ञान ही रहने दें, उसे जीवन के ऊपर हावी न होने दें।

विभूति बुपक्या, टिप्पणीकार




# यदा-कदा ही होती ऐसी बड़ी गड़बड़ी

माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में जो तकनीकी गड़बड़ी आई, वह वाकई सबक लेने योग्य मामला है, लेकिन सिर्फ एक घटना के आधार पर यह कहना कि तकनीक पर हमारी इतनी निर्भरता ठीक नहीं, गलत होगा। जबकि, हम जानते हैं कि तकनीक ने हमारे जीवन को कितना सुगम बनाया है। 'कर लो दुनिया मुट्ठी में' भले कभी एक कंपनी की टैगलाइन हुआ करती थी, लेकिन आज वाकई यही सच्चाई है। पूरी दुनिया हमारी मुट्ठी में इसीलिए सिमट आई है, क्योंकि हमने नई-नई तकनीक पर भरोसा किया है, उसकी अच्छाइयों को आत्मसात किया है और उसे वक्त व जरूरत के अनुकूल लगातार विकसित किया है। ऐसे में, एक घटना से हम अपने कदम पीछे नहीं खींच सकते या तकनीक की लानत-मलामत नहीं कर सकते।

यह सही है कि शुक्रवार को जो हुआ, वह ठीक नहीं था, लेकिन ऐसी घटना आखिर घटती कितनी है? तमाम विशेषज्ञ यही कह रहे थे कि उन्होंने पहली बार ऐसी स्थिति का सामना किया था। इसका मतलब है कि यह अपनी तरह की पहली घटना थी। जाहिर है, अब जब हमें पता है कि ऐसा कुछ हो सकता है, तो हम अपनी तैयारी भी उसी के अनुरूप करेंगे। प्रकृति में ही काफी कुछ पहली बार होता है या यूं कहें कि पहली बार हमारा उनसे सामना होता है, तो हमें दिक्कत होती ही है, लेकिन अगली बार हम उससे लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार रहते हैं। कोरोना महामारी को ही देखिए, यह हमारे जीवन काल की ऐसी पहली महामारी थी और हमने पीछे न हटते हुए उसके खिलाफ प्रभावी टीका तैयार किया। आज स्थिति यह है कि कोरोना से हमें भय नहीं लग रहा। ठीक ऐसा ही कुछ तकनीकी दुनिया में भी होता है। वहां भी कोई चीज यदि पहली बार होती है, तो उसे अगली बार के लिए नजीर के तौर पर देखा जाता है और उससे लड़ने के लिए पूरी तैयारी की जाती है।

यह वैज्ञानिक युग ही नहीं, नई-नई तकनीक व प्रौद्योगिकियों के विकास का भी युग है। ऐसे में, हम अपने कदम पीछे नहीं खींच सकते। पूरी दुनिया आज नई-नई तकनीक के विकास पर जोर दे रही है और वह भी ऐसी तकनीक, जो इंसानों के लिए सुरक्षित है। यह आगे भी होता रहेगा। तकनीक और प्रौद्योगिकी की ताकत आज की सबसे बड़ी जरूरत है। ऐसे में, तकनीक पर हमारी निर्भरता दिन-ब-दिन बढ़ती ही जाएगी। रही बात ऐसी घटनाओं की, तो कभी-कभार यदि तकनीक विफल भी हो जाती है, तो उस पर बहुत ध्यान नहीं देना चाहिए। हम उससे सबक लेकर कहीं तेजी से तरक्की की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

महिमा तिवारी, टिप्पणीकार

# अपने भीतर की प्रसन्नता को बनाए रखना सीखें

**हम में से प्रत्येक की इच्छा प्रसन्न रहने की होती है, लेकिन हम किसी-न-किसी अज्ञात कारण से प्रभावित होकर दुखी रहते हैं। अपने भीतर की प्रसन्नता को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि हमारी आंतरिक शांति पर बाहरी परिवेश का असर न हो**

अध्यात्म



श्री श्री परमहंस योगानंद

सादा जीवन एवं उच्च विचार आपका लक्ष्य होना चाहिए। अपने भीतर प्रसन्नता की सभी अवस्थाओं को बनाए रखना सीखें। आपकी प्रसन्नता किसी भी बाह्य परिस्थिति से कदापि प्रभावित नहीं होनी चाहिए। आपका परिवेश कैसा भी हो, उसे अपनी आंतरिक शांति को स्पर्श न करने दें। अपना विश्लेषण करें। जैसा आपको होना चाहिए और जैसा आप बनना चाहते हैं, वैसा ही स्वयं को बनाएं। लोग सच्चा संयम कम ही सीखते हैं। वे ऐसे कार्य करते हैं, जो उनके उच्चतम कल्याण के लिए हानिकर होते हैं और सोचते हैं कि वे स्वयं को सुखी बना रहे हैं, परंतु ऐसा नहीं है। आपको जिस कार्य को जब करना चाहिए, उसे तब करना; और जिसे आप जानते हैं कि इस कार्य को नहीं करना हानिकारक है, इससे बचना चाहिए। यही वास्तविक सफलता और प्रसन्नता की कुंजियां हैं।

अपने मन को बहुत से कार्यों में मत उलझाए रखें। विश्लेषण करें कि आपको उनसे क्या प्राप्त होता है और देखें कि क्या वास्तव में वे महत्वपूर्ण हैं। अपना समय नष्ट न करें। मैं प्रायः कहता हूं, 'यदि आप दो घंटा पढ़ते हैं, तो अपनी आध्यात्मिक दैनंदिनी में एक घंटे तक लिखें; और यदि आप दो घंटे लिखते हैं, तो तीन घंटे तक मनन करें; और यदि आप तीन घंटे तक लिखते हैं, तो सारा समय ध्यान करें।' चाहे मैं कहीं भी जाऊं, मैं अपना मन अपनी आत्मा की शांति पर निरंतर लगाए रखता हूं। आपको भी अपनी चित्त रूपी सूई को सदा आध्यात्मिक आनंद रूपी उत्तरी ध्रुव की ओर लगाए रखना चाहिए। तब कोई भी आपके संतुलन को विचलित नहीं कर सकता।

याद रखें, यदि प्रतिदिन आप स्वयं को पिछले दिन से अधिक अच्छा व्यक्ति नहीं पाते, तो आप पीछे की ओर जा रहे हैं– स्वास्थ्य में, मानसिक शांति में और आत्मिक आनंद में। क्यों? क्योंकि आप अपने कार्यों पर पर्याप्त नियंत्रण का अभ्यास नहीं करते हैं। आपने स्वयं ही अपनी आदतें बनाई हैं और आप स्वयं ही उन्हें बदल सकते हैं। यदि आप गलत ढंग से सोचते रहे हैं, तो अच्छे लोगों की संगति और अध्ययन तथा ध्यान करने का निश्चय करें। संगति का परिवर्तन आप में बहुत अंतर ला सकता है। जब आप यहां आते हैं, चाहे इन कुछ घंटों के लिए ही सही, तो आपकी मानसिकता में परिवर्तन आता है, आप एक नवीन शांति का अनुभव करते हैं। जब आप किसी नृत्य अथवा भोज के लिए जाते हैं तो आपका मन प्रायः अशांत, अधीर और उत्तेजित हो जाता है। उसके बाद यदि आप एक भिन्न, शांत वातावरण में प्रवेश करते हैं, तो आप फिर से अधिक शांतिमय अनुभव करते हैं। आपके जीवन में सबसे अधिक प्रभावशाली, जोकि आपकी इच्छाशक्ति से भी अधिक शक्तिशाली है, वह है आपका परिवेश। यदि आवश्यकता हो तो उसे बदल दें। जब तक आप मानसिक रूप से सुदृढ़ नहीं होते, आप एक अच्छे वातावरण की सहायता के बिना वह कभी नहीं बन सकते, जो आप बनना चाहते हैं। जब आपको अच्छा बनने के प्रयास में कठिनाई आ रही हो, तो आध्यात्मिक संगति और अन्य प्रेरणादायक प्रभाव अति आवश्यक है।

स्वयं को और अधिक अच्छा बनाने में आत्म-विश्लेषण भी आवश्यक है। यदि आप निर्भीक होकर स्वयं का विश्लेषण कर सकें, तो आप दूसरों के द्वारा किया गया आलोचनात्मक विश्लेषण भी बिना झिझक के सहने योग्य हो जाएंगे।

संसार में पहले से ही बहुत सारी बुराइयां हैं। बुराई के विषय में बात न करें, न सोचें और न ही बुरा करें। गुलाब की भांति बनें, और आत्मिक अच्छाई की मधुर सुगंध को चारों ओर बिखेरें। प्रत्येक व्यक्ति को यह अनुभव कराएं कि आप उनके मित्र हैं, उनके सहायक हैं, विनाशक नहीं। यदि आप अच्छा बनना चाहते हैं, तो स्वयं का विश्लेषण करें और गुणों को अपने में विकसित करें। अपने मन से यह विचार निकाल दें कि आपके स्वभाव में बुराई की कोई भूमिका है, और तब यह समाप्त हो जाएगी। प्रत्येक व्यक्ति को यह अनुभव करा दें कि आप ईश्वर का प्रतिबिंब हैं। मात्र अपने शब्दों से नहीं अपितु अपने व्यवहार से। प्रकाश पर बल दें और अंधकार समाप्त हो जाएगा। अध्ययन करें, ध्यान करें और दूसरों का भला करें।



एकांत महानता का मूल्य है। अंतर में अकेले रहें। अनेक लोगों की तरह लक्ष्यहीन जीवन व्यतीत न करें। ध्यान करें और अच्छी पुस्तकें अधिक पढ़ें। जानने के लिए अनेक प्रेरणादायक बातें हैं और फिर भी व्यक्ति अपना समय मूर्खता से बिता देता है। यदि आप एकाग्र नहीं होते और महान पुरुषों के ज्ञान का आचरण नहीं करते तो सुख कभी नहीं आएगा। आपकी सहायता के लिए धर्मग्रंथों में और अन्य सच्ची पुस्तकों में, उनके विचार उपलब्ध हैं।

इसलिए निरंतर नई उत्तेजनाओं की खोज में समय नष्ट न करें। अपने भीतर ध्यान में केंद्रित रहें। सुख ध्यान करने पर, पुस्तकों द्वारा महापुरुषों के विचार जानने पर और उत्कृष्ट एवं दयालु लोगों की संगति में रहने पर आश्रित है। एकांत का आनंद लें, परंतु जब आप दूसरों से मिलना चाहें, तो अपनी संपूर्ण मित्रता एवं प्रेम के साथ मिलें, जिससे कि वे लोग आपको कभी नहीं भूलें, बल्कि सदा याद रखें कि किसी ऐसे व्यक्ति से मिले थे, जिसने उन्हें प्रेरित किया और उनका मन ईश्वर की ओर मोड़ दिया।

आस्था-अनास्था

समीर उपाध्याय ज्योतिर्विद

## मंगल-गुरु योग : संघर्ष के साथ सफलता भी देगा

**मंगल-गुरु योग के बारह राशियों पर क्या फल होते हैं?**
–रामकुमार अग्रवाल, देहरादून





**मंगल ग्रह** 12 जुलाई, 2024 को शाम 06.54 पर वृष राशि में प्रवेश कर चुके हैं। यहां यह 27 अगस्त सुबह 04.40तक रहेंगे। वृष राशि में गुरु पहले से ही गोचर कर रहे हैं। ऐसे में मंगल-गुरु युति 27 अगस्त, 2024 तक रहेगी। वृष राशि में मंगल-गुरु युति का बारह राशियों पर प्रभावः

**मेष :** आर्थिक लाभ। नई नौकरी। परिवार में मांगलिक कार्य। कुछ रुके काम बनेंगे।
**वृष :** नए संबंध-संपर्क बनेंगे। आमदनी के कुछ नए स्तोत्र की प्राप्ति। स्वास्थ्य समस्या। घर के सदस्य का स्थान परिवर्तन।
**मिथुन :** खर्च की अधिकता। पारिवारिक जीवन एवं साझेदारी में विवाद। निवास, पढ़ाई या कार्यस्थल में परिवर्तन। विवाद में सफलता।
**कर्क :** अधिकांश कार्यों में सफलता। बड़े भाई-बहनों से लाभ। आर्थिक तरक्की। कुछ पुरानी समस्या का समाधान। परिवार में मांगलिक कार्य।
**सिंह :** भौतिक सुख-सामग्री, चल-अचल संपत्ति की खरीदारी। लाभकारी परिवर्तन। अधिकांश कार्यों में सफलता।
**कन्या :** पराक्रम बढ़ेगा। रुके कार्य बनेंगे। छोटे भाई-बहनों से संबंधित शुभ समाचार। अतिरिक्त बौद्धिक श्रम से काम बनेंगे।
**तुला :** संघर्षपूर्ण सफलता। स्वास्थ्य संबंधी अस्थिरता। लेनदेन एवं विवादित मामलों का निपटारा होगा।
**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्य। कुछ रुके कार्य बनेंगे। नए संबंध-संपर्क बनेंगे।
**धनु :** तरक्की। मान-सम्मान में वृद्धि। पुरानी स्वास्थ्य समस्या का समाधान। परिवार में मांगलिक कार्य।
**मकर :** शुभ-अशुभ प्रभाव। आर्थिक लाभ के साथ खर्च की अधिकता। पुरानी समस्या का समाधान। जोखिमपूर्ण कार्यों से परहेज करें।
**कुंभ :** शनि की साढ़ेसाती पर लगाम। घरेलू सुख-सामग्री, चल-अचल संपत्ति बढ़ेगी। तरक्की, आर्थिक लाभ। मान-सम्मान की प्राप्ति। अतिरिक्त प्रभार मिल सकता है।
**मीन :** भाग्य का साथ। रुके कार्य बनेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। तरक्की, घर में मांगलिक कार्य। विदेश यात्रा, नई खरीददारी। बड़ी सफलता। भाग्य का साथ मिलेगा।

### भेजें अपने सवाल

**स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?**

पाप क्या है, पुण्य क्या है? धर्म क्या है, अधर्म क्या है? ईश्वर की आराधना कैसे करें? ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन-मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।

**अपने सवाल हमें इस पते पर भेजें- धर्मक्षेत्रे, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 (उत्तर प्रदेश)**

बोध कथा

## ज्ञान प्राप्त करने के लिए मन को खाली करना जरूरी है

**एक** बार व्यक्ति महात्मा बुद्ध के पास पहुंचा। उसने हाथ जोड़कर बुद्ध से कहा, 'कृपया मुझे अपना शिष्य बना लें। मैं आपसे ज्ञान पाना चाहता हूं, जिससे मेरा जीवन बदल सके।'

बुद्ध ने उस व्यक्ति की ओर देखा और कहा, 'यदि तुम मुझसे शिक्षा लेना चाहते हो तो तुम आज से दस दिन बाद मेरे पास आना।' वह व्यक्ति दस दिन बाद फिर बुद्ध के पास आया और कहा, 'अब दस दिन बीत गए हैं, कृपया मुझे शिक्षा दें।' बुद्ध का उत्तर फिर यही था, 'यदि तुम कुछ सीखना चाहते हो, तो दस दिन बाद आओ।'

ऐसा कई महीनों तक चलता रहा। जब भी शिष्य उनके पास आता तो बुद्ध उसे यह कहकर वापस भेज देते कि दस दिन बाद आना। आखिरकार उस व्यक्ति का धैर्य टूट गया। इस बार उसने बुद्ध से पूछा, 'आप हर बार मुझे वापस भेज देते हैं। ऐसा क्यों?' बुद्ध ने उससे एक गिलास पानी लाने को कहा। वह व्यक्ति पानी ले आया। इसके बाद बुद्ध ने कहा, 'जाओ, एक गिलास पानी और ले आओ।' वह उनके निर्देशानुसार पानी से भरा एक और गिलास ले आया। अब बुद्ध ने कहा, 'पहले गिलास में थोड़ी मिट्टी डाल दो।' उस व्यक्ति ने बिना कोई प्रश्न पूछे वैसा ही किया। मिट्टी डालते ही पहले गिलास का पानी पूरी तरह गंदा हो गया। अब बुद्ध ने उससे कहा, 'पहले गिलास का पानी दूसरे गिलास में डालो।' इस पर उस व्यक्ति ने कहा, 'यदि मैं ऐसा करूंगा तो पहले गिलास का पानी न केवल बाहर गिरेगा, बल्कि गंदा भी हो जाएगा। पहला गिलास पानी से भरा हुआ है, उसमें दूसरे गिलास का पानी कैसे आ सकता है?



इस पर बुद्ध मुस्कुराए और कहा, 'मैं तुम्हें यही समझाना चाहता हूं कि तुम अभी ज्ञान प्राप्त करने में सक्षम नहीं हो क्योंकि तुम्हारा दिमाग गंदे पानी से भरे उस गिलास की तरह पहले से ही सभी प्रकार के बुरे ज्ञान से भरा हुआ है। ऐसी स्थिति में मेरे द्वारा दिया गया ज्ञान तुम्हारे मस्तिष्क में कैसे समा सकता है? यदि मैं ज्ञान देने लगूंगा तो वह ज्ञान व्यर्थ चला जाएगा, इसलिए ज्ञान प्राप्त करने के लिए अपने मन को नकारात्मक विचारों से खाली करना होगा। आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए मन का पूर्णतः खाली होना आवश्यक है।' भगवान बुद्ध का कथन सुनकर उस व्यक्ति को उनकी बात का मर्म समझ में आ गया।

अश्वनी कुमार

### सप्ताह के व्रत-त्योहार 23 जुलाई से 29 जुलाई 2024

**23 जुलाई (मंगलवार):** श्रावण कृष्ण द्वितीया तिथि प्रातः 10.24 तक। भद्रा रात्रि 08.58 मिनट से। पंचक प्रारंभ प्रातः 09.21 मिनट से। शक श्रावण प्रारंभ। मंगलागौरी व्रत प्रारंभ।
**24 जुलाई (बुधवार) :** श्रावण कृष्ण तृतीया प्रातः 07.31 तक। भद्रा प्रातः 07.31 मिनट तक। पंचक। श्री गणेश चतुर्थी व्रत। चतुर्थी तिथि का क्षय।
**25 जुलाई (गुरुवार):** श्रावण कृष्ण पंचमी रात्रि 01.59 मिनट तक। नाग पंचमी (राजस्थान व बंगाल)। पंचक।
**26 जुलाई (शुक्रवार) :** श्रावण कृष्ण षष्ठी रात्रि 11.31 मिनट तक। भद्रा रात्रि 11.31 मिनट से। पंचक।
**27 जुलाई (शनिवार):** श्रावण कृष्ण सप्तमी रात्रि 09.20 मिनट तक। भद्रा प्रातः 10.26 मिनट तक। गंडमूल विचार। पंचक समाप्त दोपहर 01 बजे।
**28 जुलाई (रविवार):** श्रावण कृष्ण अष्टमी सायं 07.28 मिनट तक। गंडमूल प्रातः 11.48 मिनट तक।
**29 जुलाई (सोमवार):** श्रावण कृष्ण नवमी सायं 05.56 मिनट तक। भद्रा रात्रि 05.21 मिनट (सूर्योदय पूर्व) से।

पं. ऋभुकांत गोस्वामी

## महर्षि वरुण ने भृगु को दिया ब्रह्म ज्ञान

उपनिषदों की कथाएं

**महर्षि** वरुण के पुत्र भृगु के मन में ब्रह्म को जानने की इच्छा उत्पन्न हुई। वह अपने पिता, वरुण के पास गए और बोले, 'भगवन! मुझे ब्रह्म विद्या की शिक्षा दीजिए, जिससे मुझे ब्रह्म-तत्त्व का पूर्ण ज्ञान प्राप्त हो जाए।' वरुण ने अपने पुत्र की इच्छा से परिचित होकर कहा, 'अन्नमय शरीर तथा उस शरीर के भीतर प्राण, आंखें, कान, वाणी और मन इन सबको ब्रह्म ज्ञान का द्वार जानो। ब्रह्मा से लेकर तृणपर्यंत सब भूत जिससे उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होने पर जिसकी सत्ता से जीवित रहते हैं, अंत में जिसके भीतर प्रवेश करते हैं और तद्‌गत होकर लीन हो जाते हैं, उसे विशेष रूप से जानने की इच्छा करनी चाहिए।'

भृगु ने जब अपने पिता से इस प्रकार की बात सुनी तो वह ब्रह्म का ध्यान करने के उद्देश्य से तप करने लगे। तप करने पर उन्हें यह बोध हुआ कि अन्न ब्रह्म है क्योंकि अन्न से ही ये सब प्राणी उत्पन्न होते हैं, अन्न से ही जीवन धारण करते हैं और फिर अन्न में ही जाकर प्रवेश करते हैं।

जब उन्हें यह ज्ञान प्राप्त हुआ तो वे फिर अपने पिता महर्षि वरुण के पास गए और बोले, 'मुझे ब्रह्म-तत्त्व की शिक्षा फिर से दीजिए।' पिता ने कहा, 'इंद्रियों की बाहरी वृत्तियों को भीतर की ओर करके तप द्वारा तत्त्व-चिंतन करो। तप से ही ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है।' भृगु ने जब यह सुना तो वह फिर तप करने लगे। तप करने से उन्होंने जाना कि प्राण ही ब्रह्म है, क्योंकि प्राण से ही समस्त प्राणी जन्म लेते हैं, प्राण ही के द्वारा जीवन धारण करते हैं और फिर प्राण ही में जाकर लीन हो जाते हैं। वह फिर अपने पिता वरुण के पास गए और बोले, 'मुझे ब्रह्म-विषय की शिक्षा दीजिए।' वरुण ने कहा, 'तप ही ब्रह्म को जानने का एकमात्र उपाय है, इसलिए तुम तप करते रहो।' भृगु फिर तपस्या में मग्न हो गए। तपस्या करने पर उन्हें यह बोध हुआ कि मन ही ब्रह्म है और मन से ही ये सब प्राणी उत्पन्न होते हैं, मन ही के द्वारा वे जीते हैं और मन ही में जाकर विलीन हो जाते हैं। भृगु फिर अपने पिता के पास गए और बोले, 'मुझे ब्रह्म-विद्या की शिक्षा दीजिए।' वरुण बोले, 'सौम्य! तपस्या द्वारा ही ब्रह्म को जाना जा सकता है, इसलिए तुम निरंतर तप करते जाओ।'

भृगु फिर तपस्या करने लगे। इससे उन्होंने जाना कि विज्ञान ही ब्रह्म है। विज्ञान से ही ये समस्त प्राणी उत्पन्न हुए हैं, विज्ञान से ही वे जीवन धारण किए हुए हैं और अंत में विज्ञान में ही प्रवेश करके उसमें विलीन हो जाते हैं। इसके पश्चात वह फिर महर्षि वरुण के पास गए और बोले, 'मुझे इसके आगे ब्रह्म-विद्या की शिक्षा दीजिए।' वरुण बोले, 'तपस्या द्वारा ही तुम ब्रह्म का रहस्य जान सकते हो, इसलिए और अधिक तप करो।'

भृगु फिर तप में जुट गए। तप करते-करते उन्हें बोध हुआ कि आनंद ही ब्रह्म है, और उसी से इन सब प्राणियों की उत्पत्ति होती है, उसी के द्वारा सब प्राणी जीवन धारण करते हैं और अंत में उसी में जाकर विलीन हो जाते हैं। वरुण द्वारा भृगु ने जो यह ब्रह्म ज्ञान प्राप्त किया वह परम अंतर-आकाश में स्थित है। जो व्यक्ति उसे जान लेता है, वह परम ब्रह्म में स्थित हो जाता है। वह अंत में अन्न से युक्त होता है, अन्न का भोग करने में समर्थ होता है, संतान सुख प्राप्त करता है और ब्रह्म तेज द्वारा महान होकर अमित कीर्ति प्राप्त करता है।'



इलाचंद्र जोशी

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** मानसिक शांति बनाए रखने के लिए प्रयास करें। बातचीत में संतुलन भी बनाए रखें। कुटुंब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृष :** आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र भी बढ़ेगा।

**मिथुन :** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध व वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। कठिनाई आ सकती है। सेहत का भी ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे।

**कर्क :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में सम्मान मिलेगा।

**सिंह :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। अति उत्साही होने से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। संपत्ति में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या :** मन में निराशा व असंतोष रहेगा। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**तुला :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में भी लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। लेखनादि कार्यों में सम्मान मिल सकता है।

**धनु :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान हो सकता है, परंतु वाणी में सौम्यता हो सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है और परिवार से दूर जा सकते हैं।

**मकर :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है।

**कुंभ :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परंतु मन कुछ परेशान भी हो सकता है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन :** मन अशांत हो सकता है। लेखनादि बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। बौद्धिक कार्यों से धन की प्राप्ति हो सकती है। मान-सम्मान भी मिलेगा।

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### वर्ग पहेली : 7672

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | | ■ | 5 | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | ■ | | ■ | 7 | | 8 |
| | ■ | ■ | 9 | | | | ■ | |
| | ■ | 10 | ■ | | ■ | | ■ | |
| | ■ | 11 | | | ■ | ■ | ■ | |
| 12 | 13 | | ■ | | ■ | 14 | | |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ | | ■ | |
| 15 | | | | ■ | 16 | | | |

**बाएं से दाएं**
1. धारण क्षमता; आकार; परिमाण; फैलाव (4)
3. ज्यों-का-त्यों; बिना उलट फेर का; जो व्याकुल न हो; शांत; व्यवस्थित (4)
6. रजत; निर्मल; शुभ्र; श्वेत; सफेद (3)
7. जो घना न हो; दुर्लभ; पतला (3)
9. महिला विधायक; विधान निर्मात्री संस्था; राज्यों की विधान सभा व विधान परिषद् (4)
11. भय, संकोच या लज्जा के कारण छिपना; बचना; घुड़कना; डांटना (4)
12. नामवाला; नाम से प्रसिद्ध (3)
14. जिसको कोई वासना न हो; ममताहीन; क्रूर; हृदयहीन (3)
15. पानी भरने का घाट (4)
16. उत्साहित होना; ध्वजारोहण करना; फहराना; हिलोर मारना (4)

**ऊपर से नीचे**
1. उपासना करना; पूजा करना; सेवा करना (4,3)
2. अस्थिर; चलायमान; चंचल; चपल; द्रव (3)
4. पानी भरने वाला; पालकी उठाने वाला (3)
5. चौकस करना; सजग करना; होशियार करना (4,3)
7. फैलाव; प्रसार; उन्नति (3)
8. भाग्य का जोर मारना; भाग्य चमकना; माथा चमकना (3,4)
10. बाजा बजाने वाला; वादन करने वाला; वाद्य यंत्र बजाने वाला; संगीतज्ञ (3)
13. कनकना; झीना; पतला; बारीक (3)
14. मुस्लिम पद्धति का विवाह; शादी (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 7671 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1ग | ■ | 2स | हा | 3य | ता | क | 4र | ना |
| ड़ | ■ | ह | ■ | दि | ■ | ■ | ज | ■ |
| 5ब | हु | म | त | ■ | 6स | म | त | 7ल |
| ड़ | ■ | त | ■ | 8दू | र | ■ | ■ | क |
| 9क | मी | ■ | 10मा | ■ | ल | ■ | 11हे | वा |
| र | ■ | ■ | 12न | ट | ■ | 13से | ■ | मा |
| 14ना | 15के | त | क | ■ | 16द | म | दा | र |
| ■ | व | ■ | ■ | 17सु | ■ | झ | ■ | जा |
| 18कं | च | न | ब | र | स | ना | ■ | ना |

### सुडोकू : 7656

* आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | | 7 | 6 | | | 3 |
| | | | 1 | | | | | |
| | | 7 | | | 3 | | | 4 |
| 3 | 8 | | | 5 | | 2 | | |
| | | 4 | | | | 5 | | |
| | | 5 | | 2 | | | 7 | 1 |
| 8 | | | 6 | | | 4 | | |
| | | | | | 8 | | | |
| 5 | | | 2 | 3 | | 1 | 8 | 9 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं.7655

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 1 | 6 | 4 |
| 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 8 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 2 | 7 | 6 | 5 | 9 | 4 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 9 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 |

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

23 जुलाई, मंगलवार, 01 श्रावण (सौर) शक संवत् 1946, 08 श्रावण मास प्रविष्टे (पंजाब पंचांग) 2081, 16 मुहर्रम सन् 1446, श्रावण कृष्ण द्वितीया तिथि (विक्रमी संवत्) प्रातः 10.24 तक। सौभाग्य योग, गर करण। चंद्रमा मकर राशि में प्रातः 09.21 मिनट तक उपरांत कुंभ राशि में।

**सूर्य दक्षिणायन।** वर्षा ऋतु। अपराह्न 03 बजे से सायं 04.30 मिनट तक राहुकालम्। भद्रा रात्रि 08.58 मिनट से। पंचक प्रारंभ प्रातः 09.21 मिनट से। शक श्रावण प्रारंभ। मंगलागौरी व्रत प्रारंभ।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**क्या वास्तु शास्त्र के अनुसार एक लाइन में तीन दरवाजे नहीं होने चाहिए। इसका क्या परिणाम होता?**
–राधेश्याम चतुर्वेदी, मथुरा

एक लाइन में तीन दरवाजे नहीं होने चाहिए। ऐसा होने से एनर्जी रुक नहीं पाती है तथा कमाने के बाद भी बरकत नहीं होती। पैसा आने के साथ ही जाने के रास्ते भी बन जाते हैं। इसके लिए आप निम्न उपाय करें–

- बीच वाले दरवाजे पर एक विंड चाइम लगा दें। आखिरी वाले दरवाजे पर पर्दा लगा दें। सबसे पहले दरवाजे पर तीन क्रिस्टल बॉल इस प्रकार लगाएं कि दो कॉर्नर में तथा एक बीच में लगाएं। यथासंभव कोई एक दरवाजा बंद रखें।

## बजट से पहले पेश आर्थिक सर्वेक्षण में गैर कृषि क्षेत्रों में श्रमबल बढ़ाने पर जोर

# लक्ष्य : देश में हर साल 80 लाख रोजगारों का सृजन करना जरूरी

**आर्थिक समीक्षा**

**नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** देश में बढ़ते कार्यबल को देखते हुए गैर-कृषि क्षेत्र में 2030 तक सालाना औसतन 78.5 लाख रोजगार सृजित करने की जरूरत है। संसद में सोमवार को पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा में यह बात कही गई। समीक्षा में नौकरियों की संख्या का एक व्यापक अनुमान दिया गया है। बढ़ते कार्यबल के लिए इन नौकरियों को देश में सृजित करने की जरूरत है।

**कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी घटेगी :** कार्यबल में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी धीरे-धीरे घटकर 2047 में 25 प्रतिशत रह जाएगी, जो 2023 में 45.8 प्रतिशत थी। इसके परिणामस्वरूप, भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ते कार्यबल की जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर-कृषि क्षेत्र में 2030 तक सालाना औसतन लगभग 78.5 लाख नौकरियां सृजित करने की जरूरत है।

**निजी क्षेत्रों को आगे आना होगा :** समीक्षा के अनुसार, कामकाजी उम्र में हर कोई नौकरी की तलाश नहीं करेगा। उनमें से कुछ खुद का रोजगार करेंगे और कुछ नियोक्ता भी होंगे। आर्थिक वृद्धि नौकरियों से ज्यादा आजीविका पैदा करने के बारे में है। इसके लिए सभी स्तर पर सरकारों और निजी क्षेत्र को मिलकर प्रयास करना होगा।



### इन योजनाओं में बनेंगे मौके

समीक्षा में सुझाव दिया गया है कि गैर-कृषि क्षेत्र में प्रतिवर्ष 78.5 लाख नौकरियों की मांग में पीएलआई योजना (5 वर्षों में 60 लाख रोजगार सृजन), मित्र कपड़ा योजना (20 लाख रोजगार सृजन) और मुद्रा जैसी मौजूदा योजनाएं पूरक भूमिका निभा सकती हैं। इसमें यह भी सुझाव दिया गया है कि राज्य सरकारें अनुपालन बोझ को कम करके और भूमि पर कानूनों में सुधार करके रोजगार सृजन में तेजी ला सकती हैं।

### ये चुनौतियां सामने रहेंगी

- वैश्विक अर्थव्यवस्था में मुश्किल के चलते आपूर्ति श्रृंखला पर असर
- इससे पूंजी प्रवाह पर असर संभव, निजी क्षेत्र हो सकता है प्रभावित
- वित्त वर्ष 2024 में आईटी क्षेत्र में रोजगार सृजन धीमा, आगे भी बड़े उछाल की उम्मीद नहीं
- निजी क्षेत्रों में भी भर्तियां धीमी, वेतन में उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ा
- एआई के कर्मचारियों पर पड़ने वाले असर को लेकर अनिश्चितता बनी

### सर्वेक्षण की प्रमुख बातें

#### लड़कियों का नामांकन बढ़ा

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों की नामांकन दर वर्ष 2015 की तुलना में करीब 31% की वृद्धि हुई है। कुल नामांकन वित्त वर्ष 2022 में बढ़कर 4.33 करोड़ हो गया, जबकि यह वर्ष 2021 में 4.14 करोड़ के करीब था।

#### सामाजिक सेवा पर खर्च बढ़ा

वित्तीय वर्ष 2018 और वित्तीय वर्ष 2024 के बीच कुल मिलाकर, कल्याणकारी योजनाओं का व्यय 12.8 फीसदी की सालाना वृद्धि दर से बढ़ा है। शिक्षा पर व्यय 9.4 फीसदी सालाना है, जो कुल जीडीपी वृद्धि दर से थोड़ा कम है।

#### रेल और राजमार्ग निर्माण

रेल पथ व राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में तेजी आई है। 2014 की अपेक्षा 2024 में देश में हर रोज 34 किलोमीटर प्रतिदिन राजमार्ग बनाए जा रहे हैं। वहीं रेलवे प्रतिदिन 12 किलोमीटर से अधिक नई रेल लाइनें बिछा रही है, जोकि एक रिकार्ड है।

#### वित्तीय संपत्तियों में निवेश

अब परिवार वित्तीय परिसंपत्तियों में अधिक संख्या में निवेश कर रहे हैं। एनएसई में पंजीकृत निवेशक मार्च 2024 तक करीब तीन गुना बढ़कर 9.2 करोड़ हो गए है। करीब 20 फीसदी भारतीय परिवार बचत को वित्तीय बाजार में लगा रहे हैं।

#### इन क्षेत्रों पर भी ध्यान

1. निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले।
2. लघु, सुक्ष्म व मध्यम श्रेणी के उद्योगों को बढ़ावा देकर देश के आर्थिक विकास को गति देना।
3. कृषि क्षेत्र में नीतिगत बाधाओं को दूर करना, उपज को बढ़ाना
4. तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए राज्यों की क्षमता को बढ़ाने और उन्हें ज्यादा सामर्थशाली बनाने का लक्ष्य।
5. शिक्षा- रोजगार के अंतर को दूर करना। गैर कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर तेजी से पैदा करना।

## ब्याज दर के लिए खाद्य महंगाई को आधार न बनाए आरबीआई

**नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया है कि आरबीआई को नीतिगत दर (रेपो रेट) तय करने में खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर गौर करना बंद करना चाहिए। साथ ही सरकार को गरीबों पर खाने के सामान की ऊंची कीमतों का असर कम करने के लिए उन्हें कूपन देने या सीधे नकदी हस्तांतरण पर विचार करना चाहिए।

नीतिगत दर के आधार पर ही बैंक आवास, व्यक्तिगत और कंपनी ऋण की ब्याज तय करते हैं। केंद्रीय बैंक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आधार पर रेपो दर तय करता है। इसमें भोजन, ईंधन, विनिर्मित सामान और चुनिंदा सेवाएं शामिल हैं। मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण आरबीआई ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। समीक्षा में कहा गया है कि खाद्य पदार्थों को छोड़कर, महंगाई का लक्ष्य तय करने पर विचार करना चाहिए। मौद्रिक नीति केवल मांग आधारित मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार है।

- **रेपो दर 6.50 पर स्थिर, फरवरी 2023 से आरबीआई ने इसमें बदलाव नहीं किया**

### बाजार 30s

#### सूर्य घर के प्रोत्साहन दिशा-निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने पीएम-सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के तहत डिस्कॉम को 4,950 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन देने के दिशानिर्देश जारी किए हैं। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि डिस्कॉम को प्रोत्साहन देने के मानदंडों में बेसलाइन स्तर के अलावा अतिरिक्त ग्रिड की स्थापना-जुड़ी हुई रूफटॉप सौर क्षमता शामिल है। प्रोत्साहन के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश पिछले सप्ताह 18 जुलाई को मंत्रालय ने अधिसूचित किए थे।

#### इन्फोगेन ने इम्पैक्टिव का अधिग्रहण किया

**नोएडा।** सिलिकॉन वैली की अग्रणी कंपनी इन्फोगेन ने आज न्यू जर्सी स्थित समिट लेवल सेल्सफोर्स कंसल्टिंग सर्विसेज फर्म इम्पैक्टिव के अधिग्रहण की घोषणा की। इन्फोगेन के सीईओ दिनेश वेणुगोपाल ने कहा, इन्फोगेन के ग्राहकों को इम्पैक्टिव की गहरी विशेषज्ञता और क्षमताओं से लाभ होगा। इससे हमें ग्राहकों को सर्वोत्तम श्रेणी के अनुभव देकर डिजिटल इकॉनमी का नेतृत्व करने में मदद मिलेगी।

## वयस्कों में मोटापे की वृद्धि दर तीन गुना से अधिक

**नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** भारत में करीब 54 प्रतिशत बीमारियों के लिए बढ़ते मोटापे के साथ चीनी एवं वसा से भरपूर अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ जिम्मेदार हैं। आर्थिक समीक्षा में इस स्थिति पर चिंता जताई गई है।

विश्व मोटापा संघ की रिपोर्ट का हवाला देते हुए समीक्षा में कहा गया कि भारत में वयस्कों में मोटापे की दर तीन गुना से भी अधिक हो जाने का अनुमान है। दुनिया भर में बच्चों के बीच मोटापे की दर में सबसे अधिक वृद्धि भारत में दर्ज की गई है।

- **बच्चों और युवाओं खानपान संबंधी खराब आदतों के लिए निजी क्षेत्र को जिम्मेदार बताया**

इस स्थिति पर चिंता जताते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने में सक्षम बनाने के लिए निवारक उपाय किए जाने चाहिए। रिपोर्ट में सोशल मीडिया, स्क्रीन टाइम और अस्वास्थ्यकर भोजन जैसी 'खराब आदतों' में निजी क्षेत्र का काफी बड़ा योगदान बताया गया है।

## बुजुर्गों की देखभाल के लिए बेहतर नीति बने

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2023-24 में कहा गया कि भारत में बुजुर्गों की देखभाल के लिए समग्र नीति बनाए जाने की जरूरत है, क्योंकि बुजुर्गों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा है, जिनमें से बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्र में रहती है।

मौजूदा समय में बुजुर्गों की बीमारी के प्रबंधन, निगरानी तंत्र और आपातकालीन प्रक्रिया प्रणाली के लिए बुनियादी ढांचे, शोध और जानकारी में अंतर बना हुआ है। ऐसे में बुजुर्गों की देखभाल के लिए देश के अंदर समग्र नीति बनाए जाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट कहती है कि देश में बुजुर्गों की देखभाल से जुड़ा उद्योग करीब 57,881 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। बुजुर्गों की आबादी का बड़ा हिस्सा पुरानी बीमारियों, अवसाद से पीड़ित है। इसलिए सुझाव दिया गया है कि वृद्धों को मौजूदा योजनाओं के बारे में जागरूक करने और वृद्धाश्रमों को नियामक के दायरे में लाना चाहिए।

## आर्थिक वृद्धि दर अनुमान से अधिक रहेगी : उद्योग

**प्रतिक्रिया**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उद्योग निकायों का मानना है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आर्थिक समीक्षा में जताए गए 6.5-7 प्रतिशत के अनुमान को पार कर जाएगी।

उन्होंने साथ ही उम्मीद जताई कि आगामी बजट में देश की वृद्धि क्षमता को उजागर करने के उपाय किए जाएंगे। भारतीय उद्योग परिसंघ के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि इसका नजरिया व्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि यह दस्तावेज 2047 तक भारत को विकसित अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में साहसपूर्वक आगे बढ़ाने के लिए एक दूरदर्शी नजरिया देता है।

सीआईआई के अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा, मुझे भरोसा है कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि समीक्षा में दिए गए पूर्वानुमान को पार कर जाएगी। कुछ दशाओं के आधार पर इसमें आठ प्रतिशत की क्षमता है।

## सोना तेज हुआ, चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लिवाली बढ़ने तथा विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 100 रुपये की मजबूती के साथ 75,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

चांदी 600 रुपये टूटकर 91,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले सत्र में शनिवार को सोना 75,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## डाक विभाग का डिजिपिन जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डाक विभाग ने डिजिपिन ब्रांड नाम के तहत राष्ट्रीय एड्रेसिंग ग्रिड का बीटा संस्करण जारी किया है। इसका उपयोग पतों की भौगोलिक स्थिति को बनाने और समझने के लिए किया जा सकता है।

विभाग ने आईआईटी, हैदराबाद के साथ एक राष्ट्रीय एड्रेसिंग ग्रिड विकसित किया है, जिसे डिजिटल पोस्टल इंडेक्स नंबर (डिजीपिन) नाम दिया गया है।

## बजट के एक दिन पहले बाजार लाल निशान में बंद

**मुंबई, एजेंसी।** आम बजट पेश होने से एक दिन पहले सोमवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भारी बिकवाली के दबाव से स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए।

कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख ने भी निवेशकों की धारणा पर असर डाला। सेंसेक्स 102.57 अंक गिरकर 80,502.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 504 अंक तक गिरकर 80,100.65 अंक पर आ गया था। निफ्टी 21.65 अंक की गिरावट के साथ 24,509.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 168.6 अंक गिरकर 24,362.30 अंक पर आ गया था।

जानकारों ने कहा, हालांकि, मंगलवार को पेश होने वाले बजट के अनुकूल रहने का अनुमान जताया जा रहा है लेकिन बाजार के ऊंचे मूल्यांकन और कंपनियों के मुनाफे में गिरावट के जोखिम को देखते हुए निवेशकों की इसपर करीबी नजर बनी रहेगी।

# हिन्दुस्तान नियुक्तियां

**उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केंद्र / North Eastern Space Applications Centre**
भारत सरकार / Govt. of India, अंतरिक्ष विभाग / Dept. of Space
उमियम / Umiam – 793103, मेघालय / Meghalaya
दूरभाष / Tel: 0364 2570140

**Advt. No.NESAC/RMT-TEMP/WI-01/2024** दिनांक : 23.07.2024

उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (एनईसैक), दिनांक- **05 और 06 अगस्त 2024** को सुबह 08:30 बजे (रिपोर्टिंग समय) एनईसैक, उमियम में अस्थायी परियोजना के आधार पर अनुसंधान वैज्ञानिक और कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता के पदों के लिए **"वॉक-इन-इंटरव्यू"** में भाग लेने हेतु पात्र उम्मीदवारों को आमंत्रित करता है।

विस्तृत विज्ञापन के लिए, कृपया एनईसैक वेबसाइट: **www.nesac.gov.in** देखें। शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो, केवल एनईसैक वेबसाइट में प्रकाशित किया जाएगा।

हस्ता/- निदेशक, एनईसैक

**पंजाब एण्ड सिंध बैंक**
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्र.का. मानव संसाधन विकास विभाग
ब्लॉक 3, दूसरा तल, एन बी सी सी
ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली- 110023
ई-मेल: ho.hrd@psb.co.in
जहाँ सेवा ही जीवन - ध्येय है

**पंजाब एण्ड सिंध बैंक में विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती**

पंजाब एण्ड सिंध बैंक - **सहायक महाप्रबंधक** - साइबर सुरक्षा (स्केल-V), **सहायक महाप्रबंधक** - कॉर्पोरेट क्रेडिट परियोजना वित्त (स्केल-V), **सहायक महाप्रबंधक** - डेटा संरक्षण अधिकारी (स्केल-V), **सहायक महाप्रबंधक** - बोर्ड सचिव (स्केल-V), **सहायक महाप्रबंधक** - एमएसएमई क्रेडिट (स्केल-V), **सहायक महाप्रबंधक** - प्रिंसिपल स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज (स्केल-V), पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। अधिक जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट **https://punjabandsindbank.co.in** में लिंक रिक्रूटमेंट देखें।

महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास)

**राइट्स लिमिटेड** (भारत सरकार का प्रतिष्ठान)
शिखर, प्लॉट नं. 1, सैक्टर-29, गुड़गांव-122001
सीआईएन: L74899DL1974GOI007227

राइट्स कार्यालय में 08.08.2024 से 09.08.2024 तक वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से निम्नलिखित पदों/विषयों में योग्य पेशेवरों की आवश्यकता है

| वीसी सं | पद | रिक्तियां | स्थान |
|---|---|---|---|
| 180/24 | रेजिडेंट इंजीनियर (सिविल) | 01 | राइट्स कार्यालय नवी मुंबई, अहमदाबाद एवं गुरूग्राम |
| 181/24 | योजना प्रबंधक | 01 | |
| 182/24 | सेक्टर विशेषज्ञ/सिविल (पी-वे) | 01 | |
| 183/24 | साइट इंजीनियर (पी-वे) | 01 | |
| 184/24 | साइट इंजीनियर (कार्य) | 02 | |
| 185/24 | साइट इंजीनियर (ब्रिज) | 02 | |
| 186/24 | ऑटोकैड ऑपरेटर | 02 | |

अधिक विवरण, जैसे कि कैसे आवेदन करें, पद, पारिश्रमिक, योग्यता, आयु, तिथि और स्थान, चयन प्रक्रिया आदि, के संबंध में अभ्यर्थी राइट्स वेबसाइट www.rites.com पर Career Section के तहत प्रेषित विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं।

**SBI**
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की नियुक्ति**

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| अनु क्र. | पद | रिक्तियां* |
|---|---|---|
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/09 | |
| 1 | केंद्रीय अनुसंधान टीम (उत्पाद प्रमुख) | 2 |
| 2 | केंद्रीय अनुसंधान टीम (सहायता) | 2 |
| 3 | परियोजना विकास प्रबंधक (प्रौद्योगिकी) | 1 |
| 4 | परियोजना विकास प्रबंधक (व्यवसाय) | 2 |
| 5 | रिलेशनशिप प्रबंधक | 273 |
| 6 | वीपी-वेल्थ | 643 |
| 7 | संबंध प्रबंधक - टीम प्रमुख | 32 |
| 8 | प्रादेशिक प्रमुख | 6 |
| 9 | निवेश विशेषज्ञ | 30 |
| 10 | निवेश अधिकारी | 49 |

*(बैकलॉग रिक्तियों सहित)

उपरोक्त पदों का विवरण विस्तृत विज्ञापन सं: CRPD/SCO/2024-25/09 दिनांक 19.07.2024 में उपलब्ध है. पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण और ऑनलाइन आवेदन लिंक, के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers** पर लॉग ऑन करें. ईसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US" → "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की अधिकृत वेबसाइट **(https://bank.sbi/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 19.07.2024 से 08.08.2024 तक.**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 19.07.2024
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

**HPCL LNG LIMITED**
(100% Subsidiary of HPCL)
**Corporate Office:** Priyadarshini Building, A Wing, Fifth Floor, Sion-Trombay Road, Mumbai, Maharashtra- 400 022
**Registered. Office:** HPCL Regional Office, Petroleum House, Behind Memnagar Fire Station Navrangpura, Ahmedabad- 380 009.

**HPCL LNG Limited (HPLNG)**, a 100% subsidiary of Hindustan Petroleum Corporation Limited (HPCL), invites application for Chhara LNG Terminal, Gujarat, for following positions-

| Sr. No | Positions | Vacancies |
|---|---|---|
| 1 | Group Manager – Safety | 1 |
| 2 | Senior Officer – Shipping | 1 |
| 3 | Senior Officer - Material | 1 |
| 4 | Officer – Shipping | 2 |
| | Corporate Office, Mumbai | |
| 1 | Manager - Operation | 1 |
| | Application Start Date | 23rd July 2024 |
| | Application End Date | 12th August 2024 |

For application and detailed advertisement, please visit on our website **https://www.hplng.in** under Careers section. Candidates meeting the requisite eligibility criteria may **apply online only**.
**Corrigendum, if any will be posted on the website only.**
**CIN NO: U40101GJ2013GOI077228**

**एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड**
HCLTech | Supercharging Progress™
कार्पोरेट पहचान संख्या : L74140DL1991PLC046369
पंजीकृत कार्यालय : 806, सिद्धार्थ, 96, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
कारपोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 3ए, सेक्टर-126, नोएडा- 201304, उ.प्र., भारत; टेलीफोन : +91 11 26436336 फैक्स : + 91 120 4680330
वेबसाइट : www.hcltech.com; ई-मेल आईडी: investors@hcl.com

**विडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") एवं अन्य दृश्य-श्रव्य ("ओएवीएम") माध्यमों के द्वारा आयोजित होने वाली 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") मंगलवार, 13 अगस्त, 2024 को प्रातः 11:00 बजे (भारतीय मानक समय) पर "वीसी" / "ओवीएम" के द्वारा आयोजित की जाएगी ताकि बैठक को आयोजित करने के लिए भेजी जा रही सूचना में निर्धारित कामकाज को पूरा किया जा सके।

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के सामान्य परिपत्र सं. 09 / 2023 दिनांक 25 सितम्बर, 2023 एवं अन्य परिपत्रों ("एमसीए परिपत्रों") के साथ में पठित, एक सामान्य स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम को आयोजित करने की अनुमति दे दी है। एमसीए परिपत्रों तथा कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के संबंधित प्रावधानों और इसके अधीन दिए गए नियमों के अनुसरण में, कम्पनी के सदस्यों की एजीएम का आयोजन वीसी / ओएवीएम के माध्यम से किया जाएगा।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 7 अक्तूबर, 2023 ("सेबी परिपत्र") और एमसीए परिपत्रों के अनुसरण में, सदस्यों को एजीएम नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां भेजने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है। तदनुसार, कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट (2023-24) के साथ बैठक में किए जाने वाले व्यवसायों को निर्धारित करने वाली एजीएम की सूचना जुलाई, 22 जुलाई, 2024 को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सभी सदस्यों को भेज दी गई है जिनके ई-मेल पते कंपनी / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत थे।

सदस्य ध्यान दें कि एजीएम नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट (2023-24) कम्पनी की वेबसाइट www.hcltech.com, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") की वेबसाइट www.bseindia.com पर तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई") की वेबसाइट www.nseindia.com, साथ ही साथ नेशनल सिक्युरिटीज़ डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल"), एजीएम के लिए ई-मतदान (दूरस्थ ई-मतदान सहित) कराने वाली एजेंसी की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

**ई-मतदान (दूरस्थ ई-मतदान सहित)**

अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों और कम्पनियों (प्रबंधन और प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 20, और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुसरण में, कम्पनी एजीएम के नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर अपना मतदान इलेक्ट्रॉनिक रूप में देने के लिए अपने सभी सदस्यों को ई-मतदान सुविधा प्रदान कर रही है। वे सदस्य जो **मंगलवार, 06 अगस्त, 2024 ("कट ऑफ तिथि")** को भौतिक रूप में या इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखते हैं और जिन्हें अपना मतदान देने से वंचित नहीं किया गया हो, वे सभी इलेक्ट्रॉनिक रूप में अपना मत देने के लिए पात्र हैं।

कोई भी व्यक्ति जो एजीएम के नोटिस प्रेषण होने के बाद कम्पनी का शेयर प्राप्त करते हैं या कम्पनी का सदस्य बनते हैं और कट ऑफ तिथि को शेयर धारित करते हैं, वे evoting@nsdl.co.in पर एक आग्रह भेजकर एजीएम में शामिल होने के लिए और अपना मतदान देने के लिए लॉग-इन-आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते है। ई-मतदान (दूरस्थ ई-मतदान सहित) हेतु विस्तृत प्रक्रिया एजीएम के नोटिस में दी गई है।

ई-मतदान सुविधा निम्नांकित अवधि के दौरान उपलब्ध होंगी :

**दूरस्थ ई-मतदान शुरू होने की तिथि एवं समय**
शुक्रवार, अगस्त 09, 2024 को सुबह 09:00 बजे (भा.मा.सं.)
**दूरस्थ ई-मतदान समाप्त होने की तिथि एवं समय**
सोमवार, अगस्त 12, 2024 को सायं. 05:00 बजे (भा.मा.सं.)

इसके बाद दूरस्थ ई-मतदान प्रणाली एनएसडीएल द्वारा निर्योग्य कर दी जाएगी और दूरस्थ ई-मतदान की अनुमति नहीं होगी। उपरोक्त वर्णित दूरस्थ ई-मतदान अवधि के दौरान सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर एक बार मतदान कर देने पर सदस्य को बाद में उसे बदलने या दोबारा मतदान करने की अनुमति नहीं होगी, हालांकि वे वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते है और जिन्होंने दूरस्थ ई-मतदान अवधि के दौरान अपने मतदान नहीं डाले हैं और उन्हें ऐसा करने से वर्जित नहीं किया गया हो, वे एजीएम के दौरान ई-मतदान प्रणाली के माध्यम से अपना मतदान देने के पात्र होंगें।

ई-मतदान प्रक्रिया (दूरस्थ ई-मतदान सहित) से संबंधित किसी भी पूछताछ / शिकायत हेतु या वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल होने के लिए सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड खंड पर उपलब्ध सदस्यों हेतु प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्नों ("एफएक्यू") और सदस्यों हेतु ई-मतदान यूजर मैन्युअल देखें अथवा आप एनएसडीएल से evoting@nsdl.co.in पर एक अनुरोध भेजें अथवा + 91 22 48867000 पर कॉल करें अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, 'ए' विंग, चौथी मंजिल, कमाला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापत मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013 या ई-मेल आईडी- pallavid@nsdl.co.in पर सम्पर्क करे।

कृते एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड
दिनांक : जुलाई 22, 2024
स्थान : नोएडा (उ.प्र.)
मनीष आनंद
कम्पनी सचिव
एफ-5022

**भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई**
www.rbi.org.in
**विज्ञापन संख्या 01/2024-25**

नियमित आधार पर निम्नलिखित पद पर पार्श्व भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

**ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया:**

| क्र.सं. | पद | रिक्ति |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय रिज़र्व बैंक अभिलेखागार में ग्रेड 'डी' में मुख्य पुरालेखपाल | 01 |

आयु, अर्हता, चयन प्रक्रिया, पारिश्रमिक, आवेदन करने का तरीका और अन्य अनुदेशों के लिए कृपया 22 जुलाई 2024 को बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर और एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार के दिनांक 27 जुलाई 2024 के अंक/अनुवर्ती अंक में प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन देखें।

**महत्त्वपूर्ण तिथि:**

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि:** पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन 12 अगस्त 2024 को सायं 06:00 बजे या उससे पूर्व बोर्ड कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए।

**टिप्पणी:** यदि उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित किया जाएगा।

**भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई**
**RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD, MUMBAI**
www.rbi.org.in
विज्ञापन संख्या 2/2024-25

भारतीय रिज़र्व बैंक में निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र.सं. | पद | रिक्तियां |
|---|---|---|
| | पैनल वर्ष (पैव) - 2024 | |
| 1 | ग्रेड 'बी' (सामान्य) में अधिकारियों की सीधी भर्ती | 66 |
| 2 | ग्रेड 'बी'-आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग (आनीअवि) में अधिकारियों की सीधी भर्ती | 21 |
| 3 | ग्रेड 'बी'-सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग (सांसूप्रवि) में अधिकारियों की सीधी भर्ती | 07 |

2. पात्रता मानदंड, रिक्तियों के आरक्षण, चयन योजना, ऑनलाइन आवेदन जमा करने और अन्य अनुदेशों जैसे अन्य सभी विवरणों के लिए कृपया **25 जुलाई 2024** को बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर और एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ / रोजगार समाचार के दिनांक **27 जुलाई 2024 के अंक / अनुवर्ती अंक** में प्रकाशित होने वाला विस्तृत विज्ञापन देखें। उम्मीदवार उपरोक्त पदों के लिए बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**3. महत्वपूर्ण तिथियां:**

| | |
|---|---|
| आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार के भुगतान के लिए वेबसाइट का लिंक खुला रहना | 25 जुलाई 2024 से 16 अगस्त 2024 (शाम 06 बजे तक) |
| ग्रेड 'बी' (सामान्य) सीधी भर्ती की चरण-I ऑनलाइन परीक्षा | 08 सितंबर 2024 |
| ग्रेड 'बी' (आनीअवि/सांसूप्रवि) सीधी भर्ती की चरण-I ऑनलाइन परीक्षा - आनीअवि (प्रश्नपत्र-I और II) / सांसूप्रवि (प्रश्नपत्र-I) | 14 सितंबर 2024 |
| ग्रेड 'बी' (सामान्य) सीधी भर्ती की चरण-II ऑनलाइन परीक्षा | 19 अक्तूबर 2024 |
| ग्रेड 'बी' (आनीअवि/सांसूप्रवि) सीधी भर्ती की चरण-II ऑनलाइन/लिखित परीक्षा - आनीअवि (प्रश्नपत्र-I और II) / सांसूप्रवि (प्रश्नपत्र-II और III) | 26 अक्तूबर 2024 |

**टिप्पणी:** यदि उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित किया जाएगा।

**सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
6वीं मंजिल, प्लेट-बी, एनबीसीसी ऑफिस ब्लॉक टावर-2, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली - 110023 (आईएसओ प्रमाणित कंपनी)
सीआईएन नंबर U40106DL2011GOI225263

**अधिसूचना संख्या: 01 / 2024**

सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (जिसे आगे सेकी के नाम से संदर्भित किया जाएगा) नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत एक मिनीरत्न श्रेणी-I अनुसूची 'ए' सीपीएसई है। सेकी विशेष रूप से भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित है और इसकी गतिविधियों का दायरा सभी नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को कवर करता है। सेकी नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में रोमांचक कैरियर के अवसरों की तलाश कर रहे प्रतिबद्ध, परिणामोन्मुखी और अनुभवी पेशेवरों को आमंत्रित करता है। योग्य उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन मोड के माध्यम से नियमित आधार पर भरी जाने वाली निम्नलिखित रिक्तियों के लिए आवेदन करें:

| क्रमांक | पद / ग्रेड | वेतनमान (आईडीए) | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | अपर महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) (ई-7 ग्रेड) | ₹ 100000-260000/- | 01 (अनारक्षित) |
| 2. | अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) (ई-7 ग्रेड) | ₹ 100000-260000/- | 01 (अनारक्षित) |
| 3. | उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) (ई-6 ग्रेड) | ₹ 90000-240000/- | 01 (अनारक्षित) |
| 4. | उप महाप्रबंधक (परियोजना निगरानी) (ई-6 ग्रेड) | ₹ 90000-240000/- | 01 (अनारक्षित) |
| 5. | उप महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट योजना) (ई-6 ग्रेड) | ₹ 90000-240000/- | 01 (अनारक्षित) |
| 6. | प्रबंधक (अनुबंध और खरीद) (ई-4 ग्रेड) | ₹ 70000-200000/- | 01 (अनारक्षित) |
| 7. | प्रबंधक (व्यापार परिचालन) (ई-4 ग्रेड) | ₹ 70000-200000/- | 02 (अनारक्षित) |
| 8. | उप प्रबंधक (परियोजना-सिविल) (ई-3 ग्रेड) | ₹ 60000-180000/- | 01 (अनुसूचित जाति) |
| 9. | उप प्रबंधक (आईटी-ईआरपी) (ई-3 ग्रेड) | ₹60000-180000/- | 01 (अनारक्षित) |
| 10. | उप प्रबंधक (पीएमसी-इलेक्ट्रिकल) (ई-3 ग्रेड) | ₹ 60000-180000/- | 01 (अन्य पिछड़ा वर्ग नॉन क्रीमी लेयर) |
| 11. | उप प्रबंधक (प्रोजेक्ट-इलेक्ट्रिकल) (ई-3 ग्रेड) | ₹ 60000-180000/- | 02 (01-(अन्य पिछड़ा वर्ग नॉन क्रीमी लेयर), 01-(अनारक्षित) |
| 12. | वरिष्ठ अभियंता (सूचना प्रौद्योगिकी) (ई-2 ग्रेड) | ₹ 50000-160000/- | 02 (01-(अन्य पिछड़ा वर्ग नॉन क्रीमी लेयर), 01-(अनारक्षित) |
| 13. | कार्यकारी सहायक (ई-1 ग्रेड) | ₹ 40000-140000/- | 02 (अनारक्षित) |

अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) / एससी / एसटी / पीडब्ल्यूबीडी / ईडब्ल्यूएस / एक्स-एसएम श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण / छूट / रियायत भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार होगी।
योग्यता, अनुभव, मुआवजा पैकेज, आरक्षण और छूट आदि के विवरण के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट **www.seci.co.in** के 'करियर' अनुभाग पर जाएँ। कोई भी अतिरिक्त परिशिष्ट / शुद्धिपत्र / अपडेट केवल हमारी वेबसाइट **www.seci.co.in** के 'करियर' अनुभाग के अंतर्गत अपलोड किए जाएँगे।

**ऑनलाइन पंजीकरण 29.07.2024 (सुबह 11:00 बजे) पर खुलेगा और 28.08.2024 (शाम 5:00 बजे) को बंद कर दिया जाएगा।**

# आस्था : शिवालय में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष

श्रावण मास के पहले सोमवार को देशभर के शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी और देवघर के अलावा हरिद्वार में हर हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोषों से मंदिर गूंज उठे। सुबह मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और दर्शन-पूजन कर खुशहाली की मन्नत मांगी।



**काशी** सावन के पहले सोमवार को वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। • प्रेट्र



**देवघर** सावन माह के पहले सोमवार को देवघर में बाबा वैद्यनाथ मंदिरों में सुबह से ही भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई थी। यहां जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। • प्रेट्र

कांवड़ मार्ग पर भोजनालय मालिकों की नेमप्लेट मामले में जस्टिस ने अनुभव साझा किए

# मैं खुद मुस्लिम संचालित शाकाहारी भोजनालय जाता था: जस्टिस भट्टी

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी ने भोजनालयों में साफ-सफाई की पैरवी करते हुए सोमवार को कहा कि केरल में तैनाती के वक्त वह एक मुस्लिम द्वारा चलाए जा रहे शाकाहारी भोजनालय में अक्सर जाते थे क्योंकि वहां अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन किया जाता था।

न्यायमूर्ति भट्टी ने अपना यह अनुभव कांवड़ मार्ग पर स्थित भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान साझा किया। न्यायमूर्ति भट्टी ने कहा कि जब मैं केरल में था तो मेरा अपना अनुभव और ज्ञान है। मैं खुलकर नहीं बता सकता क्योंकि मैं इस अदालत का मौजूदा जज हूं। उस राज्य का जज रहने के दौरान, मैं शाकाहारी भोजन के लिए उस मुस्लिम व्यक्ति द्वारा संचालित होटल में जाता था। जहां तक खाद्य मानकों और सुरक्षा की बात है तो वह सब कुछ प्रदर्शित करता था। वह दुबई से लौटा था। साफ-सफाई रखता था।

### कोर्ट रूम लाइव

**राज्य सरकारों द्वारा कांवड़ मार्ग पर खानपान की दुकानों पर नाम प्रदर्शित करने वाले आदेशों से संबंधित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को लंबी सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति ह्रषिकेश रॉय और एस.वी.एन. भट्टी की पीठ ने कई सवाल किए, जिनका याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने जवाब दिए।**

- **जस्टिस रॉय**
क्या सरकार द्वारा कोई औपचारिक आदेश जारी किया गया है?
- **वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी**
याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि यह 'छिपे हुए आदेश' का मामला है। सिंघवी ने इस बात पर जोर दिया कि निर्देशों को भारतीय संविधान के अनुच्छेद-13 की जांच से बचने के लिए चालाकी से जारी किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने यह भी कहा कि इस तरह के निर्देश पहचान के आधार पर बहिष्कार का एक बड़ा मुद्दा उठाते हैं।
- **जस्टिस रॉय**
क्या विवादित निर्देश प्रेस वक्तव्य का हिस्सा थे?
- **वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी**
पहले प्रेस में बयान दिए गए, लेकिन बाद में, अधिकारियों ने उस निर्देश को सख्ती से लागू करना शुरू कर दिया क्योंकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी उनका समर्थन किया।



- **जस्टिस भट्टी**
इस मसले पर जमीनी स्तर पर जो हो रहा है, उससे परे बढ़ा-चढ़ाकर पेश नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, निर्देशों के तीन आयाम हैं, यानी सुरक्षा, मानक और धर्मनिरपेक्षता और ये सभी समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।
- **वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी**
हिंदुओं द्वारा चलाए जाने वाले बहुत से शुद्ध शाकाहारी रेस्तरां हैं, लेकिन उनमें मुस्लिम कर्मचारी हैं, क्या मैं कह सकता हूं कि मैं वहां जाकर खाना नहीं खाऊंगा क्योंकि भोजन को किसी तरह से वे मुस्लिम कर्मचारी छूते हैं?' सिंघवी ने संविधान के अनुच्छेद-15(1) के खिलाफ बताते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी निर्देश पहचान के आधार पर भेदभाव को बढ़ावा देता है।

## कांग्रेस ने रोक का स्वागत किया

**नई दिल्ली, विसं।** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा मार्गों पर भोजनालयों को मालिकों के नाम प्रदर्शित करने से संबंधित आदेशों पर सुप्रीम कोर्ट के रोक लगाने के फैसले का सोमवार को स्वागत किया।

पार्टी ने उम्मीद जताई है कि फैसले के बाद उम्मीद है कि भाजपा अपने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को राजधर्म के प्रति जागरूक करने की हिदायत देगी। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सरकारों के पूरी तरह से असंवैधानिक आदेशों पर सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक लगाए जाने का स्वागत करती है।

### किसने क्या कहा

"यूपी-उत्तराखंड के फैसले असंवैधानिक थे। इससे धार्मिक भेदभाव हो रहा था। आदेश सभी भारतीयों की जीत है।



**-महुआ मोइत्रा,** याचिकाकर्ता व सांसद

"मैं दिल की गहराइयों से शीर्ष कोर्ट के फैसले का स्वागत करता हूं। इसका उद्देश्य सांप्रदायिक विभाजन को गहरा करना है।



**-संजय राउत,** शिवसेना (यूबीटी) सांसद

"यह तुगलकी फरमान जारी किया गया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस फरमान को रिजेक्ट कर दिया है। भाजपा इस तरह की राजनीति कर सौहार्द को मिटाना चाहती है। सुप्रीम कोर्ट का आदेश स्वागत योग्य है। **-इमरान मसूद,** कांग्रेस सांसद, सहारनपुर

"यह यात्रा आस्था के आधार पर की जाती है और इसमें लोगों को पता होना चाहिए कि वे जहां खा रहे हैं, वहां क्या बनता है।



**-नायब सिंह सैनी,** सीएम, हरियाणा

"नाम लिखने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है। अभी मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को होनी है।



**-कुंवर बृजेश,** राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश

## देश 30s

### अमरनाथ मंदिर में 12 हजार लोगों ने किए दर्शन

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में सोमवार को 12,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने प्राकृतिक रूप से बने बर्फ के शिवलिंग के दर्शन किए। इसके साथ ही इस साल यहां बाबा बर्फानी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या चार लाख के आंकड़े को पार कर गई। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को 12,539 तीर्थयात्रियों ने यात्रा की।

### सूरज रेवन्ना को सशर्त जमानत मिली

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक अदालत ने यौन उत्पीड़न मामले में जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के विधान परिषद सदस्य सूरज रेवन्ना को सोमवार को सशर्त जमानत दे दी। रेवन्ना को पिछले महीने हासन पुलिस ने 27 वर्षीय जद(एस) कार्यकर्ता के दुराचार के आरोप में गिरफ्तार किया था। सूरज पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई हैं। प्रज्वल रेवन्ना तीन मामलों में दुष्कर्म के आरोप का सामना कर रहे हैं।

### भोजशाला संबंधी याचिका पर सुनवाई स्थगित की

**इंदौर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने सोमवार को विवादित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। यह सुनवाई एएसआई द्वारा अपनी वैज्ञानिक सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के एक सप्ताह बाद की। एएसआई के वकील हिमांशु जोशी ने बताया कि न्यायमूर्ति एस. ए. धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति डी. वी. रमण की खंडपीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के बाद वह मामले की सुनवाई करेंगे।

### पूजा खेडकर की मां को न्यायिक हिरासत में भेजा

**पुणे।** विवादों में घिरी प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा को सोमवार को पुणे की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मनोरमा को जमीन विवाद में कुछ लोगों को बंदूक दिखाकर धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद मनोरमा को सोमवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। मनोरमा को 18 जुलाई को रायगढ़ जिले के महाड के पास हिरकानीवाड़ी गांव के एक लॉज से गिरफ्तार किया गया था।



मुंबई में सोमवार को एक बैठक के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार। दोनों नेताओं के बीच मराठा आरक्षण समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। • प्रेट्र

### आरक्षण मुद्दे पर पवार ने शिंदे से की मुलाकात

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा के लिए सोमवार को मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की। पवार ने सरकार की ओर से मराठा कोटा नेता मनोज जरांगे-पाटिल और ओबीसी नेता लक्ष्मण हेके को दिए गए आश्वासन की मुख्यमंत्री से जानकारी मांगी। बताया गया है कि मुख्यमंत्री ने पवार से इस बारे में मार्गदर्शन मांगा है कि आरक्षण को लेकर मराठा और ओबीसी समुदायों के बीच मुद्दों को सुलझाने के लिए भविष्य में क्या कदम उठाए जाने चाहिए।

# 'लगता है एक दिन पहले लीक हुआ पेपर'

**नीट मामला**

■ प्रभात कुमार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि बिहार पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के बयान से पता चलता है कि नीट यूजी-2024 पेपर लीक परीक्षा से एक दिन पहले चार मई को ही हो गया था। शीर्ष अदालत ने मामले में आरोपी अनुराग यादव व अन्य के बयानों को देखने के बाद यह मौखिक टिप्पणी की।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रजूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ दोबारा नीट आयोजित करने के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने उनके अधिवक्ताओं से कहा कि कई प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्र कुछ केंद्रों का चयन करते हैं, क्योंकि ऐसी धारणा है कि उन केंद्रों पर मार्किंग में नरमी बरती जाती है, पर यह पूरी परीक्षा रद्द करने का आधार नहीं हो सकता।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में कुछ खामियां हैं और हम इसमें सुधार के लिए कहेंगे। इसी के साथ दोबारा परीक्षा की मांग कर रहे छात्रों की ओर से दलीलें पूरी हो गईं।

**प्रभाव का आकलन करना होगा :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि पेपर लीक चार मई की रात को हुआ है और उत्तर याद करने के लिए दिया गया तो जाहिर है कि ऐसा पेपर परिवहन के दौरान नहीं। इसके बावजूद हमें यह देखना होगा कि क्या पेपर लीक स्थानीय स्तर यानी हजारीबाग और पटना तक सीमित है या इसका व्यापक प्रभाव है। कोर्ट ने कहा कि कुछ आरोपियों के बयान में भिन्नता भी है।

### केंद्र का दावा : परीक्षा के दिन पेपर हुआ लीक

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार और एनटीए की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दावा किया कि पेपर लीक परीक्षा के दिन पांच मई की सुबह हुआ था। इसके बाद पीठ ने बिहार पुलिस की रिपोर्ट देखने को कहा। इस पर छात्रों की ओर से अधिवक्ता नरेंद्र हुड्डा ने बिहार पुलिस की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि छात्रों को चार मई को पेपर मुहैया करा दिए गए थे। ऐसी भी आशंका जताई कि प्रश्नपत्र तब लीक हुआ जब उन्हें कस्टोडियन बैंकों (एसबीआई व केनरा बैंक) में जमा किया गया था।

**23** लाख विद्यार्थी परीक्षा में हुए थे शामिल

### 13 लाख छात्रों की दोबारा परीक्षा की मांग

छात्रों के अधिवक्ता हुड्डा ने कहा कि यह कुछ छात्रों से जुड़ी कोई छोटी-मोटी घटना नहीं है, बल्कि इस तरह की गतिविधियों के इतिहास वाले एक संगठित गिरोह का काम था। कहा कि यदि न्यायालय का मानना है कि सभी 23 लाख छात्रों के लिए दोबारा परीक्षा कराना संभव नहीं है, तो कम से कम उन 13 लाख छात्रों के लिए दोबारा परीक्षा हो जिन्होंने परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त की है।

### दोबारा परीक्षा पर सवाल

- कितने केंद्रों पर केनरा बैंक के पेपर वितरित किए गए
- उन केंद्रों में से कितने पर सही प्रश्न पुस्तिकाएं बदली गई?
- कितने केंद्रों पर केनरा बैंक के पेपर का मूल्यांकन किया गया?
- पेपर का मूल्यांकन हो जाने के बाद उम्मीदवारों का प्रदर्शन कैसा रहा?

## याचिकाकर्ता की दलीलों में दमः कोर्ट

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** नीट-यूजी से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि 'याचिकाकर्ता के दलीलों में काफी दम दिखता है। उन्होंने कहा कि यदि इन दलीलों को स्वीकार कर लिया जाता है तो 720 में से 720 अंक लाने वाले 44 छात्रों के अंक 715 ही रह जाएंगे।'

मालूम हो कि इस साल 61 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिले हैं और इनमें से 44 छात्रों को इस विशेष सवाल के लिए ग्रेस अंक मिले हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से पेश तर्क काफी शक्तिशाली है। एनटीए के निर्देश हैं कि एनसीईआरटी के नवीनतम संस्करण के अनुसार प्रश्नों के उत्तर चुनने हैं और नवीनतम संस्करण के अनुसार सवाल का विकल्प 4 सही उत्तर है, फिर विकल्प 2 का उत्तर देने वालों को पूरे अंक नहीं दिए जा सकते। ऐसे में, उनकी बात सही हो सकती है।' इससे पहले, याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने पीठ को बताया कि एनटीए द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार छात्रों को एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक के नवीनतम संस्करण का पालन करना था।

## 'पैसे लेकर नौकरी देने' के मामले में पूर्व अध्यक्ष दोषी

**गुवाहाटी, एजेंसी।** यहां की एक विशेष अदालत ने सोमवार को असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार पॉल और 31 अन्य को दोषी करार दिया। सभी राज्य में कृषि विकास अधिकारियों (एडीओ) की नियुक्ति से जुड़े 'पैसे लेकर नौकरी देने' के मामले में आरोपी थे।

विशेष न्यायाधीश दीपांकर ठाकुरिया ने भांगागढ़ पुलिस थाने में 2017 में दर्ज मामले में सबूतों के अभाव में 11 अन्य को बरी कर दिया।

# आदेश के बाद ढाबों से हटने लगे नाम के बोर्ड

**कांवड़ यात्रा**

**मुजफ्फरनगर/सहारनपुर। हिन्दुस्तान टीम।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में कांवड़ मार्गों पर लगाए गए होटल-ढाबों और ठेले वालों ने अपने नाम हटाने शुरू कर दिए हैं। मुजफ्फरनगर में मीनाक्षी चौक, शिवचौक के समीप व नावेल्टी चौराहे पर दुकान मालिकों ने चस्पा किए गए नामों को हटा लिया है।

सहारनपुर में देहरादून और अंबाला रोड के कुछ दुकानदारों ने सोमवार देर शाम अपनी-अपनी दुकानों से बोर्ड हटाने शुरू कर दिए। सहारनपुर जिले में 84 दुकानों-प्रतिष्ठानों पर स्वामियों ने अपने नाम चस्पा करने के साथ रेट लिस्ट भी लगाई थी। कुछ दिन पूर्व सबसे पहले मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक सिंह ने कांवड़ मार्ग पर स्थित होटल, ढाबों व ठेले संचालकों को अपने-अपने नाम चस्पा करने के लिए कहा था।

"कोर्ट का निर्णय का स्वागत योग्य है। दुकानदार स्वेच्छा से ही नाम लिखवा रहे थे। अब कोर्ट के आदेश पर खुद हटाना शुरू कर दिया है। **-अभिषेक सिंह,** एसएसपी, मुजफ्फरनगर

### आप ने मनाया जश्न

**मेरठ।** आम आदमी पार्टी के तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में कमिश्नरी पार्क पर एकत्र होकर हुए और आसपास के फल आदि बेचने वालों को लड्डू बांटे।

**अमेराहा में छह कांवड़ियों की मौत :** सावन के पहले सोमवार को नेशनल हाईवे पर हुए हादसों में चार कांवड़ियों मुरादाबाद निवासी शानू व रितिक, अमित और अमरोहा देहात क्षेत्र निवासी यश शर्मा की मौत हो गई। जबकि 25 से अधिक शिवभक्त घायल हो गए।

### 'सौहार्दमेवजयते' लिखा जाए: अखिलेश



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने संबंधी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के निर्देश पर अंतरिम रोक लगाने का स्वागत किया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर कहा कि एक नई 'नाम-पट्टिका' पर लिखा जाए : सौहार्दमेवजयते!

# गंगोत्री और नीलकंठ मार्ग बंद होने से घंटों फंसे रहे कांवड़िए

**उत्तरकाशी/ऋषिकेश, हिन्दुस्तान टीम।** उत्तराखंड में सावन माह के पहले सोमवार को सड़कें बंद होने के कारण शिवभक्तों को मुश्किलें झेलनी पड़ीं। उत्तराखंड के विशनपुर में जहां गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग बंद रहने से दिनभर कांवड़ यात्री फंसे रहे। वहीं, मलबा आने से बंद हुए ऋषिकेश-नीलकंठ मंदिर मार्ग पर भी लंबा जाम लग गया।

गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर विशनपुर के समीप सोमवार को दूसरे दिन भी भारी मलबा गिरने के कारण आवाजाही प्रभावित रही। कांवड़िए और चारधाम यात्री दिनभर परेशान रहे। कांवड़ियों के लिए पैदल आवाजाही के लिए मार्ग खोलने का प्रयास जारी रहा। बीआरओ की चार जेसीबी मशीनें और श्रमिक विशनपुर में हाईवे से मलबा हटाने में लगे रहे। शाम पांच बजे मार्ग को पैदल आवाजाही के लिए खोला जा सका।

इसके बाद पैदल कांवड़ियों को एक-एक कर क्षतिग्रस्त हिस्सा पार कराया गया। इसके अलावा गंगोत्री हाईवे नेताला, मनेरी झरना और सिलकुरा में करीब तीन घंटे तक यातायात बाधित रहा।



गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग मलबे के कारण बंद था, जो सोमवार शाम खुल गया। • हिन्दुस्तान

"उत्तराखंड में चारधाम और कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। मौसम के अत्यधिक खराब होने पर आवश्यकता महसूस होगी तो यात्रा को कुछ समय के लिए स्थगित भी किया जाएगा।



**-पुष्कर सिंह धामी,** मुख्यमंत्री उत्तराखंड

ऋषिकेश के निकट नीलकंठ मंदिर मार्ग पर सावन का पहला सोमवार होने के चलते यात्रियों की भारी भीड़ थी। खासकर दुपहिया वाहन सवार कांवड़ियों की संख्या ज्यादा थी। लेकिन सोमवार सुबह 10 बजे अचानक नीलकंठ मंदिर के पास सड़क पर भारी मलबा आ गया।

यहां पीब्ल्यूडी ने एक घंटे में मलबा हटाकर मार्ग खोला, लेकिन इसके बाद गरुड़चट्टी के पास भी मलबा आ गया। यहां पर भी करीब डेढ़ घंटे बाद मार्ग खुल पाया।

**कर्णप्रयाग में बंद रहा मार्ग :** सोमवार को कर्णप्रयाग में अपर बाजार बाईपास मोटर मार्ग पंचपुलिया में पहाड़ी से बोल्डर आने के कारण करीब 10 घंटे तक बाधित रहा। इस दौरान पिंडरघाटी और कुमाऊं की तरफ से आने वाले कई मालवाहक वाहन बस फंसे रहे। दोपहर बाद यातायात बहाल हो सका।

**चुनौती** | जदयू बिहार को विशेष दर्जा देने की मांग पिछले डेढ़ दशक से कर रहा है, केंद्र सरकार ने मानक का हवाला देकर मांग खारिज की

# विशेष पैकेज पर जदयू को कठघरे में खड़ा करेगा विपक्ष

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** बिहार को विशेष दर्जा दिलाने के लिए जदयू ने इसबार काफी जोर लगाया था। हर स्तर पर इसको लेकर मांग उठाई थी। सर्वदलीय बैठक में भी विस्तार से यह बात रखी थी कि बिहार के लिए विशेष दर्जा मिलना कितना जरूरी है। लेकिन, केंद्र सरकार ने मानक का हवाला देकर इस मांग को खारिज कर दिया। इससे इंडिया गठबंधन को भी मुद्दा मिल गया है। अब वह जदयू पर प्रहार तेज करेगा जिससे उसकी असहजता और चुनौती बढ़ेगी। लालू प्रसाद ने इसकी शुरुआत भी कर दी है। जदयू ने कहा था कि विशेष दर्जा नहीं मिलता है तो केंद्र सरकार बिहार को विशेष पैकेज दे। आज पेश होने वाले बजट पर अब इसको लेकर सबकी नजरें टिकी हैं।

जदयू बिहार को विशेष दर्जा देने की मांग पिछले डेढ़ दशक से कर रहा है। विशेष दर्जा दिलाने के मुद्दे पर जदयू ने पटना से लेकर दिल्ली तक रैली की है। अभियान के जरिए करोड़ों लोगों का हस्ताक्षर कराकर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा था। अभी जदयू केंद्र सरकार में एक महत्वपूर्ण साझीदार है, इसके बाद भी उसकी विशेष दर्जा की मांग खारिज होने से असहज होना स्वाभाविक है। हालांकि उसे इसका अंदेशा था, तभी तो सर्वदलीय बैठक के बाद पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा था कि विशेष दर्जा देने में दिक्कत हो तो विशेष पैकेज ही दें।

बहरहाल, केन्द्र सरकार के इस फैसले का बिहार की राजनीति पर दूरगामी असर पड़ सकता है। बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसके पहले जल्द ही विधानसभा की चार सीट पर उपचुनाव होने हैं। विपक्षी दल अब इस मुद्दे को भुनाने की कोशिश करेंगे। आने वाले दिनों में इसको लेकर आंदोलन की रूपरेखा भी विपक्षी दल तैयार कर सकते हैं। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने यह कहते हुए इसके संकेत भी दे दिए कि विशेष दर्जा लेकर रहेंगे। अन्य विपक्षी पार्टियां भी इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करेंगी। उधर इस भावनात्मक मुद्दे पर जदयू के साथ भाजपा को समझदारी भरे कदमों संग तालमेल बिठाना होगा। जदयू और नीतीश कुमार हमेशा से कहते रहे हैं कि अपने बलबूते दो अंकों में विकास दर हासिल करने वाले बिहार को यदि विशेष दर्जा मिलता है तो राज्य का विकास तेज गति से होगा।

### विशेष राज्य नहीं तो नीतीश इस्तीफा दें:लालू



**पटना।** बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिए जाने पर राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सत्तारूढ़ दल को घेरा। कहा कि नीतीश कुमार ने कहा था विशेष राज्य का दर्जा दिलाएंगे। अब केंद्र ने इनकार कर दिया है। नीतीश कुमार बिहार को विशेष दर्जा नहीं दिला पा रहे हैं तो इस्तीफा दें।

# 'क्या अवैध रेहड़ियां राज्यपाल आवास के बाहर भी लगेंगी'

**महाराष्ट्र**

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अवैध रेहड़ी-पटरी की समस्या को लेकर पुलिस और नगर निकाय से सवाल किया कि क्या इन विक्रेताओं को मंत्रालय या राज्यपाल आवास के बाहर दुकानें लगाने की भी अनुमति दी जाएगी?

कोर्ट ने समस्या से निपटने में नाकाम रहने पर पुलिस और नगर निकाय प्राधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। न्यायमूर्ति एम. एस. सोनका, न्यायमूर्ति कमल खाता की खंडपीठ ने कहा कि पूरा सरकारी तंत्र ध्वस्त हो गया है।

### सोनिया, राहुल से नेशनल हेराल्ड मामले में जवाब मांगा

**नई दिल्ली, प्रसं।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में दलीलों पर संक्षिप्त जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने चार सप्ताह में जवाब मांगा है। मामले में कोर्ट ने 29 अक्तूबर को बहस की तारीख दी है। कोर्ट स्वामी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं अन्य आरोपी हैं।

## लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो तस्कर दबोचे

**गोपालगंज।** यूपी-बिहार सीमा के बलथरी चेकपोस्ट पर रविवार की शाम पुलिस ने कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो अंतरराज्यीय हथियार तस्कर को आस्ट्रिया में निर्मित चार ग्लॉक पिस्टल और आठ मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया।

पकड़े गए हथियार तस्करों में राजस्थान के अजमेर के केशरपुरा थाने के बंगलियाबास के कमल रावत व मुजफ्फरपुर के गायघाट थाने के बोआरी डीह के संतनु शिवम शामिल हैं। दोनों नगालैंड के रजिस्ट्रेशन नंबर की बस से यूपी की ओर से आ रहे थे। चेकपोस्ट पर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान हथियार के साथ दोनों को दबोच लिया।

डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख नेता भी हैरिस के पक्ष में आए, अगस्त में डीएनसी के कन्वेंशन में होगा उम्मीदवार चयन के लिए मतदान

# राष्ट्रपति उम्मीदवारी के लिए कमला की राह आसान

अमेरिका में चुनाव

**वाशिंगटन, एजेंसियां।** अमेरिका में आगामी राष्ट्रपति पद के चुनाव से जो बाइडन के हटने के बाद अगर सब कुछ ठीक रहा तो उपराष्ट्रपति कमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार होंगी। बाइडन ने रविवार को ही अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के साथ हैरिस का समर्थन इस पद की उम्मीदवारी के लिए कर दिया था।

राष्ट्रपति बाइडन ने कमला हैरिस को अपना समर्थन दिया है तथा कई अन्य प्रमुख डेमोक्रेटिक नेता भी उनकी उम्मीदवारी के पक्ष में आगे आ गए हैं। हैरिस उपराष्ट्रपति बनने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी नागरिक हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी बाइडन को बाहर करने के पक्ष में नहीं थी।

कमला हैरिस ने एक दिन से भी कम समय में अपने राष्ट्रपति अभियान के लिए हैरिस ने चार करोड़ 96 लाख डॉलर जुटाए हैं। अमेरिका भर की हज़ारों अश्वेत महिलाओं ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का समर्थन करने की रणनीति बनाने के लिए ऑनलाइन चर्चा की है। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप के प्रचार अभियान दल ने कहा है कि उपराष्ट्रपति हैरिस भी 'राष्ट्रपति जो बाइडन की तरह मजाक की पात्र' हैं। सोशल मीडिया मंच एक्स पर बाइडन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम बदलकर 'कमला एचक्यू' कर दिया गया है।

**मस्क-खोसला में जुबानी जंग :** ट्रंप की उम्मीदवारी पर एलन मस्क और भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विनोद खोसला में जुबानी जंग छिड़ गई। एक्स पर खोसला ने ट्रंप को ऐसा रिपब्लिकन नेता करार दिया, जिसमें 'कोई नैतिकता नहीं है, जो झूठ बोलता है, दुष्कर्म में शामिल है। मस्क ने कहा, 'ट्रंप आपसे नफरत नहीं करते हैं। उनसे मिलिए और अपने बारे में उनके विचार जानिए।



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ उपराष्ट्रपति कमला हैरिस।

### ट्रंप के खिलाफ देश को एकजुट करूंगी: कमला

कमला हैरिस ने कहा कि वह बाइडन द्वारा उम्मीदवारी के लिए अपने नाम की सिफारिस से सम्मानित महसूस कर रही हैं। कमला ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति कि डोनाल्ड ट्रंप और उनके 'प्रोजेक्ट 2025 एजेंडे को हराने' के लिए देश को एकजुट करना उनका लक्ष्य है।

### चीन के सोशल मीडिया पर ट्रंप की जीत का दावा

**बीजिंग।** बाइडन के दौड़ से बाहर होने की खबर मिलने के बाद चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'वीबो' पर अमेरिकी चुनाव शीर्ष चार में रहा। 'बाइडन एग्जिट' हैशटैग को 37 करोड़ बार देखा गया, जबकि 'हैरिस प्राइजिंग बाइडन' हैशटैग को लगभग 5 .7 करोड़ हिट मिले।

### बाइडन के हटने से यूरोपीय शेयर बढ़े

हांगकांग। राष्ट्रपति जो बाइडन के 2024 की दौड़ से बाहर होने के बाद दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के भविष्य को लेकर अनिश्चितताएं बढ़ गई हैं। सोमवार को यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ खुले, जबकि एशियाई शेयर गिरे। एसपीआई एसेट मैनेजमेंट के स्टीफन इनेस ने कहा कि फैसले से 'वित्तीय बाजारों पर थोड़ा असर पड़ा है।

### क्लिंटन दंपति ने हैरिस को समर्थन दिया

पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने भी हैरिस को समर्थन दिया है लेकिन अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और प्रतिनिधि सभा की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी ने उम्मीदवार के रूप में हैरिस के नाम का तत्काल समर्थन करने से परहेज किया।

### बाइडन की आलोचना, बहस के लिए चुनौती

डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से अचानक पीछे हटने के लिए निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन पर निशाना साधा और दावा किया कि 'बाइडन के चिकित्सक समेत उनके इर्द-गिर्द मौजूद सभी लोग जानते थे कि वह राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने या राष्ट्रपति बनने के योग्य नहीं हैं।' अब हम कुटिल जो बाइडन से लड़ने के लिए समय और पैसा खर्च करने के लिए मजबूर हैं। ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह किसी भी उम्मीदवार से बहस को तैयार हैं।



### बाइडन के फैसले का स्वागत

"राष्ट्रपति बाइडन के फैसले का सम्मान करता हूं और उनके शेष कार्यकाल में साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।
– कीर स्टार्मर, प्रधानमंत्री ब्रिटेन

"हमारा देश राष्ट्रपति बाइडन के समर्थन के लिए आभारी है। यह लड़ाई मजबूत द्विदलीय समर्थन के कारण महत्वपूर्ण रही है।
–वोलोदिमीर जेलेंस्की, राष्ट्रपति यूक्रेन

"बाइडन यहूदी लोगों के सच्चे सहयोगी हैं और लंबे करियर में इजरायली लोगों के लिए उनकी दोस्ती और दृढ़ समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद।
– इसहाक हरजोग, राष्ट्रपति इजरायल

"बाइडन के साथ काम करते समय उनका 'अमेरिका के प्रति प्यार और सेवा के प्रति समर्पण' देखा।
– ऋषि सुनक, पूर्व प्रधानमंत्री ब्रिटेन

**तीन भारतीय अमेरिकी सांसदों का समर्थन**

अमेरिका में कुल पांच डेमोक्रेट भारतीय-अमेरिकी सांसदों- राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और अमी बेरा ने बाइडन के फैसले की सराहना की है और उनमें से तीन- खन्ना, थानेदार और जयपाल ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को अपना समर्थन दिया है। वर्जीनिया के स्टेट सीनेटर सुहास सुब्रमण्यम ने भी हैरिस को समर्थन देने की घोषणा की।

## भारतीय-अमेरिकियों ने हैरिस का स्वागत किया

**वाशिंगटन, एजेंसियां।** कई प्रमुख भारतीय-अमेरिकियों ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने की संभावना का स्वागत किया। उन्होंने इसे इस छोटे नस्लीय समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया।

बाइडन प्रशासन में वरिष्ठ स्तर पर 150 से अधिक भारतीय मूल के नेता कार्यरत हैं। पॉल हेस्टिंग्स एलएलपी में एक भागीदार और भारत के प्रमुख व्यवसायी तथा द्विपक्षीय संबंधों के विशेषज्ञ रौनक डी. देसाई ने बताया कि हैरिस का उदय अमेरिका-भारत संबंधों के लिए एक महत्त्वपूर्ण अवसर का प्रतिनिधित्व करता है। देसाई ने कहा, 'वह वर्तमान प्रशासन की भारत नीति की एक प्रमुख वास्तुकार रही हैं, जबकि नई दिल्ली आम तौर पर रणनीतिक संबंधों में निरंतरता की उम्मीद कर सकती है। अगर वह नवंबर में जीतती हैं, तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह अपने तरीके से द्विपक्षीय संबंधों को आकार देंगी।'

डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में वर्जीनिया से डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रतिनिधि जय भंडारी ने विश्वास जताया कि हैरिस रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को हराने में सक्षम होंगी।

भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रमुख सदस्यों ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होकर 'सही काम' किया। उन्होंने यह निर्णय 'अमेरिका को पहले रखने' के लिए लिया है। न्यूयॉर्क स्थित प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी वकील रवि बत्रा ने बताया, 'मैं बाइडन के इस दौड़ से बाहर होने के फैसले का स्वागत करता हूं।

**विदेश 30s**

### 'ट्रंप पर हमला सीक्रेट सर्विस की बड़ी चूक'

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सीक्रेट सर्विस की निदेशक किंबरली चीटल ने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का प्रयास किया जाना एजेंसी की सबसे बड़ी चूक है। उन्होंने सोमवार को संसद में पेशी के दौरान बताया कि 13 जुलाई को चूक हुई। ट्रंप पर हुई गोलीबारी से पहले एजेंसी को दो से पांच बार ट्रंप की रैली में संदिग्ध व्यक्ति के होने के बारे में बताया गया था। वहीं, अमेरिकी होमलैंड सुरक्षा सचिव एलेजांद्रो मेयरकास ने हत्या के प्रयास की समीक्षा के लिए एक स्वतंत्र पैनल नियुक्त किया है।

### अभियान को विफल करने की कोशिश : पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना ने सोमवार को कहा कि संगठित राजनीतिक माफिया आतंकवादियों को खदेड़ने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए नए आतंकवाद विरोधी अभियान आजम-ए-इस्तेहकाम के बारे में गलत सूचना फैला रहा है। वो नहीं चाहते कि अभियान सफल हो। पाक सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने मीडिया से अभियान की शुरुआत सहित विभिन्न मुद्दों पर बात की।


HT
**एचटी मीडिया लिमिटेड**
**सीआईएन: L22121DL2002PLC117874**
**पंजीकृत कार्यालय:** हिन्दुस्तान टाइम्स हाउस
18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110 001
**फोन:** +91-11-6656123, ई-मेल: **investor@hindustantimes.com**
वेबसाइट: **www.htmedia.in**

**सूचना**
**(कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)**

**विषय: अदत्त/बेदावेदार लाभांश और इक्विटी शेयरों का निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि (आई.ई.पी.एफ.) में अंतरण**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(5) ("अधिनियम"), साथ में पठित, निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, संपरीक्षा, अंतरण और प्रतिदाय) नियमावली, 2016 (**"आई.ई.पी.एफ. नियमों "**) की शर्तों में, कम्पनी को आई.ई.पी.एफ. खाते में उन शेयरों को अंतरित करना है, जिनके लाभांश सात (7) या अधिक अनवरत वर्षों के दौरान अदत्त या बेदावेदार पड़े हैं। इसके अलावा, अधिनियम की धारा 124(6) और आई.ई.पी.एफ. नियमों के अनुसार, कम्पनी को उन शेयरों को भी आई.ई.पी.एफ. खाते में अंतरित करना है, जिनके संबंध में लाभांश लगातार सात (7) वर्ष या उससे अधिक अवधि तक अदत्त या बेदावेदार रहता है।

कम्पनी ने उन शेयरधारकों को उनके नवीनतम उपलब्ध पते पर, उचित कार्यवाही किए जाने के लिए, व्यक्तिगत रूप से सूचित किया है जिनके शेयर आई.ई.पी.एफ. नियमों के तहत आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण के डिमैट खाते को अंतरित किए जाने के काबिल हैं। उन शेयरधारकों की सम्पूर्ण सूची, कम्पनी की वेबसाइट यानी **https://www.htmedia.in/** पर **'Investor relations'** सेक्शन के अधीन लगा दी गई है जिनके शेयर आई.ई.पी.एफ. में अंतरित किए जाने हैं।

वे शेयरधारक जिनके पास भौतिक रूप में शेयर पड़े हैं, और जिनके शेयर आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण को अंतरित किए जाने के काबिल हैं, कृपया ध्यान दें कि कम्पनी डिमैटिरयलाइजेशन हेतु और उसके बाद आई.ई.पी.एफ. नियमों के अनुसार आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण को शेयरों की अंतरण करके उनके द्वारा धारित मूल शेयर प्रमाणपत्र (पत्रों) के बदले में नए शेयर प्रमाणपत्र (पत्रों) जारी करेगी और ऐसे निर्गमन पर, मूल प्रमाणपत्र (पत्रों) जो उनके नाम में पंजीकृत हैं स्वतः रद्द माने जाएंगे और गैर-परक्राम्य समझ लिए जाएंगे। डीमैट रूप में रखे गए शेयरों के मामले में, कंपनी आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण को शेयरों के अंतरण के लिए कॉर्पोरेट कार्रवाई के माध्यम से संबंधित डिपॉजिटरी को सूचित करेगी। शेयरधारक इस पर भी ध्यान दें कि कम्पनी द्वारा उनके बेवसाइट यानी **https://www.htmedia.in/** पर अपलोड किए गए विवरण आई.ई.पी.एफ. नियमों के अनुसरण में आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण को शेयरों के अंतरण के प्रयोजन हेतु कम्पनी द्वारा नए प्रमाणपत्र (पत्रों) को निर्गमन के संबंध में पर्याप्त सूचना समझी व मानी जाएगी।

संबंधित शेयरधारकों से अनुरोध किया/सलाह दी जाती है कि **26 अक्टूबर, 2024 को या उससे पहले** अदत्त/बेदावेदार लाभांश राशि(यों) का दावा करें, अन्यथा लाभांश और इक्विटी शेयरों को बिना किसी अतिरिक्त सूचना के आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण को अंतरित करने के लिए आगे की कार्यवाही करेगी। संबंधित शेयरधारक अभी भी वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध ई-फॉर्म आई.ई.पी.एफ.-5 में ऑनलाइन आवेदन जमा करके और अधिनियम और आई.ई.पी.एफ. नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण से लाभांश और इक्विटी शेयरों का दावा कर सकते हैं।

कृपया ध्यान दें कि वित्तीय वर्ष 2015-2016 तक के अदत्त/बेदावेदार लाभांश और उससे संबंधित शेयर पहले ही आई.ई.पी.एफ. को अंतरित किए जा चुके हैं, और उनका कथित आई.ई.पी.एफ. नियमों के अधीन निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण से वापसी के लिए दावा किया जा सकता है।

उक्त के संबंध में किसी भी पूछताछ हेतु, शेयरधारक कृपया कम्पनी के पंजीयक तथा ट्रांसफर एजेंट से केफिन टेक्नोलॉजीज़ लि., **यूनिट: एचटी मीडिया लिमिटेड**, सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर बी, प्लॉट 31 व 32, फाइनैंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत - 500032, टॉल फ्री नं.: 1800-309-4001, ई-मेल: **einward.ris@kfintech.com**, वेबसाइट: **www.kfintech.com** पर सम्पर्क करें।

कृते **एचटी मीडिया लिमिटेड**
ह०/-
**(मनहर कपूर)**
**ग्रुप जनरल काउंसल एवं कम्पनी सचिव**
**तिथि: 22 जुलाई, 2024**
**स्थान: नई दिल्ली**


## गाजा का हिस्सा खाली करने के आदेश

गाजा की जंग

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी।** इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में उस हिस्से को खाली करने का सोमवार को आदेश दिया जिसे उसने मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। सेना ने कहा कि वह इस क्षेत्र में छिपे हमास के आतंकवादियों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू करने की योजना बना रही है।

इस महीने की शुरुआत में, इजराइल ने कहा था कि उसका अनुमान है कि कम से कम 18 लाख फलस्तीनी अब मानवीय क्षेत्र में हैं। उसने भूमध्य सागर के साथ लगते लगभग 14 किलोमीटर (8.6 मील) की दूरी के हिस्से को मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। यह घोषणा गाजा में संघर्ष विराम की मांग को लेकर हो रही नाजुक वार्ता के दौरान की गई। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन से मिलने के लिए अमेरिका की बहुप्रतीक्षित यात्रा पर सोमवार सुबह रवाना हुए।



दक्षिणी गाजा पट्टी से सुरक्षित स्थानों की ओर जाते फलस्तीनी। • एएफपी

## पाक में आतंकियों ने स्कूल उड़ाया

**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक कबायली जिले में आतंकियों ने सोमवार को एक सरकारी बालिका विद्यालय को बम से उड़ा दिया। हालांकि, विस्फोट में किसी की जान नहीं गई।

खैबर पख्तूनख्वा के शिक्षा मंत्री फैसल खान ताराकई ने बताया कि आतंकवादियों ने रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात वारदात को अंजाम दिया।

उल्लेखनीय है कि मई में भी इसी तरह की एक आतंकी घटना में उत्तरी वजीरिस्तान जिले के तहसील शेवा में आतंकियों ने एक बालिका विद्यालय को बम से उड़ा दिया था।

## इमरान की पार्टी पीटीआई के मुख्यालय पर छापा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पुलिस ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के कार्यालय पर सोमवार को छापा मारा और पार्टी के सूचना सचिव रऊफ हसन को गिरफ्तार कर लिया। यह स्पष्ट नहीं है कि हसन के खिलाफ क्या आरोप हैं।


**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**नई दिल्ली**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**निविदा संख्या: RBI/New Delhi/Estate/3/24-25/ET/236**
**"भारतीय रिजर्व बैंक नई दिल्ली के मुख्य कार्यालय और एनेक्सी बिल्डिंग में इंटेलिजेंट एनालॉग एड्रेसेबल फायर अलार्म सिस्टम की डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग"** करने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के संपूर्ण विवरण हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in या www.mstcecommerce.com देखें या संपदा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, 6, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 को संपर्क करें। ई-निविदा फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28 अगस्त 2024 को 14.00 बजे तक है।
**नोट** - उपरोक्त विज्ञापन पर जारी शुद्धिपत्र यदि कोई होता है, वह केवल बैंक की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।
क्षेत्रीय निदेशक
नई दिल्ली


## मेरी गिरफ्तारी की खबरें निराधार : राहत फतेह

**दुबई, एजेंसी।** पाकिस्तानी गायक राहत फतेह अली खान ने सोमवार को दुबई में अपनी गिरफ्तारी की खबरों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि ये खबरें फर्जी और निराधार हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर ये प्रतिक्रिया दी है।



इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर गायक ने प्रतिक्रिया दी

उन्होंने बताया है कि वह दुबई में गाने रिकॉर्ड करने के लिए आए हैं और सब कुछ ठीक है। दरअसल, राहत ने कुछ महीने पहले विवाद के कारण अपने मैनेजर को नौकरी से निकाल दिया था, जिसके कारण दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज कराया था। राहत को कथित तौर पर इमिग्रेशन सेंटर में हिरासत में लिया था और पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में ले लिया गया था। अब गायक ने खुद इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो जारी कहा पुलिस हिरासत में नहीं लिया गया था।

## छात्रों की वापसी के लिए सहायता केंद्र खोला

**बांग्लादेश हिंसा**

**कोलकाता, एजेंसी।** बीएसएफ ने हिंसाग्रस्त बांग्लादेश से छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए भारत-बांग्लादेश सीमा पर एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) पर विशेष सहायता डेस्क स्थापित किए हैं। आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया है।

सीमा सुरक्षा बल ने कहा कि अब तक 572 भारतीय, 133 नेपाली और चार भूटानी छात्रों की वापसी में सहायता की है। बांग्लादेश में फंसे गुजरात के 14 मेडिकल छात्र सुरक्षित घर लौट आए हैं। गुजरात सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य सरकार की संस्था एनआरजी फाउंडेशन को फंसे हुए छात्रों का पता लगाने में सहायता करने का निर्देश दिया। हिंसा के कारण पश्चिम बंगाल के भूमि बंदरगाहों के माध्यम से भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार सोमवार को दूसरे दिन भी स्थगित रहा।

### यूएई में प्रदर्शन पर सजा

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात की एक अदालत ने दर्जनों बांग्लादेशियों को अपने देश की सरकार के खिलाफ दुबई में प्रदर्शन करने पर कारावास की सजा सुनाई है। इनमें से तीन को उम्रकैद की सजा दी गई है। अदालत ने रविवार को 53 बांग्लादेशियों को 10-10 साल कारावास, एक बांग्लादेशी को 11 साल कारावास और तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।


**कार्यालय मुख्य जल विश्लेषक (डब्ल्यू एण्ड एस)-II**
**दिल्ली जल बोर्ड: रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार**
**हैदरपुर वाटर वर्क्स, दिल्ली-110085**
**टेलीफोन नं. 011-27554265, ईमेल: cwaws2.djb@gmail.com**

**अल्प प्रेस नि.आ.सू. सं. 01 (24-25)**

| क्र सं. | कार्य का नाम | दरों की अनुसूची/मद दर/एकमुश्त आधारित अनुमानित लागत (रु. लाख में) | धरोहर राशि (अप्रतिदेय) (रु. में) | निविदा शुल्क | ई-प्रापण हल में निविदा के निर्गमन की तिथि | ई-प्रापण हल के जरिए निविदा की प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निदेशक (निदान एवं गुणवत्ता नियंत्रण) के तहत सी.डब्ल्यू.ए. (डब्ल्यू एण्ड एस)-I, II व III मंडल हेतु कुशल, अर्ध-कुशल व अकुशल स्टॉफ की जरूरत। | मद दर | 92,200/- | 500/- | 16.07.2024 2024_DJB_259619_1 | 01.08.2024 अप. 03.00 बजे तक |

इस संदर्भ में अन्य विवरण को वेबसाइट **https://govtprocurement.delhi.gov.in** में देखा जा सकता है।

जनसंपर्क अधिकारी (जल) द्वारा जारी
विज्ञापन सं. ज.सं.वि. 011/2024-25

**कोरोना रोकें : मास्क पहनें, सामाजिक दूरी का पालन करें और हाथों की स्वच्छता बनाए रखें।**

ह0/- (जी. पी. सिंह)
सीडब्ल्यूए (डब्ल्यूएंडएस) II एचपी
9650039741



**नौएडा**
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, (उ0प्र0)**
**वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.com**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

UPCL लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट **www.noidaauthorityonline.in** एवं UPCL की वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है।
किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहे।
**(धनराशि रुपये 30 लाख से रुपये 01 करोड़ तक)**

| Sl. No. | Job No. | Name of Work | Amount | Tender Publication |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 01/बाह्य विज्ञापन/व0प्र0/2024-25 | नौएडा क्षेत्र में एम0पी0-2 मार्ग एवं अगाहपुर रोड़ की क्रोसिंग पर बने एन0टी0पी0सी0 अण्डरपास पर विज्ञापन के अधिकार का कार्य (दो वर्ष हेतु) | 51,57,936.00 | प्रथम बार |
| 2. | 02/बाह्य विज्ञापन/व0प्र0/2024-25 | नौएडा क्षेत्र में सिटी सेन्टर सैक्टर-32ए अण्डरपास पैनल पर विज्ञापन के अधिकार का कार्य (दो वर्ष हेतु) | 61,40,400.00 | प्रथम बार |
| 3. | 03/बाह्य विज्ञापन/व0प्र0/2024-25 | नौएडा क्षेत्र में सैक्टर-37 एवं सैक्टर-38ए अण्डरपास पैनल पर विज्ञापन के अधिकार का कार्य (दो वर्ष हेतु) | 61,40,400.00 | प्रथम बार |
| 4. | 04/बाह्य विज्ञापन/व0प्र0/2024-25 | नौएडा क्षेत्र में बी0ओ0टी0 आधार पर ग्राम-ममूरा सैक्टर-60-61 अण्डरपास पर 02 वर्ष के लिये विज्ञापन के अधिकार का कार्य। | 51,57,936.00 | प्रथम बार |
| 5. | 06/बाह्य विज्ञापन/व0प्र0/2024-25 | नौएडा क्षेत्र में बी0ओ0टी0 आधार पर सैक्टर-51, 52, 71 एवं 72 के समीप यूनीपोल पर आगामी 02 वर्ष के लिये विज्ञापन के अधिकार का कार्य। | 73,68,480.00 | प्रथम बार |

जिन्हें दिनांक **06.08.2024 को 5.00 बजे तक** अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक **07.08.2024 को 11.00 बजे** खोली जायेगी।

(विश्वास कुमार त्यागी)
वरिष्ठ प्रबंधक
बाह्य विज्ञापन, नौएडा।

**स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा**






POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

■ आज के दिन केडी जाधव ने देश को दिलाया था पहला व्यक्तिगत पदक ■ इस बार छह भारतीय पहलवानों में पांच बेटियां

# कुश्ती : सोने पर 'दांव' लगाने की चुनौती

72 साल पहले आज ही के दिन पहलवान केडी जाधव ने भारत को पहला व्यक्तिगत पदक दिलाया था। इसके बाद एक बड़ा अंतराल आया। अब पिछले 16 साल (2008) से पहलवान हर बार पदक के साथ लौट रहे हैं। इस बार पेरिस में छह भारतीय पहलवानों में पांच बेटियां हैं। इनमें धाकड़ छोरी विनेश फोगाट को सबसे बड़ी उम्मीद के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं, अंतिम पंघाल और अमन सेहरावत का यह पहला ओलंपिक होगा।

**3 दिन शेष**

नई दिल्ली। लगातार तीन ओलंपिक में खेलने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान विनेश पिछले दो ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल में मिली हार का तिलिस्म हर सूरत में तोड़ना चाहेंगी। रियो में चोट ने उन्हें दर्द दिया था तो टोक्यो में वह बेलारूस की खिलाड़ी से मात खा गई थी। विनेश पिछले एक साल से खेल से ज्यादा महिला पहलवानों के शोषण को लेकर कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ आवाज उठाने को लेकर सुर्खियों में रही हैं। इसके चलते उन्होंने एशियाड में भी भाग नहीं लिया। हालांकि ट्रायल जीतकर उन्होंने इस बार ओलंपिक के 50 किग्रा भार वर्ग में जगह बनाई है। हाल ही में स्पेनिश ग्रां प्री में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता है। हरियाणा की चक्की दादरी की 29 वर्षीय विनेश के पास ओलंपिक को छोड़ हर पदक है।

### अंशु भी कम नहीं

दल में विनेश के बाद 22 वर्षीय अंशु मलिक (57 किग्रा) को ही ओलंपिक में खेलने का अनुभव है। टोक्यो में पहले दौर में हार के बाद अंशु को रेपचेज में पदक जीतने का मौका मिला था पर वह हार गई थी।

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत जीतने वाली अंशु पिछले महीने अभ्यास के दौरान चोटिल हो गई थी। इससे उनकी पदक की उम्मीदों को झटका लगा है। वह तैयारियों में जुटी हैं। फिलहाल कुश्ती संघ ने भारतीय खेल प्राधिकरण से पेरिस जाने वाले सभी पहलवानों का फिटनेस टेस्ट करवाने की मांग की है।


विनेश फोगाट


अंतिम पंघाल


अमन सेहरावत

### छोरों से आगे निकल रहीं भारतीय छोरियां

- विनेश लगातार तीन स्वर्ण राष्ट्रमंडल खेलों में जीतने वाली अकेली भारतीय महिला रेसलर
- अंतिम पंघाल दो बार जूनियर विश्व चैंपियन बनने वाली देश की पहली महिला पहलवान
- पहली बार रिकॉर्ड पांच भारतीय महिला पहलवान ओलंपिक में मैट पर उतरेंगी

### 24 साल बाद सिर्फ एक पुरुष पहलवान

पिछले 24 साल में यह पहला मौका होगा जब सिर्फ एक भारतीय पुरुष पहलवान ओलंपिक में चुनौती पेश करेगा। पहलवानों और भारतीय कुश्ती महासंघ के बीच करीब डेढ़ साल तक चलती रही नूरा कुश्ती के चलते खेल को काफी नुकसान हुआ। सिर्फ अमन सेहरावत (57 किग्रा) ही पेरिस जा पाए। इससे पहले सिर्फ दो बार (2000, गुरविंदर सिंह) और (1996, पप्पू यादव) ही ऐसा हुआ।

### नई सनसनी अंतिम पंघाल पर सभी की नजरें

भारतीय महिला कुश्ती की नई पोस्टर गर्ल अंतिम पंघाल (53 किग्रा) से पदक की उम्मीद है। 19 वर्षीय पंघाल अंडर-20 वर्ग में विश्व चैंपियन बनने वाली देश की पहली भारतीय महिला पहलवान हैं। वह पेरिस का टिकट कटाने वाली पहली भारतीय पहलवान थी। हिसार की अंतिम को चौथी वरीयता मिली है। इससे शुरुआती दौर में उन्हें आसन प्रतिद्वंद्वी मिलेंगे।

**रीतिका पहली भारतीय महिला :** रोहतक की रीतिका हुड्डा 76 किग्रा भार वर्ग में चुनौती पेश करने वाली पहली भारतीय महिला होगी। उन्होंने पिछले साल एशियन चैंपियनशिप में 68 किग्रा में रजत जीता था।

**साक्षी की शार्गिद निशा :** ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक की शार्गिद निशा दहिया (68 किग्रा) अपनी गुरु की तरह ही खेलों में पदक जीतना चाहती हैं। पिछले साल जुलाई में कॉलरबोन में फ्रैक्चर के चलते दो माह तब बिस्तर पर पड़ी रहने वाली निशा ने जीवटता दिखाते हुए वापसी की है।

### एक नजर

**01**
मात्र कांस्य पदक भारतीय महिला पहलवान ने जीता है जो साक्षी मलिक ने 2016 में दिलाया था

**07**
सर्वाधिक ओलंपिक पदक भारत ने कुश्ती में जीते हैं जो हॉकी (12) के बाद दूसरे सर्वाधिक हैं

**05**
से 11 अगस्त तक दस हजार वर्ग मीटर में बने अस्थायी चैंप-डे-मार्स एरिना में कुश्ती के मुकाबले होंगे

### जाधव ने हेलसिंकी में जीता था कांस्य पदक

महाराष्ट्र के सतारा के पांच फुट छह इंच के खाशाबा दादासाहेब जाधव ने आजाद भारत को ओलंपिक का पहला व्यक्तिगत पदक दिलाया था। उन्होंने 72 साल पहले आज (23 जुलाई, 1952) ही के दिन हेलसिंकी में कांस्य पदक जीता था। जाधव को भेजने के लिए गांववालों ने चंदा एकत्र किया तो कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल खारडिकर ने खुद का घर गिरवी रखकर उन्हें 7000 रुपये उधार दिए थे। जब वह पदक जीतकर लौटे तो उनके स्वागत के लिए प्रशसंकों ने 101 बैलगाड़ियों का इंतजाम किया। रेलवे स्टेशन से उनके घर तक 15 मिनट के सफर में सात घंटे लग गए थे। उन्हें मरणोपरांत 2001 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## ओलंपिक के झरोखे से...

### कोरोना काल इस खिलाड़ी के लिए बन गया 'वरदान'

**रोचक किस्सा**


कीमिया अलीजादेह

कोरोना का वक्त यूं तो पूरी दुनिया के लिए एक भयावह हकीकत था। मगर कोई ऐसा भी था जिसके लिए कोरानाकाल 'वरदान' बन गया। वह थीं ईरान की ताइक्वांडो खिलाड़ी कीमिया अलीजादेह। इनकी कहानी भी बड़ी रोचक है।

वर्ष 2016 के रियो ओलंपिक में कीमिया ईरान के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं। उन्होंने ताइक्वांडो में कांस्य पदक जीता था।

मगर असली कहानी 2020 के टोक्यो ओलंपिक से जुड़ी है। अलीजादेह यहां भी ताइक्वांडो के लिए उतरीं मगर ईरान की खिलाड़ी के खिलाफ। दरअसल, रियो में ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद कीमिया ने ईरान सरकार पर दमनकारी होने का आरोप लगाते हुए जनवरी 2020 में देश छोड़ दिया और जर्मनी की शरण ले ली। वह जर्मनी की ओर से खेलने की उम्मीद कर रही थीं मगर वहां नागरिकता और पात्रता हासिल करने के लिए पर्याप्त समय नहीं था। वह इस ओलंपिक से चूक सकती थीं मगर कोराना महामारी ने दुनिया को घेर लिया और खेल एक साल के लिए टल गए।

यह बात कीमिया के लिए वरदान बन गई और उन्हें शरणार्थी टीम से जुड़ने के लिए पर्याप्त समय मिल गया। रोचक बात यह भी है कि इस बार उन्होंने ईरान की नाहिद को हराकर ओलंपिक का आगाज किया। हालांकि आगे वह कांस्य का मुकाबला हार लगातार दूसरे पदक से एक कदम ये चूक गईं।

### खेल को जानें : कुश्ती




## ऐसा कप्तान चाहिए था जो सभी मैच खेले: अजित

**स्टेट ड्राइव**


मुंबई में सोमवार को श्रीलंका दौरे पर रवाना होते सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत।

मुंबई, एजेंसी। 'सूर्यकुमार यादव को फिटनेस, ड्रेसिंग रूम फीडबैक और निरंतर उपलब्धता के कारण टी-20 कप्तान बनाया गया। हमें ऐसा कप्तान चाहिए था जो सभी मैच खेले।'

मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने सोमवार को टीम इंडिया की कप्तानी हार्दिक पांड्या की जगह सूर्यकुमार को देने पर रुख स्पष्ट किया।

अगरकर और नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पहली बार संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस की। टीम इंडिया श्रीलंका दौरे पर रवाना हुई है। अगरकर ने कहा, हम ऐसा कप्तान चाहते थे जिसका चोटों का इतिहास न हो। सूर्यकुमार टी-20 में विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज भी हैं। हार्दिक जैसा कौशल भी मिलना मुश्किल है। हमारे पास थोड़ा समय है।

**केएल की अनदेखी पर :** अगरकर ने कहा, जब राहुल को बाहर किया गया तो मैं वहां नहीं था। मैं चयनकर्ता नहीं था। दो साल का समय लंबा है जिसमें हम कुछ चीजों को अलग तरीके से देखकर प्रयोग कर सकते हैं।

**जडेजा बाहर नहीं :** अगरकर ने माना कि चयन समिति को स्पष्ट करना चाहिए था कि टी-20 क्रिकेट को अलविदा कहने वाले रवींद्र जडेजा को बाहर नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, इतनी छोटी सीरीज (जिम्बाब्वे दौरा) के लिए उन्हें और अक्षर पटेल दोनों को ले जाने का कोई मतलब नहीं था। आगे टेस्ट सीरीज खेलनी हैं जिसमें जडेजा अधिकांश मैच खेलेंगे।

**शमी की वापसी पर :** अगरकर ने कहा, मोहम्मद शमी ने गेंदबाजी शुरू कर दी है जो अच्छा संकेत है। हमें 19 सितंबर को पहला टेस्ट खेलना है। वैसे हमें पता नहीं कि वह कब वापसी कर सकेगा। उसके लिए एनसीए में बात करनी होगी।

### गंभीर बोले, विराट से रिश्ता टीआरपी के लिए नहीं

मुंबई। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के साथ उनका रिश्ता टीआरपी के लिए नहीं बल्कि उन दोनों के बीच है। गंभीर और कोहली अच्छे दोस्त नहीं रहे। यह आईपीएल में दोनों के बीच कई बार टकराव से स्पष्ट है। गंभीर ने कहा, टीआरपी के लिए अच्छा है पर रिश्ता सार्वजनिक नहीं है। यह दो परिपक्व लोगों के बीच का रिश्ता है। हम दोनों भारत का परचम लहराने के लिए काफी मेहनत करेंगे। यही हमारा काम है।

### 'विराट-रोहित अधिकांश मैच खेलें'

मुंबई। गौतम गंभीर ने कहा कि वह चाहते हैं कि रोहित शर्मा और विराट कोहली अधिकांश वनडे और टेस्ट खेलें। उन्होंने उम्मीद जताई कि 2027 वनडे विश्व कप खेलने के लिए वे अपनी फिटनेस बनाए रखेंगे।

गंभीर ने गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार प्रबंधन पर कहा, बुमराह जैसे खिलाड़ी का कार्यभार प्रबंधन अहम है। पर एक बल्लेबाज के लिए लगातार खेलते रहना जरूरी है। गंभीर ने कहा, विराट और रोहित ने बता दिया है कि बड़े मैचों में वे क्या कर सकते हैं। टी-20 विश्व कप और 50 ओवरों के विश्व कप में भी। चैम्पियंस ट्रॉफी और ऑस्ट्रेलिया दौरा आने वाला है। अगर वे फिटनेस कायम रख सके तो 2027 वनडे विश्व कप भी खेल सकते हैं। गंभीर ने तीन प्रारूपों के लिए अलग टीमों की संभावना भी जताई।

## महिला टीम सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी

**एशिया कप टी-20**

दांबुला, एजेंसी। पहले दो मैच में आसान जीत के बाद भारतीय टीम महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए में मंगलवार को अपने अंतिम मैच में नेपाल से खेलेगी। उसकी नजर इस मैच में बड़ी जीत दर्ज के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने पर होगी।

**एकतरफा जीत दर्ज की :** भारत ने पहले मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से और दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से हराया है। दूसरी ओर नेपाल ने पहले मैच में अमीरात को हराया पर दूसरे में पाक से नौ विकेट से हार गया।

**शानदार रहा प्रदर्शन :** भारत ने अभी तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है जिसे वह जारी रखने को प्रतिबद्ध होगी। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पाक के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की थी जबकि अमीरात के खिलाफ कप्तान हरमनप्रीत कौर और रिचा घोष ने अर्धशतक जड़े थे।

### श्रीलंका ने रिकॉर्ड 144 रन से मलेशिया को रौंदा

दांबुला। कप्तान चामरी अट्टापटू (नाबाद 119, 69 गेंद, 14 चौके, 7 छक्के) रनों की पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से श्रीलंका ने एशिया कप में मलेशिया को रिकॉर्ड 144 रन से हराया। 185 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशिया की एलसा हंटर ने सर्वाधिक (10) रन बनाए। शेष कोई दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंची। अंत में मलेशियाई टीम 19.5 ओवर में मात्र 40 रन पर सिमट गई। श्रीलंका की शशिनी गम्हिनी ने तीन विकेट लिए।

### बांग्लादेश ने थाईलैंड को सात विकेट से हराया

दांबुला। राबेया खान शानदार गेंदबाजी (चार विकेट) के बाद मुर्शीदा खातून (50) की अर्धशतकीय पारी से बांग्लादेश ने एशिया कप में थाईलैंड को सात विकेट से हरा दिया।

97 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश के लिए इशमा तंजीम और मुर्शीद खातून ने दूसरे के विकेट लिए 60 रन जोड़े। इससे पहले थाईलैंड ने नत्ताया बूचाथम के सर्वाधिक 40 रन की मदद से 20 ओवरों में नौ विकेट पर 96 रन बनाए।

### प्रश्नोत्तरी

- किन देशों ने 1896 में शुरुआत के बाद से हर ओलंपिक में हिस्सा लिया?
- ये पांच देश हैं जिन्होंने अभी तक हर ओलंपिक खेलों में शिरकत की है। इनके नाम है ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, यूनान, स्विट्जरलैंड और ग्रेट ब्रिटेन। कुछ देशों ने प्रतिभाशाली एथलीटों की कमी के कारण कभी हिस्सा नहीं लिया तो कुछ किन्हीं राजनीतिक कारणों से खेलों का बॉयकॉट करते आए हैं। 1980 में मॉस्को ओलंपिक में सबसे ज्यादा 67 देशों ने खेलों का बॉयकॉट किया था।

### ओलंपिक इतिहास

#### एशिया में दूसरी बार हुआ खेलों का महाकुंभ

**1988 : कोरिया में उतरे दिग्गज**

दक्षिण कोरियाई शहर सियोल में हुए ये खेल एशिया में हुए दूसरे खेल थे। इससे पहले 1964 में टोक्यो में ये खेल हुए थे। यह शीत युद्ध के पहले के आखिरी खेल थे क्योंकि इनके बाद सोवियत संघ और पूर्वी जर्मनी का अस्तित्व खत्म हो गया था। इन खेलों में 160 देशों ने हिस्सा लिया। सोवियत संघ पहले, पूर्वी जर्मनी दूसरे और अमेरिका तीसरे स्थान पर रहा।

**1992 : शीत युद्ध का हुआ अंत**

यह ओलंपिक इसलिए यादगार थे क्योंकि शीत युद्ध का अंत होने के बाद ये पहले खेल थे। साथ ही, रंगभेद के कारण 32 साल के प्रतबिंध के बाद दक्षिण अफ्रीका को पहली बार इनमें प्रवेश मिला। सोवियत संघ की एकीकृत टीम ने 45 स्वर्ण सहित 112 पदक जीत इनमें शीर्ष स्थान हासिल किया। अमेरिका (37 स्वर्ण) दूसरे और जर्मनी (33 स्वर्ण) तीसरे नंबर पर रहा।

**खेल 30 S**

### विश्व कप आयोजन की समीक्षा करेगी समिति

कोलंबो। आईसीसी ने अमेरिका-वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में हुए टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा के लिए सोमवार को तीन सदस्यीय समिति गठित की। इसमें न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर ट्वोज और आईसीसी के अन्य दो निदेशक लॉसन नायडू तथा इमरान ख्वाजा हैं। आईसीसी को मैचों के आयोजन पर दो करोड़ डॉलर से अधिक का नुकसान होने की आशंका है।

### ओसीए के पहले भारतीय प्रमुख बनेंगे रणधीर सिंह

नई दिल्ली। खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के पहले भारतीय प्रमुख बनने वाले हैं। 8 सितंबर को होने वाले चुनाव में वह शीर्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार बचे हैं। वह अभी ओसीए के कार्यवाहक प्रमुख हैं।

**ऐलान** | चौथा ओलंपिक खेलने जा रहे 36 वर्षीय गोलकीपर ने टोक्यो ओलंपिक में शानदार गोलकीपिंग से भारत को कांस्य दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी

## पेरिस ओलंपिक के बाद हॉकी को अलविदा कह देंगे पीआर श्रीजेश

पेरिस, एजेंसी। अनुभवी गोलकीपर और भारत के पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास ले लेंगे। उन्होंने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के जरिये सोमवार को यह जानकारी दी। श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक होगा, साथ ही आखिरी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा।

हॉकी इंडिया ने श्रीजेश को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय टीम के लिए 'विन इट फॉर श्रीजेश (श्रीजेश के लिए जीतना है)' का अभियान शुरू किया है जो खिलाड़ियों को फिर से पदक जीतने लिए प्रेरित करेगा।

**टोक्यो में दिलाया था कांसा :** भारत के लिए 328 मैच खेलने वाले और कई राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और विश्व कप में खेल चुके 36 साल के श्रीजेश ने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में शानदार गोलकीपिंग से भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने तब इस खेल में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था। उन्होंने पिछले साल एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारतीय टीम स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक 2024 का टिकट पक्का करने में सफल रही।

**पदक का रंग बदलने की आशा :** श्रीजेश ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, हम पेरिस में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके पदक का रंग बदलना चाहते है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, श्रीजेश मुश्किल से 18-19 साल के थे जब मैंने उन्हें पहली बार भारतीय शिविर में देखा था। अगर मुझे सही याद है, तो जब मैं कप्तानी कर रहा था तब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था। भारतीय हॉकी में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए मेरा दिल खुशी और कृतज्ञता से भर गया है।

> चार ओलंपिक खेलने में सक्षम होना बड़ा सम्मान और उपलब्धि है पर बस इतना ही। अब युवाओं के मेरी जगह लेने का समय आ गया। मेरा करियर बहुत सफल रहा है। मैंने जो हासिल किया है, उससे मैं संतुष्ट हूं।
> -पीआर श्रीजेश



### कई सम्मान मिले

**2021** में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार हासिल किया

**2021** में 'वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर' का पुरस्कार जीता

**2021** और 2022 में दो बार एफआईएच साल के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर

### अब तक का सफर

- 2010 विश्व कप में भारतीय राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण किया
- 328 मैच टीम की ओर से खेले
- 2014 में इंचियोन और 2022 में हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता टीम में रहे
- 2018 में जकार्ता एशियाड में कांस्य विजेता टीम में भी शामिल
- 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम के सदस्य
- 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल की स्वर्ण विजेता टीम में
- 2014 में ग्लासगो और 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता टीम के सदस्य रहे
- 2022 में भारत को हॉकी प्रो लीग में तीसरे स्थान पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई

हिन्दुस्तान OLYMPICS QUIZ
रोज खेलें रोज जीते

आज का सवाल
ओलंपिक में पहला व्यक्तिगत मेडल जीतने वाला भारतीय एथलीट कौन था?
A) के.डी. जाधव B) नार्मन प्रिचर्ड
C) अभिनव बिंद्रा D) मिल्खा सिंह
जवाब देने के लिए QR कोड स्कैन करें

वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।

# तोंद कम करेंगे तो कंपनी वेतन बढ़ाएगी

पहल



### भारतीय युवाओं में मोटापे की समस्या गंभीर विषय

भारतीय युवा आबादी में मोटापा एक गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। ऐसा आर्थिक सर्वेक्षण 2024 में कहा गया है। वहीं राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण, 2019-2021 भारत की आबादी की स्वास्थ्य स्थिति के अनुमान की मानें तो भारतीय वयस्कों में मोटापे की दर तीन गुना से अधिक हो गई है। बच्चों में सालाना वृद्धि दुनिया में सबसे अधिक है। हालांकि इस मामले में विश्व मोटापा महासंघ ने कहा है कि वियतनाम और नामीबिया भारत से आगे हैं।

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय कंपनियां अपने कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य सुविधाएं देती हैं। लेकिन अब कंपनियां कर्मचारियों के प्रदर्शन में वजन कम करने, बेहतर नींद तथा अच्छे खान पान को भी शामिल कर रही हैं। बड़ी बात है कि इसका सालाना इंक्रीमेंट और बोनस पर भी असर पड़ेगा।

कर्मचारियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए पिछले कुछ सालों में कई तरह के उपाय कंपनियों ने किए हैं, जिसमें अनिवार्य तौर पर हर साल स्वास्थ्य की जांच, डॉक्टरों की आसानी से उपलब्धता, बीमा पॉलिसियां इत्यादि शामिल हैं। लेकिन अब चीजों को अलग स्तर पर ले जाया जा रहा है।

**10 प्रतिशत वेटेज :** आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस ने कर्मचारियों के बेहतर स्वास्थ्य लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा है। साफ है कर्मचारी के प्रदर्शन की समीक्षा के दौरान वजन घटाने, नींद के अच्छे पैटर्न तथा स्वस्थ खाने की आदतों की भी समीक्षा की जाएगी। फर्म के एक वरिष्ठ कार्यकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि हम कर्मचारियों को उनके प्रदर्शन मूल्यांकन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में स्वास्थ्य के लिए लक्ष्य निर्धारित करने को प्रोत्साहित कर रहे हैं। अब तक सेल्स, ग्राहकों की संख्या बढ़ाना इत्यादि ही था। स्वास्थ्य लक्ष्यों को अधिकतम 10% वेटेज दिया जाएगा जो लोग लक्ष्य प्राप्त करेंगे, उन्हें फर्म के त्रैमासिक/वार्षिक पुरस्कारों में मान्यता दी जाएगी।

## 'एनसीपी विधायक से हुई थी पूछताछ'

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने खुलासा किया कि पुणे में एक नाबालिग की लग्जरी कार से हुई दुर्घटना के बाद पुलिस ने एनसीपी विधायक सुनील टिंगरे से 3-4 घंटे तक पूछताछ की थी। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि हादसे के बाद के घटनाक्रम में विधायक की कोई भूमिका नहीं थी।

दुर्घटना का जिक्र करते हुए अजित पवार ने रविवार को एक कार्यक्रम में कहा, पूछताछ में सुनील ने जो सच था स्पष्ट रूप से बता दिया था। बता दें कि पुणे के वडगांव शेरी में नाबालिग चालक ने कार से बाइक सवार दो आईटी पेशेवरों को रौंद दिया था।

# सड़क के गड्ढों में लोगों ने धान रोप दिया

तेलंगाना

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में टूटी और जर्जर सड़कों को बनवाने के लिए गुहार लगाते-लगाते जब लोग थक गए तो हाथ पर हाथ रखकर बैठने के बजाए टूटी सड़क पर बने गड्ढे में धान की रोपाई शुरू कर दी। दरअसल जर्जर सड़क के कारण यहां लोगों को हर दिन असुविधा का सामना करना पड़ता है। जगह-जगह गड्ढों में पानी भरा है लेकिन नगर निगम कुछ नहीं कर रही।

ऐसे में अपनी निराशा और परेशानी जाहिर करने के लिए तेलंगाना के कुत्बुल्लापुर में बोवरामपेट के निवासियों ने विरोध जताने का खास तरीका अपनाया। नगर निगम तक अपनी बात पहुंचाने के लिए पानी से भरे गड्ढों के आसपास जमा हो लोगों ने इसमें धान रोपे। प्रदर्शन का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## आजाद की याचिका पर एक को सुनवाई

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर कीर्ति आजाद द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए 1 अगस्त की तारीख तय की है।

न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की पीठ ने मामले को विचार के लिए 1 अगस्त, 2024 के लिए सूचीबद्ध किया है। हालांकि याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने अदालत से अनुरोध किया कि मामले को जनहित याचिका की प्रकृति का बताते हुए खंडपीठ को स्थानांतरित कर दिया जाए।

## पुलिस ऑफिस में खुदकुशी का प्रयास

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** कैंपियरगंज के शिवपुर करमहा की रहने वाली एक महिला ने खेत के विवाद से आहत होकर पुलिस ऑफिस पर सोमवार को खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया। उसने दो बार लाइटर जलाकर कर खुदकुशी की कोशिश की।

इस बीच एसएसपी के स्कॉट में तैनात सिपाही ने तत्परता दिखाते हुए लाइटर छीन लिया। इस छीनाझपटी में सिपाही की आंख में पेट्रोल चला गया और वह जख्मी हो गया। उसे अस्पताल भेजना पड़ा।

कैंपियरगंज इलाके के शिवपुर करमहा की रहने वाली सुनीता सोमवार अपराह्न 2.40 बजे के करीब तीन मासूम बच्चों के साथ पुलिस ऑफिस पहुंची।

**DIGICONTENT LIMITED**

सीआईएन:- L74999DL2017PLC322147

पंजीकृत कार्यालय: हिन्दुस्तान टाइम्स हाउस, दूसरी मंजिल, 18-20, कस्तूरबा गाँधी मार्ग, नई दिल्ली-110001, भारत

टेलीफोन: +91-11-6656 1234; वेबसाइट: www.digicontent.co.in; ई-मेल: investor@digicontent.co.in

30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का संक्षेप

(भा. रु. लाख में सिवाय आमदनी प्रति शेयर आँकड़ा)

| विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|
| | 30.06.2024 अलेखापरीक्षित | 31.03.2024 लेखापरीक्षित (टिप्पणी 5 देखें) | 30.06.2023 अलेखापरीक्षित | 31.03.2024 लेखापरीक्षित |
| परिचालन से राजस्व | 10,427 | 11,800 | 9,017 | 41,456 |
| अवधि के लिए लाभ (कर से पहले और असाधारण) | 223 | 941 | 260 | 1,270 |
| कर से पहले की अवधि के लिए लाभ (असाधारण के बाद) | 223 | 941 | 260 | 1,270 |
| कर के बाद की अवधि के लिए लाभ (असाधारण के बाद) | 69 | 606 | 102 | 574 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय [जिसमें समाविष्ट कर के बाद की अवधि के लिए लाभ और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 102 | 681 | 136 | 708 |
| चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य - भा. रु. 2/- प्रति शेयर) | 1,164 | 1,164 | 1,164 | 1,164 |
| तुलन पत्र के अनुसार पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर अन्य इक्विटी | | | | (1,049) |
| आमदनी प्रति शेयर (भा. रु. 2/- प्रत्येक का) बेसिक और डायल्युटेड | (वार्षिकी नहीं) 0.12 | (वार्षिकी नहीं) 1.04 | (वार्षिकी नहीं) 0.18 | 0.99 |

टिप्पणियां:

1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों (www.bseindia.com और www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट "www.digicontent.co.in" पर उपलब्ध है।
2. दि. 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए उपरोक्त अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा और संस्तुति की गई तथा 22 जुलाई, 2024 को सम्पन्न अपनी-अपनी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया। कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने समय-समय पर यथासंशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुसार इन परिणामों की "सीमित समीक्षा" की है तथा एक असंशोधित समीक्षा राय जारी की है।
3. समेकित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 साथ में पठित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015, समय-समय पर यथासंशोधित, के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों ('Ind AS') के अनुसार तैयार किए गए हैं।
4. स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों पर अतिरिक्त जानकारी इस प्रकार है:-

(भा.रु. लाखों में)

| विवरण | तिमाही समाप्त | | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | 30.06.2024 अलेखापरीक्षित | 31.03.2024 लेखापरीक्षित (टिप्पणी 5 देखें) | 30.06.2023 अलेखापरीक्षित | 31.03.2024 लेखापरीक्षित |
| परिचालन से राजस्व | 30 | 36 | 36 | 158 |
| (घाटा) कर से पहले | (389) | (402) | (362) | (1,497) |
| (घाटा) कर के बाद | (389) | (402) | (362) | (1,497) |
| कुल व्यापक (घाटा) | (389) | (402) | (360) | (1,493) |

5. दि. 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही के आंकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और 31 दिसंबर, 2023, जो वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही का अंत है, तक प्रकाशित वर्ष-दर-वर्ष के आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं, जो सीमित समीक्षा के अधीन थे।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से
प्रवीण सोमेश्वर
निदेशक
*(निदेशक मंडल द्वारा विधिवत अधिकृत)*
(डीआईएन: 01802656)

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 22 जुलाई, 2024



डॉक्टर से फ्री परामर्श के लिए कॉल करें: 1800 572 8000 (9:00 am to 6:00 pm) www.zanducare.com पर भी उपलब्ध

मीडिया मार्केटिंग इनिशिएटिव

# बजट 2024 पर यंग इंडिया के सवाल, अजय लखोटिया के जवाब...

**स्टॉकग्रो के संस्थापक और सीईओ, अजय लखोटिया ने छात्रों के साथ बातचीत में बताया कि बजट एक आम आदमी को कैसे प्रभावित करता है...**

केंद्रीय बजट आने वाले वर्ष के लिए अर्थव्यवस्था का रोडमैप है। यह सरकार की आर्थिक नीतियों और उन क्षेत्रों की रूपरेखा प्रस्तुत करता है जो फोकस का क्षेत्र बनने जा रहे हैं। इसका आपके स्टॉक निवेश पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है क्योंकि आपको अपने पोर्टफोलियो को सरकार के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के साथ संरेखित करने की आवश्यकता है। बजट की घोषणा से शेयर बाजारों में कुछ अस्थिरता भी आ सकती है जिसके लिए निवेशकों को तैयार रहना होगा।

स्टॉकग्रो के संस्थापक अजय लखोटिया ने एक विशेष बातचीत में एनआईटी इलाहाबाद के ईशान अग्रवाल, संदीप यादव और आईआईटी मद्रास की देविका दिवासन के साथ बजट और आम आदमी पर इसके प्रभाव पर चर्चा की। आइए जानते हैं कि उन्होंने यंग इंडिया के लिए बजट को कैसे डिकोड किया।

**हर कोई सोचता है कि बजट पूरी तरह टैक्सेस के बारे में है। इसका आम आदमी पर क्या असर पड़ता है?**

**अजय लखोटिया:** यह एक मिथ है कि आम आदमी पर बजट का प्रभाव नहीं पड़ता है, यह वास्तव में एक आम आदमी को प्रभावित करता है। आइए इसे कुछ उदाहरणों से देखें। मान लीजिए, हर महीने आपके किराना का बिल रु. 50,000 है, और इसमें से अधिकांश स्टेपल है जो आप खरीदते हैं। इसमें से रु. 50,000, यदि 5% जीएसटी कॉम्पोनेन्ट 10% हो जाता है, तो आपको अतिरिक्त रुपये का भुगतान करना होगा। सालाना 30,000 रुपये का टैक्स। इस तरह बजट का असर आम आदमी पर पड़ने लगता है।

बजट यह भी है कि सरकार अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों जैसे रक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि के लिए धन आवंटन कैसे तय करती है। इसलिए यदि कोई बजट अगले कुछ वर्षों में कृषि इंफ्रा के लिए अधिक धन आवंटित करता है, तो हम समझ सकते हैं कि कृषि क्षेत्र का थ्रूपुट बढ़ जाएगा। इसका मतलब कि कृषि क्षेत्र में निवेश करने का यह अच्छा समय होगा।

**इस वर्ष दो बजट क्यों पेश किए गए ?**

**अजय लखोटिया:** यह साल अनोखा था क्योंकि यह चुनावी साल था। सरकार जब बजट पेश करती है तो वह पूरे साल के लिए होता है। लेकिन चुनावी वर्षों में, यदि वही सरकार दोबारा नहीं चुनी गई, तो सभी पहलों का पुनर्मूल्यांकन करना होगा। नई सरकार बजट में बदलाव करेगी और विभिन्न क्षेत्रों में धन का पुनः आवंटन करेगी। इस कारण से, एक अस्थायी बजट बनाया गया जो चुनाव होने तक वैध था। अब जब चुनाव हो गया है और एनडीए सत्ता में वापस आ गई है, तो सरकार यहां से पूरे साल का बजट तय करेगी।

**बजट हमेशा शेयर बाजार में हलचल पैदा करने में कामयाब होता है। ऐसा क्यों होता है?**

**अजय लखोटिया:** शेयर बाजार वित्तीय प्रणाली में बहुत गहराई तक घुसा हुआ है। इसलिए, जब नया बजट आता है, तो यह विशेष क्षेत्रों को दिए जाने वाले करों और प्रोत्साहनों को प्रभावित करता है। किसी विशेष क्षेत्र पर सरकारी खर्च बढ़ सकता है, जिससे उच्च राजस्व और मुनाफे में भी संभावित वृद्धि हो सकती है। इससे स्टॉक की कीमतों में तेजी आती है। लेकिन इसके विपरीत भी एक सच है। उदाहरण के लिए, यदि तंबाकू पर टैक्स बढ़ता है, तो क्षेत्र का मुनाफा कम हो जाएगा और इससे शेयर की कीमतें भी नीचे आ जाएंगी।

क्या आप जानते हैं कि दलाल स्ट्रीट को हर बजट से बहुत विशिष्ट अपेक्षाएं होती हैं? यदि बजट लोकप्रिय नहीं है, तो आप देखेंगे कि सड़क शेयर बाजारों में सुधार के माध्यम से भावना को दर्शाती है। अगर बजट बहुत लोकप्रिय बजट है तो बजट की घोषणा होते ही आप अचानक शेयर बाजार को ऊपर जाते देखेंगे।

**इस साल के बजट से आम आदमी को क्या फायदा हो सकता है?**

**अजय लखोटिया:** यदि डायरेक्ट टैक्सेस में सुधार होता है, जो कि वह कर है जो आप सीधे अपनी आय पर चुकाते हैं, तो आपकी बचत बढ़ेगी। इसका कारण यह है कि आप पहले जितना टैक्स नहीं चुका रहे हैं। बढ़ी हुई बचत संभवतः अधिक खर्च को जन्म देगी। इससे जीडीपी को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। दूसरी ओर फाइनेंसियल इन्क्लूजन और बीमा क्षेत्रों पर बढ़ा हुआ आवंटन आपके स्वास्थ्य देखभाल खर्च को कम करने जा रहा है, जिससे आपकी सेविंग्स भी बढ़ेगी। फिर, अतिरिक्त पैसा या तो खर्च किया जाता है या निवेश किया जाता है।

दिलचस्प बात यह है कि अगर कैपिटल गेन्स टैक्स में कमी होती है, तो अधिक लोग फिक्स्ड डिपॉजिट के मुकाबले म्यूचुअल फंड में निवेश करना शुरू कर देंगे, जहां आपको ब्याज पर 30 फीसदी टैक्स देना पड़ता है। यदि यही तर्क स्टार्ट-अप इकोसिस्टम तक बढ़ाया जाता है, तब दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कम हो जाता है, तो बहुत सारे स्टार्ट-अप भारत में अपना मुख्यालय स्थापित करना शुरू कर देंगे। अभी, वे केवल एक ही कारण से सिंगापुर या अमेरिका में अपने मुख्यालय का पंजीकरण कराते हैं- अपने पूंजीगत लाभ कर (कैपिटल गेन्स टैक्स) के बोझ को कम करने के लिए।

**बजट के बाद रक्षा और रेलवे हमेशा सबसे अधिक चर्चित क्षेत्रों में से एक रहे हैं। क्या आपको लगता है कि ये इस साल भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे?**

**अजय लखोटिया:** रक्षा और रेलवे पिछली कुछ तिमाहियो में बेहतर प्रदर्शन कर रहे थे क्योंकि अंतरिम बजट ने दोनों क्षेत्रों को भारी प्रोत्साहन दिया था। सरकार उसी एजेंडे के साथ वापस आई है। इसलिए रक्षा और रेलवे को जिस तरह की सब्सिडी और टैक्स लाभ दिया गया था, वह इस बजट के बाद भी जारी रहना चाहिए। मेरा मानना है कि दोनों क्षेत्र कम से कम अगली कुछ तिमाहियों तक बाजार से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इनके अलावा, मुझे लगता है कि बैंकिंग और वित्त को केंद्र में रखना चाहिए, क्योंकि जब भी अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से बढ़ रही होती है, तो सबसे पहले बढ़ने वाला क्षेत्र बैंकिंग और वित्त क्षेत्र होता है।




**नए निवेशक इस बजट से अच्छा मुनाफा कैसे कमा सकते हैं?**

**अजय लखोटिया:** सबसे पहले यह समझने की कोशिश करें कि सरकार कहां खर्च कर रही है। दूसरा, यह जानना महत्वपूर्ण है कि विभिन्न क्षेत्रों को किस प्रकार का प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। तीसरा, यह देखें कि कुछ क्षेत्रों को किस प्रकार के कर लाभ दिए जा रहे हैं। एक बार जब आप इसे समझ जाते हैं, तो टॉप डाउन अप्रोच का दृष्टिकोण अपनाएं और उन क्षेत्रों की पहचान करें जिन्हें विकास करना चाहिए और कुछ अच्छी कंपनियों को देखें जो अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। अगले दो वर्षों के लिए उस कंपनी के एप्रोच का एनालिसिस करें, एनालिसिस रिपोर्ट में क्या कह रहे हैं उसका असेसमेंट करें और फिर निवेश करें। यह भी याद रखें कि जब आप निवेश कर रहे हों तो हमेशा स्टॉप लॉस लगाएं।

**इस आगामी बजट से पहले आपका अपना पोर्टफोलियो कैसे बदल रहा है? आप किन क्षेत्रों को लेकर उत्साहित हैं?**

**अजय लखोटिया:** स्टॉक टिप्स के पीछे न जाएं या टेलीग्राम या व्हाट्सएप ग्रुप्स के शिकार न बनें, जहां आपको ऐसे स्टॉक सुझाए जाते हैं जो एक महीने में दोगुने हो जाएंगे। संभवतः आपको धन की हानि होगी।

आपको केवल सेबी पंजीकृत सलाहकारों को फॉलो करना चाहिए, जो उनके द्वारा सुझाए गए बाजार, क्षेत्रों और शेयरों को समझने के लिए समय निवेश करते हैं और व्यापक शोध करते हैं।

मैं व्यक्तिगत रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर, बैंकिंग, रेलवे और रक्षा को लेकर बहुत आशावान हूं। इसलिए आईआरसीटीसी, वीएनएल, एचएएल, एलएंडटी, आईसीआईसीआई और एक्सिस मेरी व्यक्तिगत पसंद बने हुए हैं। लेकिन आपको केवल अपनी जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर ही रिसर्च और सिलेक्शन करना चाहिए।

(स्टॉकग्रो के संस्थापक अजय लखोटिया से बातचीत पर आधारित)
(वित्तीय निवेश से पूर्व स्वयं समीक्षा अवश्य करें)

स्टॉकग्रो के साथ इन्वेस्टमेंट सीखने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

SAMSUNG

# Galaxy Z Flip6

## Galaxy AI is here



New features of Galaxy Z Flip6 | 50MP Flagship Camera | 4000mAh Battery | First ever Vapor Chamber on Z Flip | Galaxy AI

# Last chance to pre-order at ₹ 47999**

| | |
|---|---|
| Retail price of Galaxy Z Flip6 (256 GB) | ₹ 109999# |
| Exchange value of old device | ₹ 47000~ |
| Upgrade bonus | ₹ 15000^ |
| Effective price | ₹ 47999** |

0 Down payment | 24 Months no cost EMI^^

Per month EMI ₹ 4250~~

+

Galaxy Z Assurance

Ultimate innovation. Ultimate peace of mind.

**Get Galaxy Z Assurance**

Complete device protection twice in a year, worth ₹ 9999*

Samsung Care+ | Samsung Upgrade | HDFC BANK | BAJAJ FINSERV | Samsung Finance+™

Offer ends today, July 23, 2024

samsung.com

Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 180057267664 for information on e-waste/plastic waste.

Image simulated for illustrative purpose only. Actual UX/UI may differ. Color subject to availability. Flex mode is supported at angles between 75° and 115°. Actual battery performance may vary with different operating conditions and applications. Samsung login is required for certain AI features. Samsung does not make any promises, assurances or guarantees as to the accuracy, completeness or reliability of the output provided by AI features. Samsung promotes responsible use of AI features. Offer may be revised or withdrawn. **Offer price shown above is upon pre-order of 1 unit of Galaxy Z Flip6 12GB|256GB, shown inclusive of exchange value of old device and upgrade bonus. Final price at sole discretion of dealer. #Retail price shown for 1 unit of Galaxy Z Flip6 12GB|256GB. Price is inclusive of taxes. ~Approximate value on exchange of 1 unit of Galaxy Z Flip5 8GB|256GB. Exchange value varies basis model and condition of old device. Exchange at discretion of retailer. ^Upgrade bonus provided by brand at its sole discretion, upon exchange of select smartphones. Upgrade bonus may vary basis the device exchanged. Exchange at the discretion of dealer and exchange value varies basis model and condition of old device. Upgrade bonus and bank cashback cannot be clubbed. ^^Eligibility of EMI at sole discretion of financiers including those listed on Samsung Finance+ (Financier T&C applies). Samsung disclaims any liabilities thereof. ~~EMI computed on zero down payment, 24 months no cost EMI on the price of ₹ 101999 for 1 unit of Galaxy Z Flip6 12GB|256GB (inclusive of ₹ 8000 bank cashback). Bank cashback provided by HDFC bank at its sole discretion. *Samsung Care+ T&C apply. 1 unit of Samsung Care+ Accidental Damage & Liquid Damage Plan worth ₹ 9999 available at ₹ 999, only when purchased with Galaxy Z Flip6, subject to pre-order. Customers eligible for 2 claims under Accidental Damage & Liquid Damage Plan within one year of plan activation date, as per the applicable terms of Samsung Care+. Reach out to dealer for more details. All third party logos/brands are trademarks of the respective brand/company.

Scan and experience Galaxy AI

Or WhatsApp "Hi" to 9870 494949 to pre-order at Samsung Exclusive Store

Cheil-21508/24